e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 46
रविवार
16.02.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

सुविचार
सेल्फी नहीं किसी का दर्द खिंच सको तो कुछ बात बने!

ताजा खबरों के लिए देखें
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### केरल व तमिलनाडु के बाद राजस्थान में देखने को मिली नई प्रजाति आयोकोमा आरबोरसेन्स

**उदयपुर :** समृद्ध जैव विविधता वाले राजस्थान के सिरोही जिले में माउन्ट क्षेत्र में आयोकोमा आरबोरसेन्स नामक पौधे की प्रजाति की उपस्थिति दर्ज हुई है। यह नई खोज उदयपुर के पर्यावरण विशेषज्ञ एवं सेवानिवृत वन अधिकारी डॉ. सतीश कुमार शर्मा एवं फाउन्डेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी के फील्ड इकोलॉजिस्ट डॉ. अनिल सरसवन ने की है। डॉ. शर्मा ने बताया कि यह एक वानस्पतिक मूल की सदस्य है जो सोलेनेसो यानी टमाटर कुल की है। इस झाड़ी में एकान्तरित, सरल व बड़ी पत्तियां विद्यमान रहती हैं। इसमें अप्रेल में पत्तियों की कक्ष में गुच्छों में हरे-सफेद रंग के फूल लगते हैं। उन्होंने बताया कि अप्रेल-मई में छोटे-छोटे गोलाकार फल गुच्छों में लगते हैं। पकने पर यह फल नारंगी हो जाता है। यह एक विदेशी प्रजाति का पौधा है। यह झाड़ी माउन्ट आबू नगर एवं अभयारण्य में जगह-जगह विद्यमान है। अभी तक यह प्रजाति केवल केरल व तमिलनाडु में देखी गई थी। राजस्थान देश का तीसरा राज्य है जहां यह प्रजाति देखने को मिली है। इस प्रजाति संबंधी अनुसंधान पत्र इन्टरनेशनल जर्नल कॉफ साइन्टिफिक रिसर्च इन बायोलॉजिकल साइंस के खण्ड ।। के अंक 6 में प्रकाशित हुआ है। डॉ. शर्मा और डॉ. सरसवन की इस खोज पर स्थानीय पर्यावरण प्रेमियों ने खुशी जताई है।

### पति ने फरसे से पत्नी का गला काटकर उतारा मौत के घाट

**हरदोई :** टड़ियावां थाना क्षेत्र के रावल गांव में एक सनकी पति ने मामूली विवाद पर पत्नी को फरसा से काटकर निर्मम हत्या कर दी। इस दर्दनाक घटना से परिजनों में कोहराम मच गया और ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना रहा। शनिवार की शाम टड़ियावां थानाक्षेत्र के रावल गांव में पति ज्ञानेंद्र ने अपनी पत्नी 24 वर्षीय कीर्ति की फरसे से गला पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने हत्यारे पति को हिरासत में ले लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक नृपेंद्र के अनुसार कीर्ति की शादी दो वर्ष पूर्व हुई थी। मायका थानाक्षेत्र के ही लहराई गांव में है। विवाहिता के पिता का नाम सूरज प्रसाद है। मौके पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंची है। घटना की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

### हथियार के साथ पांच अपराधी गिरफ्तार

**लातेहार :** जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के बुकरू गांव के पास पुलिस ने छापेमारी कर पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। अपराधियों के पास से एक देशी पिस्तौल और जिंदा गोली भी बरामद हुई है। गिरफ्तार अपराधियों में बालूमाथ निवासी मोहन गंझु, सागर तुरी, चंदवा निवासी कुलदीप गंझु, चंदू, रांची निवासी लक्ष्मण गंझू शामिल है। शनिवार को प्रेस वार्ता करते हुए बालूमाथ डीएसपी विनोद रवानी ने बताया कि लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि शोषण मुक्ति संगठन नाम के आपराधिक संगठन बनाकर कुछ अपराधियों के द्वारा ठेकेदारों और ईंट भट्ठा संचालकों से रंगदारी की मांग की जा रही है । इसी बीच पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि सभी अपराधी बालूमाथ के बुकरू गांव के पास जमे हुए हैं और किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना के बाद इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ और थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाई और सभी पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से एक हथियार और जिंदा गोली भी बरामद किया ।साथ ही जिस मोबाइल से लेवी के लिए धमकी दी जाती थी, उस मोबाइल को भी जब्त किया गया । डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में से कुछ का आपराधिक इतिहास भी रहा है।

### सेना की तत्परता से टेंगा बाजार अग्निकांड में कई जानें व संपत्ति बची

**पश्चिम कामेंग (अरुणाचल प्रदेश) :** भारतीय सेना की गजराज कोर ने एक बार फिर अपने कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया, जब शनिवार तड़के 4 बजे पश्चिम कामेंग जिले के टेंगा बाजार में भीषण आग लग गई। यह बाजार तेजपुर-तवांग हाईवे पर स्थित है। सेना के जवान तुरंत हरकत में आए और दमकल वाहनों के साथ मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। उनकी त्वरित और समन्वित कार्रवाई से न केवल आग को फैलने से रोका गया, बल्कि स्थानीय निवासियों को त्वरित मानवीय सहायता भी प्रदान की गई। यह साहसिक कार्य नागरिक-सैन्य सहयोग का एक और उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसमें भारतीय सेना हमेशा संकट की घड़ी में प्रथम उत्तरदाता के रूप में तत्पर रहती है। सेना अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा, मानवीय सहायता और राष्ट्र निर्माण की प्रतिबद्धता पर अडिग रहते हुए राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने का संदेश देती है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $24^0$ |
| न्युनतम | $13^0$ |

बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली के मौके पर आयोजित समारोह में शामिल हुयी राष्ट्रपति

# बीआईटी मेसरा के समृद्ध विरासत पर गर्व है : राष्ट्रपति

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी यानी बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली के मौके पर आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मंत्री सुदिव्य कुमार के अलावा बड़ी संख्या में शैक्षणिक जगत से जुड़े लोग, कॉलेज छात्र समेत अन्य गणमान्य अतिथि शामिल हुए.राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बीआईटी मेसरा के शैक्षणिक सफर की सराहना करते हुए बधाई दी. उन्होंने कहा कि बीआईटी मेसरा ने 70 साल पूरे कर लिए हैं. इसके समृद्ध विरासत पर गर्व है. केंद्र सरकार उच्च शिक्षा में एआई के प्रति गंभीर है. उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं का उत्साह और प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण साबित होगी. हमारी बेटियां विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में पीछे नहीं है.राष्ट्रपति ने कहा कि चूंकि प्रौद्योगिकी समाज में बड़े व्यवधान पैदा करती है, इसलिए हमें हाशिए पर पड़े समूहों पर इसके प्रभाव के बारे में चिंतित रहना चाहिए। जो महान अवसर पैदा किए जा रहे हैं, वे सभी के लिए उपलब्ध होने चाहिए, जो महान परिवर्तन लाए जा रहे हैं, उनसे सभी को लाभ होना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि अक्सर हमारे आसपास की समस्याओं के लिए किसी बड़े तकनीकी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होती है। युवा छोटे और पारंपरिक समाधान को भी ना भूलें बल्कि उसे भी आजमाने की जरूरत है। युवा छोटे पैमाने के पारंपरिक समाधानों के महत्व को न भूलने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नवोन्मेषकों और उद्यमियों को पारंपरिक समुदायों के ज्ञान के आधार को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि प्लेटिनम जुबली इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी और संबद्ध क्षेत्रों में शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में बीआईटी मेसरा के योगदान का जश्न मनाने और सम्मान करने का एक उपयुक्त अवसर है। मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म का स्वागत करते हुए कहा कि जिस तरह से आपने 6 वर्षों से अधिक समय तक झारखंड के राज्यपाल के पद को सुशोभित किया और पीपुल्स गवर्नर के रूप में आपकी कार्यशैली और जन सेवा की भावना रही, झारखंड के जनमानस में गहरी छाप आपने छोड़ी है. जब से आपके झारखंड आगमन की सूचना मिली है तब से राज्यवासियों में उत्साह एवं हर्ष का माहौल है.



### राज्यपाल ने बीआईटी मेसरा के कार्यों की सराहना की

राज्यपाल संतोष गंगवार ने बीआईटी मेसरा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इंजीनियरिंग विषयों और कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने की समृद्ध विरासत के साथ यह एक प्रतिष्ठित प्रौद्योगिकी संस्थान है, जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नए आयाम को जोड़ने का काम करता है. राज्यपाल ने कहा कि 1955 में बीआईटी मेसरा की स्थापना इस संस्थान के दूरदर्शी संस्थापक बीएम बिरला जी की एक बहुत ही प्रशंसनीय पहल थी, जिन्होंने इस देश के विकास के लिए इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के महत्व को सही ढंग से समझा. इस मौके पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने भी संबोधित करते हुए बीआईटी मेसरा के शैक्षणिक सफर की सराहना की.

### राष्ट्रपति ने बीआईटी मेसरा में प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

प्लेटिनम जुबली के मौके पर बीआईटी मेसरा पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 70 वर्षों के शैक्षणिक सफर पर लगाए गए प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया. इस अवसर पर राष्ट्रपति ने साइंस एवं टेक्नोलॉजी आधारित प्रदर्शनी का निरीक्षण किया और बीआईटी मेसरा के छात्रों के साथ बातचीत भी की. प्रदर्शनी में स्पेस एंड रॉकेट इंजीनियरिंग सहित विभिन्न विषयों पर बीट के द्वारा किए गए कार्यों को दर्शाया गया था, जिसे जानकर राष्ट्रपति काफी प्रभावित हुई. इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति के द्वारा न केवल बीआईटी मेसरा का स्मार पत्र जारी किया गया बल्कि पौधारोपण कर इस अवसर को यादगार बनाने की कोशिश भी की गई.

छत्तीसगढ़ से महाकुंभ जाने के क्रम में प्रयागराज में हुआ भीषण हादसा

# 10 श्रद्धालुओं की हुई मौत



एजेंसी

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ।इस हादसे में दस श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। जबकि 19 घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। दर्दनाक हादसा कैसे हुआ, पुलिस ने इसकी जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में नींद की झपकी आना बताई जा रही है। प्रयागराज में शुक्रवार की रात लगभग दो बजे यह बड़ा हादसा हुआ। श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो और श्रद्धालुओं से ही भरी बस के बीच भीषण टक्कर होने से यह सड़क हादसा हुआ। जिस समय हादसा हुआ, उस वक्त बस और बोलेरो में सवार लोग गहरी नींद में थे। जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से श्रद्धालुओं को लेकर महाकुंभ में स्नान कराने के लिए आ रही एक बोलेरो प्रयागराज के मेजा थाना इलाके में पहुंचते ही मिर्जापुर-प्रयागराज हाईवे पर मनु के पूरा गांव के सामने बेकाबू हो गई। बेलेरो की सामने से आ रही एक बस से भीषण टकर हो गई। हादसे में बोलेरो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। बोलेरो में सवार सभी दस श्रद्धालुओं ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बोलेरो में श्रद्धालु बुरी तरह से फंस गए थे।

**घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जेसीबी बुलाकर बोलेरो में फंसे लाशों को बाहर निकाला गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।**

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जेसीबी बुलाकर बोलेरो में फंसे लाशों को बाहर निकाला गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार बोलेरो से टकराने वाली बस भी महाकुंभ से श्रद्धालुओं को स्नान कराकर लौट रही थी। बस में सवार सभी श्रद्धालु मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के रहने वाले हैं।जिलाधिकारी ने बताया कि मेजा में प्रयागराज मिर्जापुर हाईवे पर शुक्रवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसे में 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। यहां श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो और बस में आमने-सामने से भिड़ंत हुई है।उन्होंने बताया कि बोलेरो सवार सभी 10 श्रद्धालुओं ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

## महाराष्ट्र लव जिहाद के खिलाफ कानून लाने की तैयारी में, 7 मेंबर्स का बनाया गया पैनल



एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र की भाजपा सरकार ने लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण जैसे मामलों के खिलाफ कानून बनाने के लिए 7 सदस्यीय कमेटी बनाई है। कमेटी महाराष्ट्र के ष्ठत्रक्क संजय वर्मा की अध्यक्षता में बनाई गई है। पैनल में महिला एवं बाल कल्याण, अल्पसंख्यक मामले, कानून एवं न्यायपालिका, सामाजिक न्याय, विशेष सहायता और गृह जैसे प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल किए गए हैं। कमेटी जबरन धर्मांतरण और लव जिहाद की मामले में शिकायतों को कैसे निपटाया जाए, यह सुझाव देगी। इसके अलावा यह दूसरे राज्यों में लागू कानूनों की स्टडी करेगी और इस आधार पर कानूनी सलाह देगी। महाराष्ट्र की रहने वाली श्रद्धा वाकर की उसके बॉयफ्रेंड आफताब पूनावाला ने 2022 में दिल्ली में हत्या कर शव के टुकड़े कर दिए थे। भाजपा ने इस मामले के बाद राज्य में लव जिहाद का मुद्दा उठाया था। महाराष्ट्र में विपक्षी पार्टी शरद पवार की लीडर सुप्रिया सुले ने कहा- शादी या प्रेम निजी इच्छा है। मैं सरकार से निवेदन करती हूं कि यह असल मुद्दों पर ध्यान दें। मोदी जी अभी अमेरिका से वापस लौटे हैं। अमेरिका ने हम पर नए टैरिफ लगा दिए हैं, जिसका प्रभाव हमारे देश पर पड़ेगा। ऐसे मामलों पर ध्यान देना चाहिए। अक्टूबर, 2024 में तत्कालीन उप मुख्यमंत्री और वर्तमान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था- एक दशक पहले हम सोचते थे कि लव जिहाद की बात इक्का-दुक्का घटना है, लेकिन एक लाख से अधिक शिकायतें मिली हैं। इनमें हिंदू महिलाओं को दूसरे धर्मों के पुरुषों के साथ भागकर शादी करने का झांसा दिया गया।

## संगम में 19 को डुबकी लगाएंगे कांग्रेसी राहुल के भी प्रयागराज पहुंचने की उम्मीद

एजेंसी

**लखनऊ।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व अन्य नेता 19 फरवरी को महाकुंभ में जाएंगे। कांग्रेसियों का दल संगम में डुबकी लगाएगा। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के भी प्रयागराज पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि पार्टी ने इसकी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। इससे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने दो बार प्रयागराज जाने का अपना कार्यक्रम घोषित किया था पर महाकुंभ में अधिक भीड़भाड़ व जाम की वजह से कार्यक्रम रद कर दिये गए थे। महाकुंभ में भगदड़ की घटना के बाद कांग्रेस नेताओं ने मेला प्रशासन का सहयोग करने का हवाला देकर अपना कार्यक्रम निरस्त किया था। पार्टी मुख्यालय ने 19 फरवरी की सुबह कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता बस से प्रयागराज के लिए रवाना होंगे। प्रदेश अध्यक्ष महाकुंभ मेला क्षेत्र में कांग्रेस सेवादल के शिविर में भी जाएंगे।



**हर जिले में यात्रा निकालकर किसानों के मुद्दे उठाएगी कांग्रेस**

वहीं दूसरी ओर, कांग्रेस किसानों के मुद्दे उठाकर उनके बीच अपनी पैठ बढ़ाने का प्रयास करेगी। आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस ने इसके लिए हर जिले में किसान-मजदूर सम्मान व न्याय यात्रा निकालने की योजना बनाई है। पहले यह यात्रा 18 जनवरी से प्रस्तावित थी, जिसे महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए स्थगित कर दिया गया था। पार्टी अब 20 फरवरी को गाजियाबाद के मंडोला चौक से यात्रा की शुरुआत करेगी जिसमें प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत अन्य नेता मौजूद रहेंगे। अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला के अनुसार यात्रा के दौरान सभी जिलों में 300 किसान न्याय योद्धा बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। यात्रा के माध्यम से हर जिले में स्थानीय किसानों को जुटाकर एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) की कानूनी गारंटी, किसानों की कर्ज माफी, सीलिंग से बची भूमि का न्याय पूर्ण वितरण, खाद-बीज व उर्वरकों पर सब्सिडी, सिंचाई के लिए बिजली आपूर्ति, निराश्रित पशुओं से फसलों को बचाने व किसानों के अन्य क्षेत्रीय मुद्दों को उठाया जाएगा। मुख्य लक्ष्य किसानों को पार्टी की नीतियों से जोड़ना व उनकी समस्याओं को लेकर आंदोलन की रणनीति तय करना होगा। हर जिले में वरिष्ठ किसानों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान भी किया जाएगा। इसके साथ ही किसानों के बीच जाकर अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा भी बनाई जा रही है।हर जिले में किसान कांग्रेस के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ ही पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को संयोजक बनाया जा रहा है। प्रत्येक जिले में पांच से छह किलोमीटर की यात्रा होगी। किसानों के माध्यम से ही श्रमिकों के मुद्दों को भी उठाने का प्रयास होगा। कांग्रेस अन्य वर्गों के साथ खासकर किसानों के बीच अपनी पहुंच बढ़ाने के प्रयास में है।

## ब्रिटेन के पूर्व पीएम ऋषि सुनक ने ताजमहल का किया दीदार

एजेंसी

**लखनऊ :** ब्रिटेन के पूर्व पीएम ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता नारायण मूर्ति दो दिवसीय दौरे पर भारत आए हैं. ऋषि सुनक अपनी पत्नी के साथ शनिवार को स्पेशल फ्लाइट से आगरा पहुंचे. यहां उन्होंने डेलीगेशन के साथ कड़ी सुरक्षा में ताजमहल का दीदार किया. उनके पहुंचते ही सुरक्षाकर्मी अलर्ट हो गए और बाहरी लोगों को ताजमहल के अंदर जाने पर रोक लगा दी



गई.ऋषि सुनक और उनकी पत्नी का ताजमहल देखने का कार्यक्रम रविवार सुबह का था, लेकिन अचानक उनके कार्यकम में बदलाव हुआ. ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता नारायण मूर्ति दोनों भारतीय संस्कृति और भारत से गहरा लगाव रखते हैं. अक्षता नारायण मूर्ति इन्फोसिस के फाउंडर एनआर नारायण मूर्ति और प्रसिद्ध समाजसेवी सुधा मूर्ति की बेटी हैं. इससे पहले जब जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए भारत के दौरे पर आए ऋषि सुनक ने पत्नी अक्षता मूर्ति के साथ दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर का दौरा किया था. दोनों ने यहां की पवित्र छवियों, कला और वास्तुकला की प्रशंसा की थी. दंपति ने श्री नीलकंठ वर्णी महाराज की मूर्ति पर अभिषेक और (जल चढ़ाना) भी किया और विश्व शांति, प्रगति और सद्भाव के लिए प्रार्थना की. कंजर्वेटिव पार्टी के नेता ऋषि सुनक को पिछले साल ब्रिटेन आम चुनाव में लेबर पार्टी के कीर स्टारमर से हार का सामना करना पड़ा था.

## न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक के जीएम 122 करोड़ रुपये के गबन के आरोप गिरफ्तार

एजेंसी

**मुंबई :** न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक घोटाला मामले में अहम अपडेट सामने आया है। बैंक के महाप्रबंधक हितेश मेहता को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुंबई की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 122 करोड़ रुपये के गबन के आरोप में हितेश मेहता को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि उन्हें रविवार को अदालत में पेश किया जाएगा। ईओडब्ल्यू के समन पर हितेश मेहता शनिवार को उसके दफ्तर पहुंचे थे, वहां काफी देर तक चली पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में बैंक कर्मचारियों ने खुद पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इसके बाद मेहता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। घोटाले की जांच आर्थिक अपराध शाखा को सौंप दी गई है। इससे पहले ईओडब्ल्यू के डीसीपी मंगेश शिंदे ने शनिवार को बताया था कि न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) देवर्षि शिशिर कुमार घोष ने मुंबई के दादर थाने में हितेश मेहता के खिलाफ एक शिकायत दर्ज कराई थी।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# पुलवामा हमले के छठी वर्षी पर पर्यावरणविद ने उड़ीसा व झारखंड के विद्यालयों में पौधरोपण कर शहीदों को किया नमन

## सेना से सरहद और वनों से ब्रह्मांड की होती है सुरक्षा : डॉ. कौशल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने पुलवामा हमले में शहीदों के छठी बरसी पर उड़ीसा के बंडा मुंडा केंद्रीय विद्यालय व लातेहार के गारु स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ शहीदों के नाम थाईलैंड प्रजाति के आम के पौधे लगाते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। इस क्रम में उन्होंने स्कूल के सभी शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन व पौधा रोपण कर किया गया जबकि समापन वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया गया। वनराखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल ने कहा कि देश की रक्षा में सेना और धरती और ब्रह्मांड की सुरक्षा में वनों का अहम योगदान होते हैं। इसलिए दोनों ही पूजनीय है। जिसके नाम पर पौधारोपण कर उन्हें याद किया गया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन रोकना है तो वनों को आग से बचाना होगा और किसानों को वृक्ष की खेती भी करनी होगी। तभी हम पर्यावरण व प्रकृति की रक्षा करने में कामयाब हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि वृक्ष खेती को अकाल व सुखाड़ का भय नहीं होता। पौधे किसानों के लिए उनके जीवन में फिक्सड डिपॉजिट का काम करता है। जिससे उनकी आर्थिक हालातों में भी सुधार आता है और दूसरी तरफ पर्यावरण व प्रकृति की भी सुरक्षा सुनिश्चित हो जाती है। प्रिंसिपल अमरपाल सिंह बराड़ व करोनोलिया ने कहा कि पर्यावरणविद डॉ कौशल के द्वारा इसके पहले भी उनके विद्यालय में पौधे लगाए गए है जो आज बड़े होकर फल फूल दरहें हैं। प्रिंसिपल ने पर्यावरणविद के कार्यो की काफी सराहना की। विद्यालय प्रबंधन की ओर से पर्यावरणविद को पुनः आने का आमंत्रण भी दिया गया। मौके पर कस्तूरबा विद्यालय के वार्डेन संगीता मंजुला टोप्पो, रेशमा लकड़ा, संजीत मिंज, विनीता कुमारी समेत प्रमुख लोग शामिल थे।

# डॉ. भीम राव अंबेडकर जागृत क्लब ने संत रविदास जयंती पर निकाला शोभा यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** डॉ. भीम राव अम्बेडकर जागृति क्लब द्वारा शनिवार को पंजरी कला पंचायत में संत शिरोमणि रविदास जयंती के उपलक्ष्य में भव्य शोभा यात्रा निकाला गया. शोभा यात्रा की शुरुआत संत रविदास के पूजा स्थल से हुआ.पंचायत भ्रमण के बाद कोयल तट पर प्रतिमा विसर्जन के साथ शोभा यात्रा का समापन हुआ.शोभा यात्रा में शामिल कांग्रेस के पूर्व विस प्रत्यासी सुधीर चंद्रवंशी ने संत शिरोमणि रविदास के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला.कहा कि संत रविदास का पूरा जीवन ही प्रेरणादायी है. उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं. शोभा यात्रा में जागृति क्लब के अध्यक्ष पंकज रवि, सचिव विकास कुमार राम, नवगड़ा ओपी प्रभारी अनिल यादव, सोनू सिंह, विमलेश्वर सिंह, समन पासवान, रविंद्र साव, शिवनाथ पासवान, सच्चितानंद मिश्रा, श्यामणरायण पासवान, नंदकिशोर चंद्रवंशी, सागर चंद्रवंशी, महेश चंद्रवंशी, बलवंत कुमार, गौतम कुमार, बिन्दु राम, विक्रमा राम सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुये।

# मिलिनियम पब्लिक स्कूल का पूर्व छात्र नेशनल ट्रैक साइकलिंग में भारतीय टीम का करेगा प्रतिनिधित्व



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एशियाई चैंपियनशिप प्रतियोगिता में शामिल होने के लिये मिलिनियम पब्लिक स्कूल का पूर्व छात्र आमिर रेयाज मलेशिया के लिये रवाना हुआ। आगामी 21 फरवरी से 27 फरवरी तक मलेशिया के नीलाईनिगिरी में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप प्रतियोगिता में सीबीएसई प्लस टू से मान्यता प्राप्त मिलिनियम पब्लिक स्कूल का पूर्व छात्र आमिर रेयाज नेशनल ट्रेक साइकलिंग में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेगा।जानकारी देते हुए विद्यालय के निदेशक मुमताज राही ने बताया कि विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र एवं छात्राओं के लिए मिशन ओलंपिक के तहत विभिन्न खेल के प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। आज उसी का परिणाम है कि झारखंड का पिछड़ा जिला होने के बावजूद भी गढ़वा जिला के श्री बंशीधर नगर का छात्र आज भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर रहा है. आमिर रेयाज के भारतीय टीम में चयन होने पर विद्यालय निदेशक मुमताज राही, चेयरपर्सन नूरजहाँ बेगम, प्रशिक्षक रामप्रवेश तिवारी, नागेंद्र प्रसाद सिंह, असगर अली अंसारी, मनोज कुमार, रोहित राम, प्रवेश राम, श्रीकांत प्रसाद श्रीवास्तव, धीरज कुमार, जयप्रकाश, अर्पण, माया, निकिता, कौशर, किरण सहित पूरा विद्यालय परिवार प्रतियोगिता में जीत के लिये आमिर रेयाज को अग्रिम बधाई दिया है।

# स्कूल प्रबंधन की लापरवाही से छात्रा का नहीं आया एडमिटकार्ड, परीक्षा देने से हो गयी वंचित



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्कूल प्रबंधन की लापरवाही से बारहवीं की एक छात्रा का एडमिट कार्ड नहीं आया. जिसके कारण छात्रा अब परीक्षा देने से वंचित हो गयी.मामला बिश्रामपुर +2 जनता उच्च विद्यालय का है.इस संबंध में छात्रा की मां पूनम देवी ने पलामू उपयुक्त व जिला शिक्षा पदाधिकारी को एक आवेदन भी दिया है. जिसमें पूनम देवी ने कहा है कि मेरी पुत्री गीताजंली कंचन आर के +2 जनता उच्च विद्यालय में बारहवीं के रजिस्ट्रेशन के लिये सारा कागजात शुल्क सहित जमा की थी. लेकिन स्कूल प्रबंधन ने उसका ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन फॉर्म नहीं भरा. जिसके कारण उसका परीक्षा प्रवेश पत्र ही नहीं आया. बगैर एडमिट कार्ड के वह परीक्षा में शामिल नहीं हो सकती है. अब गीताजंली कंचन का शैक्षणिक सत्र एक वर्ष पीछे हो गया. परीक्षा देने के लिये पिछले एक वर्ष से वह कठिन परिश्रम कर रही थी. परीक्षा में शामिल नहीं होने की खबर से गीताजंली मानसिक तनाव से गुजर रही है. उन्होंने पलामू उपयुक्त व जिला शिक्षा पदाधिकारी से उसक परीक्षा प्रवेश पत्र जारी कराने का आग्रह किया है. ताकि उसक एक वर्ष बर्बाद होने से बच जाये.इसके अलावा उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य सहित सभी दोषियों पर जांचोपरांत कठोर कार्रवाई की मांग भी की है.इधर पत्रकारों से बात करते हुये गीताजंली कंचन की मां पूनम देवी ने दावा किया कि मैट्रिक व इंटर के दर्जनभर छात्र - छात्राओं का परीक्षा प्रवेश पत्र स्कूल प्रबंधन की लापरवाही से नहीं आया है. इस संबंध में पूछे जाने पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ भोला राय ने कहा कि गीताजंली कंचन ने परीक्षा फॉर्म ही नहीं भरा है तो एडमिट कार्ड कहां से आयेगा. समय पर फॉर्म भरने वाले सभी का परीक्षा प्रवेश पत्र आया था, जिसे विद्यार्थियों को दे दिया गया है।

# जेसीएम छात्र संगठन से एसडीएम सुलोचना मीना ने किया मुलाकात

## विद्यार्थी बीएड की परीक्षा तिथि आगे बढ़ाने की कर रहे मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू-नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में सौतेला व्यवहार को लेकर एनपीयू विश्वविद्यालय में जेसीएम छात्र संगठन ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जेसीएम छात्र नेता कौशल किशोर ने आरोप लगाया कि पीजी, स्नातक, जेनरिक बैकलॉग के विद्यार्थियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है, और बीएड सत्र 2022- 24 का फाइनल सेमेस्टर की परीक्षा आयोजित की जा रही है, जबकि विश्वविद्यालय में पीजी सत्र 2024-26 का नामांकन विश्वविद्यालय के उदासीन रवैया के कारण अभी तक नही हुआ है जिसको लेकर छात्र संगठन आए दिन आंदोलन करते रह रहे हैं उस मौन साथ ली गई है। एसडीएम सुलोचना मीना, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक के मौजूदगी में वार्ता किया गया और जल्द रिजल्ट जारी कराने का आश्वासन दिया गया है मौके पर, सुमित पाठक, फ़ैज़ल, सौरभ किसलय, ओम मिश्रा, रोहित पाण्डेय, अवध, आशीष कुमार ठाकुर, रिशु दुबे, आदि कई छात्र उपस्थित थे।

# शॉट सर्किट से घर में लगी आग, आभूषण सहित तीन लाख की सम्पति जलकर राख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा गांव निवासी सुखाड़ी पाल के मकान में शार्ट सर्किट से आग लग जाने से घर में रखे सभी सामग्री सहित पुरा मकान जल कर राख हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार को लगभग साढ़े छः बजे का बताया जा रहा है। बताते चले की सुखाड़ी पाल लाइट जलानें को लेकर अपने मकान में बिजली का तार खिंच रखा था। उसी बिजली से लाइट व मोबाइल चार्ज किया करता था। लेकिन अचानक गुरुवार को तार में शॉर्ट सर्किट हो जाने के कारण मकान में आग लग गया। इस दौरान मकान मालिक सुखाड़ी पाल दैनिक मजदूरी करने करने गया हुआ था। घर के सभी परिजन सगमा में लगने वाली सप्ताहिक बाजार करने चले गये थे। पड़ोसियों ने देखा कि सुखाड़ी पाल के मकान से धुंआ निकल रहा है और धू -धू कर जल रहा है। तब लोगो ने जब शोर मचाया तो लोग इकट्ठा हो कर आग बुझाने का प्रयास करते तब तक पुरा मकान जल कर राख हो गया। इधर भुक्तभोगी सुखाड़ी पाल ने बताया कि मकान में रखे हुये दो लाख नगद कैस,गहना सहित लगभग तीन लाख का सामग्री जल कर राख हो गया।भुक्तभोगी ने सहयोग की मांग किया है।

# छुआछूत व अज्ञानता के खिलाफ संत शिरोमणि रैदास ने किया था संघर्ष : रामलाल राम

**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती नौड़ीहा बाजार थाना के अंतर्गत ग्राम इमलियाटांड में जन जागृति मंच के बैनर तले संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के 648 वीं जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। मौके पर सेवा निवृत डीएसपी रामलाल राम, बसपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण राम, नौड़ीहा बाजार थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी, बसपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार यादव,रविदास विकास समिति के अध्यक्ष सह प्रधानाध्यापक रामगोविन्द राम के अलावा पत्रकार विश्वप्रेम कुमार, पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार भारती ,भाजपायुमो के प्रखंड अध्यक्ष रौशन कुमार सिंह, पंसस विजय कुमार सिंह, कॉग्रेस दलित प्रकोष्ट के प्रखंड अध्यक्ष नितीश कुमार ,बसपा प्रखंड अध्यक्ष अनुज कुमार ने संयुक्त रूप से उनकी चित्रों पर दीप प्रज्वलित एवं मालयार्पण कर कार्यक्रम की शुरआत की गई। उक्त मौके पर सेवा निवृत डीएसपी रामलाल राम व थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक रामनन्दन राम व सफल संचालन जन जागृति मंच के अध्यक्ष सह समाज सेवी अजय कुमार ने किया। कार्यक्रम के सम्बोधन सेवा निवृत डीएसपी रामलाल राम,थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ,बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण राम, रविदास विकास समिति के अध्यक्ष रामगोविंद राम ने संत शिरोमणि रैदास जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनकी विचार को विस्तार पूर्वक रखा। उक्त कार्यक्रम मे मिशन गायक जय किशन कुमार व सोनी सरगम ने एक से एक बढ़कर गीत संगीत के माध्यम से रात भर श्रोतागण को झूमने के लिए मजबूर कर दिया और संगीत प्रेमियों ने रात भर गीत संगीत का लुप्त उठाया। मंचासीन अतिथीगण व पत्रकार एवं समाज सेवी लोगों की जन जागृति मंच के द्वारा अंग वस्त्र व माला देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पुलिस अवर पुलिस निरीक्षक उदय कुमार यादव, सहायक पुलिस अवर निरीक्षक संजय कुमार सिंह, नागेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार राय, गुरुदत शर्मा, मिथलेश कुमार यादव, पूर्व मुखिया प्रत्याशी मिथलेश कुमार सिंह,पंसस शत्रुधन साव, चितरंजन कुमार यादव, शिक्षक् विजय कुमार सिंह,रामजीत राम शिक्षक, अर्जुन राम के अलावा जन जागृति मंच के पदाधिकारीगण एवं काफी संख्या में महिला पुरुष एवं जनता जनार्दन व संगीत प्रेमी मौजूद थे।

# झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के हुसैनाबाद ईकाई ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के हुसैनाबाद इकाई द्वारा एसडीओ गौरांग महतो के माध्यम से राज्यपाल महोदय को ज्ञापन सौंपकर पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की है।दिए गए ज्ञापन में बताया गया है किझारखंड के अलग-अलग जिले के अलग-अलग प्रखंडों से पत्रकारों के साथ बदसलूकी, मारपीट एवं फर्जी मुकदमे की खबर लगातार समाचार पत्रों एवं टीवी चैनलों के माध्यम से लगातार प्रकाशित होते रहते हैं। इसको लेकर झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन लगातार आंचलिक पत्रकारों के हित में आवाज उठाने का काम करता रहा है। पत्रकार जब किसी भ्रष्टाचार को समाज के सामने लाता है तो उन्हें अलग-अलग तरह से (फर्जी मुकदमा कर) प्रताड़ित किया जाता है।जेजेए पत्रकार संघ के लोगो ने आग्रह किया है कि छत्तीसगढ़ के तर्ज पर झारखंड में भी पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाए। जिससे पत्रकार साथी निर्भीक होकर पत्रकारिता कर सके एवं समाज को व्यवस्थित रखने में मदद कर सके। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से जितेंद्र प्रसाद, संजय ओझा, डॉ. सत्येंद्र कुमार चंदेल, धनंजय कुमार, गौतम पटेल, बिकास कुमार, अखलेश पासवान, दीपक कुमार आदि का नाम शामिल है।

# पाटन मंडल में भाजपा का कार्यशाला सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** भारतीय जनता पार्टी पाटन मंडल कार्यालय कुड़वा मोड में भाजपा का कार्यशाला आयोजित किया गया कार्यशाला का अध्यक्षता भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पाटन मंडल संगठनात्मक प्रवेश्छक परशुराम ओझा सह प्रवेचक श्यामदेव सिंह जी उपस्थित रहे। प्रवेश्छक के द्वारा सभी शक्ति केन्द्र प्रभारी नियुक्त किया गया और उन्हें बताया गया कि जल्द से जल्द सभी शक्ति केन्द्र और बूथों पर बैठक कर बूथों का चुनाव संपन्न कराए बैठक में जिला कार्यसमिति सदस्य वशिष्ठ पाण्डे, मंडल उपाध्यक्ष योगेंद्र पांडे, मंडल महामंत्री शान्ति पाण्डे, मंडल महामंत्री प्रदीप चंद्रवंशी, मंडल मंत्री पशुपति शर्मा, मंडल मंत्री पूनम देवी, मंडल कोषाध्यक्ष रविनाथ साव ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राधेश्याम मेहता अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष विजय सिंह सतोवा शक्ति केन्द्र संयोजक गिरेन्द्र सिंह बुथ अध्यक्ष बैजनाथ दुबे बुथ अध्यक्ष ललन सिंह धीरज सिंह उपस्थित रहे।

# प्रेम प्रसंग में 17 वर्षीय युवति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पाटन थाना क्षेत्र के किसैनी गांव निवासी राजा सिंह की 17 वर्षीय पुत्री नीलम कुमारी शुक्रवार की शाम प्रेम प्रसंग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि मृतक नीलम कुमारी का कुछ महीनो से अपने गांव के एक लड़का जितेंद्र सिंह से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों आपस में मोबाइल पर हमेशा बातचीत करते रहते थे। इसी बीच शुक्रवार की शाम करीब 5:00 बजे किसी बात को लेकर प्रेमी जितेंद्र सिंह और प्रेमिका नीलम कुमारी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी बीच नीलम मानसिक तनाव में आकर अपने गांव से 200 मीटर की दूरी पर सखुआ के पेड़ से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा इस घटना की जानकारी नीलम कुमारी के परिजनों को दिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर इस घटना की जानकारी पाटन थाना की पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे उन्होंने अपने देखरेख में मृतिका नीलम कुमारी का पोस्टमार्टम करवाया। मौके पर उपस्थित जिला परिषद संग्राम सिंह ने कहा कि आजकल के नौजवान बच्चे अज्ञानता के कारण अपने जान को दाव पर लगा रहे हैं।उन्होंने नाबालिक बच्चों के माता-पिता को भी सचेत रहने और अपने बच्चों के प्रति जागरूक रहने का निर्देश दिया। वही नीलम कुमारी के मौत के बाद से प्रेमी जितेंद्र कुमार सिंह भी अपने घर से लापता है। घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

# रोटरी स्कूल परीक्षा केंद्र पर सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा शांति पूर्वक प्रारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर स्थित रोटरी स्कूल परीक्षा केंद्र पर आयोजित केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से प्रारंभ हुई। विद्यालय के प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक अश्लेष कुमार पाण्डेय ने बताया कि लगातार 17 वर्षो से सीबीएसई द्वारा मेरे विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया जा रहा है। इस वर्ष 10वीं के 782 एवं 12वीं के 454 विद्यार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जिसमें एम. के. डी ए वी पब्लिक स्कूल चियांकी, संत मरियम स्कूल डाल्टनगंज एवं सी .एम. एक्सीलेंस गर्ल्स स्कूल (के. जी. स्कूल) के परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं। 15 फ़रवरी 2025 को सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा कदाचार मुक्त प्रारंभ हुई। वर्ग 10वीं के अंग्रेजी विषय के 782 विद्यार्थियों में 780 विद्यार्थी उपस्थित रहे जबकि 2 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। एम. के. डी ए वी के 339 विद्यार्थी में 339 उपस्थित , संत मरियम स्कूल के 366 विद्यार्थियों में 364 उपस्थित एवं 2 अनुपस्थित रहे, जबकि सी .एम. एक्सीलेंस गर्ल्स स्कूल (के. जी. स्कूल) के 77 विद्यार्थियों में 77 उपस्थित रहे । वर्ग 12वीं की एंटरप्रेन्योरशिप के 3 विद्यार्थियों में 3 उपस्थित रहें। परीक्षा के उपरांत सभी परीक्षार्थियों के चेहरे पर खुशी थी क्योंकि परीक्षार्थियों ने प्रश्न पत्र के स्तर को सामान्य बताया। इस परीक्षा केंद्र पर दंडाधिकारी के रूप में श्री अदनान अली ने अपना योगदान दिया जबकि श्री एसबीपी गुप्ता ने उप केंद्राधीक्षक के रूप में योगदान दिया। साथ ही केंद्राधीक्षक पाण्डेय ने बताया कि 60 से अधिक विक्षक लगाए गए थे जिसमें एम. के. डीएवी पब्लिक स्कूल से श्री सुरजीत कुमार लाहा, श्री शदान ज़फ़र एवं नीतेश कुमार मंडल, संत मरियम स्कूल से श्री इमरान शाहिद, शफाक नसीम, मनीष कुमार, नेहा शर्मा, विकाश कुमार, रविन्द्र कुमार सिंह एवं मनीष कुमार सिंह तथा सी .एम. एक्सीलेंस गर्ल्स स्कूल (के. जी. स्कूल) से संतोष कुमार, सुप्रिया दुबे एवं प्रिया पाण्डेय ने विक्षण का कार्य किया। रोटरी स्कूल के श्री गौरी शंकर मिश्रा, उमाकांत मिश्रा, नंदन तिवारी, राहुल भारद्वाज, रंजीत शर्मा, राम वरुण देव, मनोज यादव, के. के. मेहता, हर्षबाला, सुषमा कुमारी, नीलम कुमारी, स्मिता सिंह, पूनम कुमारी, रंजन मिश्रा, एस.एन. पांडे एवं अन्य ने अपना योगदान दिया। केंद्राधीक्षक ने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से परीक्षा में लगे सभी लोगों को एवं आज के दिन के परीक्षा संचालन के लिए प्रशासन को धन्यवाद दिया एवं साथ ही अभिभावकों के सहयोग की सराहना करते हुए उन्होंने आशा व्यक्त किया कि शेष बचे दिनों की परीक्षा में भी सभी का सकारात्मक सहयोग मिलेगा।

# एमके इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** जंगीपुर स्टेशन रोड स्थित एमके इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को विद्यालय का तृतीय वार्षिक उत्सव उमंग 25 कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गढ़वा के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मनीष सिंह, सेवानिवृत्त प्रो0 डॉ. बीडी सिंह, इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता वीरेंद्र तिवारी एवं विद्यालय के चेयरमैन डॉ अभिमन्यु सिंह सोनू ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती, पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज व अवधूत प्रियदर्शी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद कक्षा नवम के अभिज्ञ सिंह, आभास कुमार, हर्ष प्रताप देव, प्रीति कुमारी, रिया मेहता, मुस्कान मिश्रा, प्रियांशी कुमारी, नर्गिस नाज, रितिका कुमारी एवं रिशु कुमारी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ अभिमन्यु सिंह सोनू ने अतिथियों को बुके एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया।समारोह को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि डॉ मनीष सिंह ने कहा कि माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षकों को बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिये गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना चाहिए। उन्होंने एमके इंटरनेशनल स्कूल की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि इन सब गुणों में यही स्कूल सबसे अव्वल दर्जे का है। जिस तरह स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बच्चों का मेहनत देखकर ऐसा लगता है की शिक्षक और छात्र काफी मेहनत करते है। उन्होंने सभी का उत्साहवर्धन किया. उन्होंने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। पुलिस निरीक्षक रतन सिंह ने कहा की शिक्षा के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के कौशल विकास के लिए इस तरह की सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन अत्यंत आवश्यक है। छात्रों को अपने जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए और उन्हें प्राप्त करने के लिए मेहनत को ही सफलता की कुंजी बनाना चाहिए।बी डी सिंह ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार इस जीवन को एक नया रूप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ-साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्गदर्शन की आवश्यकता है। इस तरह के कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना आसान होता है। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को बहुत ही यादगार बना दिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने झारखंड का प्रसिद्ध आदिवासी छउ नृत्य, एकल नृत्य और सामूहिक नृत्य प्रस्तुत करके दर्शकों का मन लुभाया और उपस्थित लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। कार्यक्रम के अंत में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से निदेशक मनीष कुमार सिंह, डिप्टी डायरेक्टर प्रीति सिंह, प्रिंसिपल डॉ राय रॉस, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अमृता सिंह,मैनेजर रविन्द्र नाथ शर्मा, सौरभ यादव, विजय कुमार गुप्ता, सुनील यादव, जितेंद्र यादव, अत्याशय, खुशबू प्रजापति, कुमारी मंगला पाल, अंतिमा यादव, कुमारी कंचन गुप्ता, हरेंद्र यादव, प्रिया चौबे, रीता जायसवाल, रेणुका कुमारी, सविता कुमारी, काजल तिवारी, राजेश घोष, पूजा गुप्ता, खुशबू कुमारी, ठाकुर अनिल सिंह, संजय चौधरी, सिमरन कुमारी,प्रीति कुमारी व शिवम सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन दुर्गा कुमारी एवं हर्ष प्रताप देव ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन अमृता सिंह ने किया।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस के नये प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर आला कमान को दिया बधाई

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नये प्रभारी के राजू को बनाये जाने पर मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, के.सी वेणुगोपाल को बहुत-बहुत बधाई। सही समय सही निर्णय लिया गया। के राजू को बनाये जाने पर झारखण्ड में युवाओं को ज्यादा भागीदारी होगी और कांग्रेस मजबूत होगी।बधाई देने में सूरज कुमार पासवान, वष्ठिलाल पासवान, प्रकाश राम, बसंत पासवान, अमित चौरसिया, राज कुमार राम, प्रिति संगा, इंद्रणी तिर्की, स्मिता तिर्की आदि महानगर अनुसूचित जाति विभाग के कार्यकर्ताओं ने बधाई दिया।

### झारखंड में 20 फरवरी से होगी बारिश

**रांची :** राज्य भर में फिर से ठंड लौटनेवाली है। मौसम के मिजाज में बदलाव से 20 और 21 फरवरी को कई जिलों में गर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है। यह जानकारी मौसम विभाग ने शनिवार को दी है। विभाग के अनुसार 18 और 19 फरवरी को सुबह में हल्का कुहासा रहेगा। इसके बाद दिन भर आंशिक बादल छाये रहेंगे। बारिश के बाद तापमान में गिरावट होने की संभावना है। वहीं शनिवार को रांची समेत पूरे राज्य भर में मौसम साफ रहा। उत्तरी पश्चिमी हवा के चलते धूप में नरमी महसूस की गई। रांची में अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री, जमशेदपुर 31.4 और 11.6 डिग्री, डालटेनगंज में 30.2 और 10.6 डिग्री, बोकारो में 30.1 और 10.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# पहली बार जस्टिस एम. वाई. इकबाल को किया गया याद

**झारखंड हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक के रह चुके थे जस्टिस**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** संत जेवियर्स कॉलेज के ऑडिटोरियम में इंडियन एसोसिएशन ऑफ लायर्स, झारखंड के अंतर्गत सर्वोच्च न्यायालय के पुर्व न्यायाधीश जस्टिस एम वाई एकबाल के जीवन और विरासत के उपलक्ष्य में उनके निधन के बाद पहली बार बड़े पैमाने पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत अफाक रशीदी तथा सुभाशीष रसिक सोरेन के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया और कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। दीपा प्रज्वलन के बाद संविधान के पाठ को पढ़ा गया ।उसके बाद शुरुआती भाषण फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजुर प्रिंसिपल सेंट जेवियर्स कॉलेज ने दी । स्वागत भाषण रिटायर्ड जस्टिस हाई कोर्ट रत्नाकर भेंगरा ने दिया ।कार्यक्रम का परिचय ए के रसीदी ,महासचिव इंडियन एसोसिएशन आफ लॉयर्स ने दी। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट के जज संदीप मेहता ने कार्यक्रम को विस्तार से बताया। जस्टिस इकबाल ने विधिशास्त्र के क्षेत्र में एक लंबी लकीर खींची है। फेयर ट्रायल की पक्षता में उनका अविस्मरणीय योगदान रहा है।

उनके गृह जिले रांची में आकर सुखद अनुभव हो रहा है। हम अच्छे मित्र, अच्छे साझेदार और विधिवत प्रोफेशनल्स रहे हैं। उनके कार्यों की लंबी सूची है। वहीं एसटी एससी के छात्रों को शिक्षा के लिए बैंक लोन नहीं देती थी लेकिन जस्टिस इकबाल ने ही एसटी एससी के छात्रों




को शिक्षा के लिए बैंक से लोन देने लगी है।

इस अवसर पर झारखंड उच्च न्यायालय मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एम एस रामचन्द्र राव, झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद, जस्टिस रॉन्गन मुखोपाध्याय, जस्टिस आनंदा सेन, जस्टिस अनिल कुमार चौधरी, जस्टिस नवनीत कुमार,जस्टिस संजय प्रसाद झारखंड हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस रत्नाकर भेंगरा, राजेंद्र कृष्णा अध्यक्ष , झारखंड बार काउंसिल, वाई एस लोहित, महासचिव इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स, ए के रशीदी, जनरल सेक्रेटरी इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स,झारखंड, अधिवक्ता अजहर अहमद खान, फादर पीटर मार्टिन, अफाक रशीदी, हैदर अली, सुभाशीष रसिक सोरेन, रफउल्लाह अंसारी, वाइजर रहमान, मो. आजम, अमानत खान, आयशा सिद्दीकी, दीपशिखा, पूजा, प्रीति हेंब्रम ,अमित सिन्हा ,पूजा ,अमन खान, कमर इमाम, आशीष कुमार, मृणाली, हैदर अली, जैद एहमद, शहाबुद्दीन, सचिन, कमर इमाम, अफसर रजा, आसिफ खान, शमीम सलीम, आसिफ इकबाल, रंजन ठाकुर, शंभू प्रसाद, दिलीप महतो, अयाज़ हैदर, आलिया बेगम, शाहिस्ता बेगम, जब्बार , अरशद खान, गुलरेज अंसारी, बीरेंद्र शर्मा, राजकुमार सिंह, अशोक कुमार , उदय सिन्हा, राजकुमार, समेत झारखंड के अलग अलग जिलें एवं उच्च न्यायालय के लगभग 500 अधिवक्ता तथा न्यायिक अधिकारी और कानून से जुड़े व्यक्ति शामिल हुए।

# दूर नहीं हो रहा एचईसी कर्मियों के वेतन का संकट




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** एचईसी कर्मियों के वेतन संबंधित संकट दूर नहीं हो रहा है। 26 माह से वेतन नहीं मिलने से कर्मियों में घोर निराशा है। कर्मचारी पाई पाई का मुहताज हो गए हैं। उनके पास घर चलाने के लिए पैसे नहीं हैं। हालांकि कई कर्मी वैकल्पिक रोजगार कर किसी तरह से घर परिवार का खर्च वहन कर रहे हैं, लेकिन अधिसंख्य कर्मचारी टकटकी लगाकर एचईसी प्रबंधन और केंद्र सरकार की ओर देख रहे हैं। कर्मचारियों को एचईसी प्रबंधन की ओर से पिछले वर्ष नवंबर माह में महज 15 दिनों का वेतन छठ महापर्व को लेकर दिया गया था। लेकिन उसके बाद फिर किसी तरह का भुगतान उन्हें नहीं किया गया है। यही वजह है कि कई कर्मियों के बच्चों की पढाई भी छूटने को है। उल्लेखनीय है कि एचईसी में लगभग 2340 कर्मचारी और अधिकारी हैं, जिसमें 1400 ठेका कर्मचारी और शेष 900 अधिकारी और स्थायी कर्मचारी शामिल हैं। कर्मियों का बकाया 26 माह से जबकि अधिकारियों का 29 माह से बकाया है। वहीं एचईसी मंजदूर संघ के महामंत्री रामाशंकर प्रसाद कहते हैं कि कर्मियों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। स्कूल में कर्मियों के बच्चों की फीस कई माह से बकाया है। प्रबंधन को चाहिए कि एचईसी की जमीन पर जिन स्कूलों का संचालन हो रहा है उन स्कूलों में पढ़ रहे कर्मियों के बच्चों की फीस माफ करा दे। ताकि, कर्मियों पर से कुछ आर्थिक बोझ कम हो।

# बाबा मंदिर कलश यात्रा में हजारो लोग हुये शामिल : सुनील कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** बाबा मंदिर न्यू मधुकम रोड नंबर 5ए/7 रांची के प्रांगण से बाबा मंदिर प्राण प्रतिष्ठ समारोह के प्रथम दिन कलश शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में माताएं -बहनो ने हर्षो उल्लाश के साथ सामिल हुए ।बाबा मंदिर के अध्यक्ष पंकज सिन्हा जी ने कहा कि इस आयोजन में हमारे संस्थापक संरक्षक सुनील कुमार गुप्ता , संरक्षक अनिल कुमार गुप्ता , और बाबा मंदिर के तमाम पदाधिकारियों का बहुत योगदान रहा है इस प्रकार से सहयोग से हमारी संस्था सभी कार्यो को सुदृढ़ रूप से सफल कर लेंगे।संस्थापक सह संरक्षक सुनील गुप्ता ने कहा कि बाबा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के कलश यात्रा में रांची के कई क्षेत्रों से महिलाएं कलश लेने के लिए आये जिसके लिए उनका तहे दिल से सुक्रिया किया, साथ ही सभी को 16/02/25 को 3ः00 बजे मूर्ति नगर भ्रमण के लिए आमंत्रित किये।संरक्षक अनिल गुप्ता ने संस्था के सभी पाधिकारियों का आभार वयक्त करते हुए कहा कि यह चार दिन की पूजा को सफल बनाने के लिए हम अपना 24/4 घंटा साथ रहने का आह्वाहन के साथ जिस प्रकार क्षेत्र की श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ रहा है इस से प्रतीत होता है की हिन्दू अब जाग चुका है।मुख्य अतिथि के रूप में रांची विधायक सी. पी. सिंह उपस्थित हुए और अपने हाथों से कलश, चनारी, और जय माता दी का पट्टा वितरण किये जिससे संस्था और श्रद्धालुओं ने अपने आप गौरवान्वित महसूस किया, इस आयोजन इस आयोजन का सफल बनाने में विशिष्ट अतिथि के रूप में आए , चुन्नू मिश्रा ,पुर्व पार्षद आशा देवी , अतिथि भीम प्रभाकर, जितेंद्र वर्मा , मुकेश मुक्ता, विनोद राजन, पदाधिकारी अध्यक्ष- पंकज सिन्हा, उपाध्यक्ष- कृष्णा राज, सचिव -अनिल प्रमाणिक, कोषाध्यक्ष - चंदन कुमार, सतीश कुमार, कार्यकारणी अध्यक्ष- कंचन राय,कार्यकारणी उपाध्यक्ष- राकेश रंजन कुमार, समाज सेवी- राजेश खंडेलवाल , वरिष्ठ समिति सलाहकार- भवन किशोर प्रसाद, संगठन मंत्री- सुनील साव, अनुज शर्मा, प्रमोद शर्मा,रमेश कुमार साव, राजेश विश्वकर्मा,सुनील कुमार मिस्त्री, संतोष गुप्ता,सहयोगी सदस्य राहुल गुप्ता, विनोद राजन, ऋषभ गुप्ता, सागर गुप्ता, सूरज साव, बबलू साव ,अनिल गुप्ता, मधुकर सिंह, धनञ्जय सोनी, अन्य सदस्यों का साथ रहा।

# रिम्स पीजी के छात्रों ने एसजीपीजीआईएमएस लखनऊ का किया शैक्षणिक दौरा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रिम्स, रांची के अस्पताल प्रशासन में पीजी कर रहे छात्रों ने 6 से 14 फरवरी 2025 को 18वां HISICON और केजीएमयू , लखनऊ और एसजीपीजीआईएमएस लखनऊ का शैक्षणिक दौरा किया। HISICON में पूरे भारत के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों और संस्थानों के छात्रों ने एसजीपीजीआईएमएस, लखनऊ में सम्मेलन और कार्यशाला में भाग लिया। छात्रों को अस्पताल में संक्रमण नियंत्रण उपायों और विभिन्न प्रगति के विषय में जानकारी दी गई। वहीं केजीएमयू, लखनऊ में छात्रों ने 125 वर्ष पुराने मेडिकल विश्वविद्यालय और केजीएमयू के संकाय, एमडी (एचए) रेजिडेंट और एमएचए छात्रों के साथ अस्पताल प्रशासन विभाग का दौरा किया।अस्पताल प्रशासन के छात्रों ने शताब्दी अस्पताल, ट्रॉमा सेंटर, बर्न यूनिट, विश्वविद्यालय पर्यावरण विभाग (बीएमडब्ल्यू, ई-कचरा, नगरपालिका कचरा, कम्पोस्ट आदि), न्यू ओपीडी, रसोई, सीएसएसडी, लॉन्ड्री आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों का भी दौरा किया। छात्रों ने एसजीपीजीआईएमएस, लखनऊ का दौरा किया, जो पूरे भारत में 6वीं रैंक पर है और इसके एनएएसी ए+ मान्यता प्राप्त है।छात्रों ने यहां बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट एंड डिस्पोजल, ओपीडी क्षेत्र, सीएसएसडी, एपेक्स ट्रॉमा सेंटर, विभिन्न अन्य सुविधाओं जैसे विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। छात्रों को कंट्रोल रूम, ड्यूटी ऑफिसर की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों और अस्पताल में 24 घंटे 7 दिन आने वाली चुनौतियों के विषय में जानकारी प्राप्त हुई।

# राष्ट्रपति से वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने किया मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर राज्य सरकार की ओर से राष्ट्रपति को विदाई देते हुए। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को झारखंड आगमन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तरफ से आभार व्यक्त किया। वित्त मंत्री ने राष्ट्रपति को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पिता शिबू सोरेन की अस्वथता के बारे में बताया, जिस पर राष्ट्रपति ने उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और कुशलक्षेम पूछा।

**राष्ट्रपति के दिल्ली प्रस्थान के दौरान डीसी, एसएसपी रहे उपस्थित**



रांची : राष्ट्रपति भारत, द्रौपदी मुर्मु बीआईटी मेसरा के जी.पी. बिरला ऑडिटोरियम में पलेटियम जुबली कार्यक्रम में शामिल होने के बाद राष्ट्रपति भारत, द्रौपदी मुर्मु के नई दिल्ली प्रस्थान के दौरान जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री उपस्थित रहें।

# भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का हुआ समापन, तेलंगाना पुलिस बनी ओवरऑल चैंपियन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची के खेलगांव में आयोजित 68 वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का शनिवार को समापन हो गया। इस पुलिस मीट की शुरुआत 10 फरवरी को हुई थी। पांच दिन तक चले इस प्रतियोगिता में तेलंगाना पुलिस ओवरऑल चैंपियन बनी, जबकि दूसरे स्थान पर आंध्र प्रदेश की टीम रही। झारखंड पुलिस की टीम ने एक गोल्ड और चार सिल्वर पदक जीते। इसके अलावा, मध्य प्रदेश की स्वान दस्ते की टीम ने गोल्ड मेडल जीता। इनफार्मेशन




टेक्नोलॉजी में तमिलनाडु की टीम विजेता बनी। उल्लेखनीय है कि इस ड्यूटी मीट में कुल 28 टीमों ने भाग लिया था। वहीं मुख्यमंत्री ट्रॉफी तेलंगाना ने जीती। डॉग स्क्वायड प्रतियोगिता में बीएसएफ की टीम विजेता रही, जबकि तेलंगाना की टीम दूसरे स्थान पर रही। पुलिस फोटोग्राफी में पहला स्थान तमिलनाडु पुलिस को मिला, जबकि दूसरा स्थान आंध्र प्रदेश पुलिस को मिला। कंप्यूटर अवेयरनेस और आईटी कंपटीशन में आईटीबीपी की टीम ने जीत हासिल की। जबकि बीएसएफ दूसरे नंबर पर रही। एंटी सबोटेज चेक में तेलंगाना की टीम विजेता बनी, जबकि दूसरे नंबर पर एसपीजी की टीम रही। बेस्ट डॉग प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के स्वान दस्ते को गोल्ड मेडल मिला। साइंटिफिक इन्वेस्टिगेशन में तेलंगाना की टीम विजेता रही, दूसरे स्थान पर आंध्र प्रदेश और तीसरे स्थान पर झारखंड पुलिस की टीम रही। एनसीआरबी ट्रॉफी फॉर एम्पावरिंग पुलिस विद इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में तमिलनाडु की टीम विजेता बनी।

# बगैर निकाय चुनाव के जनता के पैसे की बर्बादी : बाबूलाल मरांडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि झारखंड में नगर निकाय चुनाव न होने के कारण जनता के पैसों की अंधाधुंध बर्बादी हो रही है। उन्होंने हुसैनाबाद नगर पंचायत का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां उत्तरी कोयल नहर के ऊपर बिना एनओसी के ही 10 लाख रुपये की लागत से सड़क बना दी गई। बाद में नहर जीर्णोद्धार करा रही कंपनी ने इस नवनिर्मित सड़क को उखाड़ दिया, जिससे सरकारी



धन का दुरुपयोग साफ नजर आता है।मरांडी ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि झारखंड के सभी नगर निकायों में प्रायः इसी प्रकार से औचित्यहीन योजनाओं का टेंडर निकालकर प्रशासक जनता के पैसों को पानी की तरह बहा रहे हैं। इन योजनाओं से जनता का कोई भला नहीं हो रहा। राज्य सरकार नगर निकायों का इस्तेमाल एटीएम की तरह कर काला धन इकट्ठा कर रही है। उन्होंने कहा कि नगर निकायों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद विगत दो वर्षों में नगर विकास विभाग ने खर्च की गई राशि और योजनाओं की प्रासंगिकता की गहन जांच की जानी चाहिए।

### पूजा सिंघल को विभाग देने पर रोक की मांग, 17 फरवरी को होगी सुनवाई

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा रांची के पीएमएलए की विशेष अदालत में दाखिल याचिका पर अब 17 फरवरी को सुनवाई होगी। ईडी ने कोर्ट से आग्रह किया है कि मनरेगा घोटाले की अभियुक्त आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को कोई विभागीय जिम्मेदारी न दी जाए। ईडी का कहना है कि यदि राज्य सरकार उन्हें कोई विभाग सौंपती है, तो वे अपने पद का दुरुपयोग कर मामले को प्रभावित कर सकती हैं। इस याचिका पर पूजा सिंघल की ओर से जवाब दाखिल किया जा चुका है, जिसके बाद अब दोनों पक्षों की बहस होगी।

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने 100 वर्ष का सफर पूरा कर देश में किसान मजदूर की आवाज को बुलंद किया है : रानेंद्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कार्यालय रांची में तीन दिवसीय पार्टी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन नेता राजेंद्र प्रसाद यादव की अध्यक्षता में शुरू हुई, जो 15, 16,17 फरवरी तक अलग-अलग मार्क्सवादी चिंतक एवं शिक्षाविद साथियों के द्वारा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा, उद्घाटन के क्रम में प्रलेश के राज्य अध्यक्ष सह सेवानिवृत आईएएस अधिकारी रेनेंद्र कुमार ने कहा कि देश में वैश्विक पूंजी ने देश को ग्रसित कर दिया है, देश आर्थिक गुलामी की ओर जा रहा है, अति राष्ट्रवाद के नाम पर मजदूर किसान, दलित एवं आदिवासियों पर केंद्र सरकार लगातार हमला कर रही है, देश में मजबूत कम्युनिस्ट पार्टी की आवश्यकता है, मजदूर किसान को आंदोलन को कुचलने के लिए सरकार हर हथकंडे को अपना रही है। इसीलिए हम सभी लोगों को आने वाले दिन में जो देश के अवाम को बचाने के लिए बड़ी लड़ाई कम्युनिस्ट पार्टी लड़ेगी, हमें दिल और दिमाग से तैयार होना होगा, प्रशिक्षण शिविर में शिक्षाविद् मार्क्सवादी चिंतक रामबाबू ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की मजदूर किसान के हक और अधिकार के लिए गौरवशाली 100 वर्ष संघर्ष के पूरे हो रहे हैं, संयुक्त बिहार में कम्युनिस्ट पार्टी ने एक ऐतिहासिक आंदोलन के बल पर अपनी जड़े जमाली थी, लेकिन आज आवारा पूंजी से लड़ने के लिए हमें संघर्ष की नई रास्ता अपनाना पड़ेगा, उन्होंने 100 वर्ष के इतिहास को अपने संबोधन में मार्क्सवादी नजरिया से लोगों को सीखने की कोशिश की, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय सांगठनिक एवं राजनीतिक चर्चा करते हुए मजबूत कम्युनिस्ट पार्टी निर्माण की योजना बनाई, प्रशिक्षण शिविर में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय सिंह, जैनेंद्र कुमार भंते, अनिरुद्ध कुमार, गणेश प्रसाद सिंह , कृष्णा मेहता, सत्येंद्र सिंह, विक्रम कुमार, रंजन पांडे, ज्वाला सिंह, कुमार सिंह, अंबुज ठाकुर, कन्हाई मल पहाड़िया, विष्णु कुमार, गणेश महतो, राजेंद्र यादव, गणेश सिंह, शंभू कुमार, सोनिया देवी, मुना भुईया, किरण कुमारी, आरती कुमारी, महेश राम, विजय राम, मुन्नाराम, राम सहित कई लोग मौजूद थे।

# निगम ने सेंट्रो मॉल की जांच की गई एवं भवन परिसर के क्षेत्र की किया मापी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची नगर निगम के राजस्व शाखा की टीम के द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत लगातार होल्डिंग व ट्रेड लाइसेंस की जांच करते हुए विभिन्न भवनों एवं प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में 15.02.2025 को सहायक प्रशासक के नेतृत्व में राजस्व शाखा की गठित टीम के द्वारा मेन रोड स्थित विभिन्न भवनों की जांच की गई। जिसमें सर्वप्रथम सेंट्रो मॉल की जांच की गई एवं भवन परिसर के क्षेत्र की मापी की गई। मापी के क्रम में क्षेत्रफल में अंतर पाया गया। पूर्व में मॉल द्वारा 1,02,732 वर्गफीट क्षेत्र का निर्धारण किया गया था, परन्तु मापी के उपरांत 1,98,427 वर्गफीट क्षेत्रफल पाया गया। इसके साथ ही मॉल की ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट की जांच की जिसपर पाया गया कि जून माह से मॉल की ऑक्यूपेंसी निर्धारित है। जिसपर सहायक प्रशासक द्वारा जून माह से ऑक्यूपेंसी तिथि मानते हुए री-असेसमेंट करते हुए सात दिनों के भीतर कर का भुगतान करने का



निर्देश दिया गया।

इसके अलावा राज अस्पताल को तीन दिनों के भीतर री असेसमेंट करने का निर्देश दिया गया।टीम के द्वारा चर्च कॉम्प्लेक्स परिसर की मापी की गई एवं भवन के ग्राउंड फ्लोर के मेज़ नाइन में कुछ नए दुकानें पाई गई, जिसपर सहायक प्रशासक द्वारा उक्त प्रतिष्ठानों को तीन दिनों के भीतर री-असेसमेंट करने एवं टॉप फ्लोर में अधिष्ठापित होर्डिंग्स व मोबाइल टावर के कार्पेट एरिया को गणना में सम्मिलित करते हुए कर का भुगतान करने का निर्देश दिया गया।इसके अलावा मेन रोड स्थित कच्ची बिल्डिंग की भी जांच की गई और तीन दिनों के भीतर री-असेसमेंट करने का निर्देश दिया गया।जांच टीम में नगर प्रबंधक, निगम के कर संग्रहकर्ता, एजेंसी के कर संग्रहकर्ता एवं राजस्व शाखा की अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# श्री राधा- कृष्ण मंदिर मे महिलाओं ने किया भजन-कीर्तन एवं हनुमान चालीसा पाठ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग श्री राधा- कृष्ण मंदिर श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम मे श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि सरस सुंदरकाड महिला मंडल के द्वारा भजन-कीर्तन एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। महिला मंडल के सदस्यों द्वारा गाये सुमधुर संगीतमय भजनों एवं हनुमान चालीसा के पाठ में श्रोता खूब झूमे। एवं पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पुजारी अरविंद पांडे पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर श्री राधा कृष्ण के भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया।

दोपहर मे सेवा धाम सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम मे रह रहे मंदबुद्धि, बेसहारा एवं दीनबंधु प्रभु जी एवं उनकी सेवा करने वाले साथियों को भोजन कराया गया। मंदिर के शीश महल में विराजमान भगवान श्री राधा -कृष्ण, श्रीमद् भागवत गीता ग्रंथ, भगवान का वस्त्र, मोर मुकुट, मुरली की पूजा अर्चना किया जा रहा है।

मंदिर में श्री कृष्ण की जन्म से लेकर महाभारत तक की झाकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

## जिला महासचिव ने नए प्रदेश प्रभारी के राजू को बधाई एवं शुभकामनाएं दी

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस पार्टी के जिला ग्रामीण महासचिव अमाल खान ने के राजू को नए प्रदेश प्रभारी बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अमाल खान ने बधाई देते हुए कहा कि के राजू का झारखंड से गहरा और पुराना नाता रहा है। उनके संगठनात्मक अनुभव, कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी सोच से पार्टी को अपार लाभ मिलेगा। उनके मार्गदर्शन में झारखंड कांग्रेस और अधिक सशक्त होगी तथा जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ेगी।

## एनएच39 मांडर टोल प्लाजा के बैरिकेडिंग से टकराया हाईवा

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर थाना क्षेत्र के एनएच 39 टोल प्लाजा स्थित टोल बैरिकेडिंग को एक हाईवे ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे टोल प्लाजा का बैरिकेडिंग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। टोल कर्मियों के द्वारा बताया गया कि सुबह 6 बजे के आसपास अनियंत्रित होकर तेज रफ्तार एक हाईवा डिवाइडर से टकराते हुए टोल प्लाजा का बैरिकेडिंग को टक्कर मार दिया जिस से पूरी तरह बैरिकेटिंग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है हालांकि इस हादसे में किसी तरह की कोई हताहत की सूचना नहीं है।

## चतरा में विस्थापितो की समस्या को लेकर आहूत बैठक में शामिल हुए मोर्चा के लोग

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा समाहरणालय में झारखंड सरकार के श्रम नियोजन प्रशिक्षण,कौशल एवं उद्योग विकास विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव की अध्यक्षता मे सीसीएल और एनटीपीसी से प्रभावित विस्थापित ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आहूत बैठक में रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन सहित कई लोग शामिल हुए। बैठक में उन्होंने पिपरवार, एनके,मगध संघमित्रा और आम्रपाली चंद्रगुप्त के अलावा एनटीपीसी से जुड़े विस्थापित ग्रामीणों की विभिन्न समस्या को प्रमुखता के साथ उठाया।बैठक में इकबाल हुसैन ने विस्थापित ग्रामीणों के लंबित नौकरी, मुआवजा,रोजगार पुनर्वास केंद्र में मूलभूत सुविधा बहाल करने,प्रदूषण, शिक्षा, स्वास्थ्य,बिजली,ठेका कार्य सहित अन्य ज्वलंत समस्या से मंत्री सहित विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया और इसके समाधान की मांग की।बैठक मे सीसीएल एंव एनटीपीसी से प्रभावित विस्थापितों के मुद्दों को लेकर चर्चा की गई।बैठक मे उपायुक्त रमेश घोलप के अलावे जिले के सभी वरीय अधिकरी,प्रशासन,जन प्रतिनिधि,विस्थापित प्रतिनिधि सहित पिपरवार जीएम संजीव कुमार,एनके जीएम दिनेश कुमार गुप्ता,मगध संघमित्रा जीएम नृपेन्द्रनाथ,आम्रपाली चन्द्रगुप्त एरिया के महाप्रबधंक अमरेश कुमार व एनटीपीसी के अधिकारी शामिल हुए।



## पिपरवार के कल्याणपुर में हुई भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल की बैठक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल की एक आवश्यक बैठक कल्याणपुर में टंडवा प्रमुख रीना कुमारी के आवास पर आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा ने किया।इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी चतरा जिला के महामंत्री मिथिलेश गुप्ता, पिपरवार मंडल प्रभारी गणेश गुप्ता एवं विकास मालाकार विशेष रूप से उपस्थित हुए।इस बैठक में पिछले 23 जनवरी को पिपरवार के बेंती मे एक कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष करण कुमार के नेतृत्व में कुछ कार्यकर्ताओं ने इस्तीफा दिया था,जिस पर विशेष रूप से बात हुई और सभी पहलुओं पर विचार के बाद सभी का इस्तीफा अस्वीकार करते हुए उनको पुनः पार्टी में स्वागत किया गया।उनकी सभी नाराज़गी को ध्यान से सुनते हुए जिले के महामंत्री मिथिलेश गुप्ता ने नाराजगी दूर किया एवं पुनः भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया।इस अवसर पर करण कुमार,संजय भोक्ता,धनराज भोक्ता,महेश विश्वकर्मा, अरुण उरांव,विजय लाल, दिलीप अम्बष्ट,अजय कुमार सिंह,रवि केसरी,आर्यन कुमार,अनिल पांडेय,बबीता देवी सहित कई लोग उपस्थित थे



## फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में 21वा लैंप लाइटिंग एवं कैपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इरबा स्थित फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में 21वा लैंप लाइटिंग एवं कैपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में श्री नौशाद आलम ङ्क आई0 पी0 एस0, डीआईजी कार्मिक, झारखण्ड, श्री सईद अहमद अंसारी ङ्क सीनियर एडवाइजर, मेदान्ता, अब्दुर रज्जाक अंसारी मेमोरियल वीवर्स हॉस्पिटल, ईरबा, राँची मो0 रिजवान अंसारी ङ्क उप-प्रमुख, ओरमांझी, राँची,जीनत कौसर-सेक्रेटरी, हाजी अब्दुर रज्ज़ाक एजुकेशनल सोसाइटी आदि उपस्थित थे।इस अवसर पर मुख्य अतिथियों के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज़ किया गया।तथा नर्सिंग छात्रों को नर्सिंग कैप पहनाकर उन्हें नर्स का शपथ दिलाया गया। इसके साथ साथ कॉलेज के प्रथम यूनिवर्सिटी टॉपर ङ्क प्रेरणा श्रीवास्तव, एम0 एस0 सी0 नर्सिंग द्वितीय वर्ष, द्वितीय यूनिवर्सिटी टॉपर निहारिका तिर्की एवं तृतीय यूनिवर्सिटी टॉपर शोएब अख्तर को सम्मानित किया गया।पोस्ट बेसिक बी0 एस0 सी0 नर्सिंग द्वितीय वर्ष के प्रथम यूनिवर्सिटी टॉपर स्तुति सिन्हा को सम्मानित किया गया।बेसिक बी0 एस0 सी0 नर्सिंग फाइनल वर्ष के प्रथम यूनिवर्सिटी टॉपर प्रियंका कुमारी को सम्मानित किया गया।जी0 एन0 एम0 फाइनल वर्ष में प्रथम टॉपर ङ्क पायल वर्मा, द्वितीय टॉपर ङ्क रिंकू सामन्ता तथा ए0 एन0एम0 द्वितीय वर्ष के प्रथम टॉपर नजमा अंजुम एवं स्टेट तृतीय रैंक निकी कुमारी को सम्मानित किया गया तथा साथ ही साथ कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।



## हाई पी एंड टी स्टेशन का स्वास्थ्य मंत्री एवं विधायक ने संयुक्त रूप से किया उद्घाटन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रिंग रोड से हटिया मार्ग के टोनको में हाई पी एंड टी पैट्रोल पम्प स्टेशन नितिन तिर्की एवं पूजा अमृता उरांव द्वारा संचालित भारत पेट्रोलियम पम्प का उद्घाटन स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्री डां. इरफान अंसारी, खिजरी विधायक सह कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप एवं कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया।



# मांडर बस्ती में घरेलू गैस सिलेंडर ब्लास्ट के बाद लगी आग, लाखों का नुकसान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर थाना स्थित मांडर बस्ती में शुक्रवार रात 10 बजे अंजू खलखो पति प्रेम कमल खलखो के घर मे आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। बताया जाता है कि घर में घरेलू गैस सिलेंडर में ब्लास्ट के बाद आग लग गई। जिस वक्त ब्लास्ट हुआ घर के लोग अपने कमरे में ही थे तभी अचानक एक जोरदार धमाका हुआ। इस धमाके में किसी को भी जान नहीं गवानी पड़ी। लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही धमाके के बाद आग की तेज लपेट में ले लिया और लाखों का सामान जलकर राख हो गया। मामले को लेकर कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के निर्देशानुसार मांडर अंचल पदाधिकारी चंचला कुमारी, विधायक प्रतिनिधि नसीम अंसारी घटना स्थल में पहुंचे और जाँच किये। इस दौरान सीओ ने अपने कर्मचारी को कहा कि नुकसान का आंकड़ा कर दस्तावेज तैयार कर कार्यालय में जमा कर दें। मौके पर विधायक प्रतिनिधि नसीम अंसारी, प्रखंड अंजुमन कमेटी मांडर के उप सदर माशूक अली, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जहीर खान, सरिता तिग्गा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



# आरटीसी आईटी कॉलेज में अभिभावक व शिक्षक संवाद का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** आरटीसी आईटी कॉलेज आनंदी ओरमांझी में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक का मुख्य उद्देश्य छात्रों की शैक्षिक प्रगति की समीक्षा करना और उनकी समग्र विकास प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों के बीच संवाद को मजबूत करना था।बैठक के दौरान शिक्षकों ने प्रत्येक छात्र की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की और अभिभावकों को उनके बच्चों की शैक्षिक उपलब्धियों और कमजोरियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही, छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न शिक्षण विधियों, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों और परीक्षा रणनीतियों पर भी चर्चा की गई।महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ न हरी बाबू ने कहा अभिभावकों और शिक्षकों के बीच संवाद छात्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह बैठक हमें छात्रों की आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझने और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में मदद करती है। अभिभावकों ने भी इस बैठक में सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने विचार व सुझाव साझा किए। इस बैठक को सफल बनाने में महाविद्यालय के शिक्षक डॉ ए के वर्मा, नीलम कुमारी अवं मीनूति श्रेया का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# पिपरवार मे हुई राष्ट्रीय कोलियरी मजदुर युनियन क्षेत्रिय कमेटी की बैठक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय कोलियरी मजदुर युनियन पिपरवार क्षेत्रिय कार्यालय मे एक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रिय अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना और संचालन क्षेत्रिय सचिव विद्यापति सिंह ने किया।बैठक में कोयला मजदूरों की कई ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई एवं यूनियन को मजबूत बनाने और सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।बैठक मे 17 फरवरी को यूनियन के रीजनल कमेटी के नेताओं के पिपरवार आगमन को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना और क्षेत्रीय सचिव विद्यापति सिंह ने कहा कि 17 फरवरी को यूनियन के रीजनल सचिव कुमार महेश सिंह,अध्यक्ष श्यामल सरकार,अंजनी त्रिपाठी और बृज बिहारी पांडेय सहित अन्य नेताओं का पिपरवार आगमन होने वाला है। पिपरवार आगमन पर रीजनल कमेटी के नेता स्थानीय कोयला मजदूरों की समस्या से अवगत होंगे और क्षेत्रीय कार्यालय में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।इसके बाद सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के साथ सात सूत्री मांगों पर एजेंडा मीटिंग भी होगी।इस मीटिंग में कोयला मजदूरों की कई ज्वलंत समस्याओं पर बात होगी।आज की बैठक में रीजनल कमेटी के नेताओं के पिपरवार आगमन पर यूनियन के द्वारा जोरदार स्वागत करने सहित कई बातों पर चर्चा की गई।इसकी तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य रूप कासिम उर्फ मुन्ना,विद्यापति सिंह,मिथिलेश कुमार शर्मा,शंकर मुखर्जी, मोहम्मद कुर्बान,संतोष दास,बिजय बाउरी, जयपाल दास,मुखराम महतो,रमेश कुमार सिन्हा,जगदेव प्रसाद,समीर घोष,फुलेन्द्र कुमार सहित यूनियन के कई लोग मौजूद थे।



# राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के मार्गदर्शक का स्वागत ब्लॉक चौक ओरमांझी में किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के मार्गदर्शक डॉक्टर इंद्रेश कुमार,प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर शाहिद अख्तर, एमडी एजाज को प्रखंड अध्यक्ष आफताब आलम के नेतृत्व में शनिवार को लाल बहादुर शास्त्री ब्लॉक चौक में स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। मौके पर इंद्रेश कुमार ने प्रखंड अध्यक्ष आफताब आलम को धन्यवाद दिया और विश्वास दिलाया कि वह मंच को पूरे प्रदेश में मजबूत करने के लिए पूरी मेहनत करेंगे। कहा कि मंच के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर मंच का विस्तार पूरे झारखंड में करेंगे।वहीं प्रखंड अध्यक्ष आफताब आलम ने कहा की राष्ट्रीय मुस्लिम मंच काफी मजबूती से काम कर रहा है। युवाओं की समस्याओं के समाधान के लिए मंच हमेशा तत्पर रहता है और आगे भी रहेगा। मौके पर मुख्य रूप से नफीस अख्तर, जलेश कुमार महतो,सुकर साव राजकिशोर मुंडा, रोगन मुंडा,अलताब रजा,मनीष साहू, अली अहमद नूर, नईम अंसारी,मुस्ताक आलम आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## कृषि युवा क्लब कांट पहाड़ी में आयोजित तीन दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का हुआ समापन

**शिकारीपाड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कृषि युवा क्लब कांटपहाड़ी पंचायत हीरापुर की ओर से आयोजित तीन दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। 16 टीमों के बीच खेले गए इस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने अदम्य उत्साह का परिचय दिया। टूर्नामेंट के आज अंतिम दिन फाइनल मुकाबला होटल एक्सप्रेस दुर्गापुर तथा धानघरा टीम शिकारीपाड़ा के बीच खेला गया जिसमें पेनाल्टी शूटआउट के द्वारा होटल एक्सप्रेस की टीम ने धानघरा की टीम को पराजित किया। इसके पूर्व विधायक आलोक कुमार सोरेन एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मैदान में जाकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनकी हौसला अफजाई की । विधायक आलोक कुमार सोरेन ने विजेता होटल एक्सप्रेस दुर्गापुर की टीम को पारितोषिक के रूप में एक लाख रुपये तथा उपविजेता टीम धानघरा शिकारीपाड़ा को 70000 रुपए पारितोषिक का वितरण किया। यही नहीं 40 वर्ष से ऊपर के खिलाड़ियों के फुटबाल प्रतियोगिता में कुल चार टीमों ने भाग लिया जिसमें रामपुरहाट की टीम विजेता तथा शिकारीपाड़ा की टीम उपविजेता बनी।विजेता टीम को ?7000 तथा उपविजेता टीम को ?5000 का पारितोषिक वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक आलोक कुमार सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार गांव में छिपे हुए खेल रत्नों को उजागर करने के लिए कृत संकल्पित है और इसके लिए खेल विभाग के द्वारा कई प्रकार की योजनाएं एवं प्रतियोगिताएं कराई जाती हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वे अपने खेल को निखारते हुए और अधिक उत्कृष्टता प्राप्त करें तथा महेंद्र सिंह धोनी की तरह देश-विदेश में झारखंड का नाम रोशन करें।



## सिल्ली के खुशी को राज्यपाल के हाथों मिला स्वर्ण पदक

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली मेन रोड निवासी अजय कुमार साहु की पुत्री खुशी कुमारी को पिछले दिनों डॉ रामदयाल मुंडा फुटबॉल मैदान में आयोजित श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह मे राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के द्वारा गोल्ड मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें यूनिवर्सिटी में बीसीए में टॉपर के लिए दिया गया। इस उपलब्धि पर सिल्ली शौण्डिक समाज के अध्यक्ष निर्मल चंद्र साहू ने कहा कि सिल्ली को विभिन्न प्रतिभा के रूप में पहचाना जा रहा है और ज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। खुशी की इस सफलता के लिए सिल्ली शौण्डिक मंच के प्रेमलता साहू, रमण साहू, राधेश्याम साहू, सुधीर साहू, काजल साहु, राजेश साहू, गौतम कृष्ण साहू, गणेश साहू, मधुसुदन साहू, संजय भगत, गुड्डू भगत, संजय भगत, संजीव भगत आदि ने बधाई दी है।




## भव्य कलश यात्रा के साथ सिल्ली में शुरू हुआ सात दिवसीय रामकथा

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली पोस्ट आफिस के पिछे श्मशान काली मंदिर के समीप शनिवार को सात दिवसीय संगीतमय राम कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कथा वाचक अमृता त्रिपाठी के अगवाई में सैकड़ों श्रद्धालु जल से भरे कलश माथे में लेकर मुरी स्थित स्वर्ण रेखा नदी घाट से प्रारंभ होकर हिंडाल्को फेक्ट्री मोड़ मुरी बस स्टैंड झारखंड मोड़, ब्लाक मोड़, थाना चौक, सिल्ली बजार, पुराना बुंडू चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंची। पुरे मार्ग में श्रद्धालुओं के जयकारे व डीजे के भक्ति गीतों ने माहौल को भक्ति मय बना दिया। आयोजन स्थल पर कलश यात्रा पहुंचने के पश्चात कथा वाचक अमृता त्रिपाठी के सानिध्य में शिव, पार्वती, राधाकृष्ण, भगवान श्री राम, लक्ष्मण, सीता एवं हनुमान की मुर्तियों की विधिवत पूजा अर्चना की गई। इसके बाद शाम 7 बजे से राम कथा का शुभारंभ हुआ। अयोध्या धाम के कथा वाचक अमृता त्रिपाठी ने अपने प्रवचन में कहा कि भगवान राम का जीवन हमें धर्म, मर्यादा और आदर्शो का पालन करना सिखाता है ?। रामकथा के श्रवण से जीवन में साकारात्मक उर्जा और शांति प्राप्त होती है। आयोजन समिति के कृष्णा कोइरी, बंटु गुप्ता एवं सुखराम कुशवाहा ने कहा कि सात दिनों तक चलने वाली इस आयोजन में प्रतिदिन संगीतमय रामकथा के साथ भक्ति सत्संग का क्रम जारी रहेगा , जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हमारे समिति के सदस्य तत्पर रहेंगे।



## सरना प्राथना सभा आज

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चाचगुरा सरना प्रार्थना सभा का 25वां वार्षिक उत्सव 16 फरवरी को मनाया जाएगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा, विशिष्ट अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप, केंद्रीय सरना समिति भारत के अध्यक्ष नारायण उरांव, 21 पढ़ा कार्यकारी अध्यक्ष सुनील कच्छप शामिल होंगे। उक्त जानकारी चाचगुरा के ग्राम प्रधान सह सरना प्रार्थना सभा के अध्यक्ष सुखदेव उरांव ने दी।

## न्यु उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में 20 फरवरी को मनाया जाएगा स्थापना दिवस

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में 20 फरवरी को स्कूल का तीसरा स्थापना दिवस मनाया जाएगा।स्थापना दिवस समारोह को लेकर स्कूल प्रबंधन के द्वारा सारी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है।स्कूल के निदेशक मोहम्मद साहिल ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह में कई सीसीएल अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधि सहित अभिभावक शामिल होंगे। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों के द्वारा कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किया जाएगा।स्थापना दिवस समारोह को लेकर सारी तैयारी की जारी है।

## धूमधाम से मनाया गया साईं मंदिर का 12 वां वार्षिकोत्सव

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुमका के ननकु कुरुवा स्थित श्री शिरडी धाम साई मंदिर का 12वां वार्षिकोत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह 6 बजे आरती से हुई वार्षिकोत्सव समारोह की शुरुआत की गई। मध्याह्न आरती के बाद महाभंडारा में खिचड़ी का महाभोग साई को अर्पित किया गया। जिसमें हजारों साई भक्तों ने भाग लिया। वार्षिक महोत्सव के दौरान मंदिर को पूरी तरह से सजाया गया। ? साई राम ? साई राम भजन से पूरा वातावरण भक्तिमेय हो गया। वही साईं मंदिर के अध्यक्ष मुंदनेश्वर चौधरी ने बताया कि साई मंदिर का 12वां वार्षिक उत्सव काफी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कोलकाता पश्चिम बंगाल के कलाकार सुरजीत दास और उज्जैन से अशोक नायक के द्वारा भजन गायन का आयोजन किया गया। मौके पर साईं मंदिर के सचिव डॉ संजय कुमार सिन्हा, गोपाल बंजारा, डॉ पवन केसरी, अनुज कुमार सिंह, हरिनंदन चौधरी, उत्तम कुमार गुड्डू , डॉ मनोज कुमार घोष, रामप्रवेश टुनटुन, रामप्रवेश शाह, प्रमोद गुप्ता, नलिन झा, प्रतिमा अम्बाष्ठ, सुनील खैरा, रमेश चौधरी, अजय कुमार गुप्ता, अरुण सिंह, नंद स्वामी, डॉ रमेश वर्मा, सुधांशु झा, उज्जवल कुमार, नवीन कुमार सिंह, प्रो अनिल कुमार आदि मौजूद थे।

## चेन छिनतई की घटना को अंजाम देने वाले दो युवक गये जेल

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के रसिकपुर बेसिक स्कूल के पास टहल रही महिला के गले से झपट्टा मारकर चेन छीनने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपियों में कटिहार जिला अंतर्गत कोढ़ा थाना क्षेत्र के नया टोला जुरबगंज गांव के अनीश कुमार और संजू कुमार शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि 14 फरवरी को पीड़िता कल्याणी दत्ता पति स्व विष्णु कुमार दत्ता ग्राम लीची बगान थाना ईशाचक जिला भागलपुर की रहनेवाली है। पीड़िता के बयान पर अज्ञात बाइक सवार अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। आवेदन के अनुसार वह अपने बेटा का ससुराल रसिकपुर बेसिक स्कूल के पास टहल रही थी। इसी बीच काला रंग प्लसर पर सवार दो युवक इनके समीप आये एवं पीछे बैठा अपराधकर्मी इनके गले से चैन झपटामार कर छीनकर टीन बाजार की ओर भाग गये तभी इनके द्वारा काला रंग का मोटरसाईकिल प्लसर का रजिस्ट्रेशन नम्बर जेएच05 बीबी-3463 देखा लिया गया। तत्पश्चात छापामारी टीम का गठन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में किया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड का उद्भेदन कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## संदिग्ध स्थिति में युवक का शव बरामद

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुमका में से लिया मुख्य मार्ग पर मुफस्सिल खाना क्षेत्र के विजयपुर गांव के पास से पुलिस ने शुक्रवार की रात युवक का शव बरामद किया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक दिलीप केवट(43) मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सरूवा केवट पाड़ा का रहनेवाला था। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। बताया जाता है कि युवक नशे की लत का आदि था। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## 10 चालकों पर हुई कार्रवाई

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बढ़ती हुई सड़क हादसे और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार के निर्देश पर शनिवार को मुफस्सिल थाना के सामने वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने के आरोप में 10 चालकों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया। वाहन चेकिंग अभियान में मुफस्सिल थाना के एसआई बिहार उरांव, एएसआई मुस्ताक आलम जवानों के साथ शामिल थे। इस दौरान करीब 50-60 वाहनों की जांच की गई। बिना हेलमेट और बिना लाइसेंस के वाहन चलाने के आरोप में 10 चालकों पर कार्रवाई की गई।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन हेतु किया गया बैठक

**रानीश्वर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त, दुमका के निदेशानुसार आज दिनांक 15.02.2025 को प्रखंड कार्यालय कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी रानेश्वर राजेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में करस्तुबा गाँधी बालिका विद्यालय, रानीश्वर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नामाकंन हेतु बैठक किया गया। उक्त बैठक में करस्तुबा गाँधी बालिका विद्यालय, रानीश्वर के वार्डन के द्वारा यह जानकारी दिया गया कि वर्ग षष्ठ में नामाकंन हेतु 22 फरवरी 2025 तक आवेदन लिया जायेगा। विदित हो कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विद्यालय के वर्ग षष्ठ में कुल 75 रिक्तियां है जिसमें से बी0पी0एल0 कोटि में 19, अ0जा0 कोटि में 05, अ0ज0जा0 कोटि में 25, पिछड़ा वर्ग कोटि में 20 और अल्पसंख्यक कोटि में 06 रिक्तियां कणर्णांकित है। विभागीय निदेशानुसार नामाकंन प्रक्रिया में अनाथ बालिका, एकल अभिभावक, नक्सल प्रभावित क्षेत्र की बालिकायें, आदिम जनजाति समूह की बालिका, ट्रैफिकिंग बालिका, पलायन करने वाले परिवारों कि बालिकायें, सुदुरवर्ती एवं दुर्गम क्षेत्र, गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली एवं छिजित बालिकायों को प्राथमिकता दिया जाना है। नामाकंन हेतु आवेदन पत्र बी0आर0सी0 भवन रानीश्वर अथवा करस्तुबा गाँधी बालिका विद्यालय, रानीश्वर में जमा किया जाना है। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा विभागीय निदेशों का अनुपालन करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ नामाकंन प्रक्रिया सम्मन्न कराने का निदेश विद्यालय के वार्डन को दिया गया।

## अपहृत व्यक्ति को खोजने में विफल रही पुलिस, मिला लाश

**रानीश्वर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस गुमशुदा व्यक्ति को खोजने में विफल साबित हुआ और शनिवार की आज सुबह गुमशुदा व्यक्ति का लाश पास के गांव से ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने बरामद किया। घटना के संबंध में मृतक गोपीनाथ मुर्मू के छोटे भाई ने मीडिया को बताया कि 8 फरवरी 2025 को खदान में काम करने के लिए घर से निकला था। खदान में काम करने के बाद शाम के 4:00 अपनी पत्नी यानी मेरी भाभी से टेलिफोनिक बातचीत पर बताया कि पास के गांव पहुंच चुके हैं कुछ देर बाद घर पहुंच जाएंगे। जिस गांव से कॉल आया था इस गांव में गुमशुदा व्यक्ति गोपीनाथ मुर्मू का डेड बॉडी पुआल के ढेर में आज सुबह मिला। घटना की सूचना ग्रामीणों ने गोपीनाथ मुर्मू के परिजनों को दिया परिजनों ने रानेश्वर पुलिस को कॉल कर इसकी सूचना दी ।हालांकि परिजनों ने गांव या गांव के आसपास के लोगों पर आरोप तो नहीं लगाया लेकिन गोपीनाथ के सौतेले भाई से पुराना जमीन विवाद जमीन का विबाद चल रहा था।पुलिस गुमशुदा व्यक्ति को खोजने में विफल साबित हुआ। क्योंकि मृतक के परिजनों ने 11 फरवरी 2025 को गुमशुदा की सूचना थाना को दिया था। 15 फ़रवरी को लाश बरामद इसके साथ ही परिजनों के मोबाइल पर मैसेज पर 5 लाख फिरौती मांगे जाने की सूचना भी रानेश्वर पुलिस को दी थी। इसके बाद भी पुलिस गुमशुदा का मामला दर्ज कर ही जांच कर रही थी ।अब सवाल यह खड़ा होता है रानेश्वर पुलिस गोपीनाथ के परिजनों के मोबाइल पर फिरौती मांगे जाने का मैसेज आने के बाद भी क्यों गुमशुदा समझ कर जांच कर रही थी। क्या गोपीनाथ के हत्या के बाद ही जांच शुरू करना पुलिस की मनसा थी। क्या पुलिस इसकी जानकारी होने के बाद भी अनजान बनकर जांच कर रही थी। क्या पुलिस अभी भी जांच में सफल हो पाएंगे क्या हत्यारे की गिरफ्तारी हो पाएगी कुछ ऐसे ही सवाल लोगों के मन में उठाना शुरू हो गया है। वही रानीश्वर थाना के प्रभारीबिरबल राम ने कहा अज्ञात पर मामला दर्ज हो चुका है। जांच की जा रही है।

## टूरिस्ट ग्रुप के द्वारा निःशुल्क कुंभ यात्रा



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टूरिस्ट ग्रुप के मुखिया एवं समाजसेवी गोरख गुप्ता का जन्म उपलक्ष में ग्रुप के सदस्य गणेश गुप्ता एवं उपेंद्र प्रसाद के द्वारा निशुल्क 55 लोगों का एक बस कुंभ स्नान के लिए रवाना किया गया। गणेश गुप्ता ने बताया कि इसमें वैसे लोगों को यात्रा में भेजा गया जो की आर्थिक कमी के कारण कुंभ यात्रा में नहीं जा पा रहे थे। एवं ग्रुप के द्वारा सभी यात्रियों के लिए भोजन एवं पानी का भी निशुल्क व्यवस्था किया गया हैं।

## मूलभूत सुविधाओं से वंचित आमझोर के एक सबर के परिवार



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोड़ाम प्रखंड के पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत आमझोर टोला बुड़िगोड़ा कापास डुंगरी और झुनका डुंगरी के बीच में बसे एक सबर ( आदिम जनजाति परिवार ) मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। जिस जगह में परिवार रहते हैं वंहा न तो पेयजल की व्यवस्था है और न ही जाने के लिए रास्ता। पहाड़पुर पंचायत के मुखिया अजब सिंह ने बताया कि परिवार में छह सदस्य मनोहर सबर, चांदमनी सबर, राजीव सबर, संजय सबर,सोनाली सबर और कुष सबर है। मनोहर सबर के सूचना पर मुखिया परिवार के सदस्यों से मिलकर हालचाल जाना। मुखिया ने आश्वासन दिया है कि बीडीओ से मिलकर मामलें को अवगत कराएंगे और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करेंगे।

## पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला की छात्राओं को कराटे प्रशिक्षण देगी अन्वेषा संस्था, हुआ शुभारंभ



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला में शनिवार को अन्वेषा संस्था की ओर से बालिका कराटे प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसमें कॉलेज की काफी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। कराटे प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित सीमा महतो ने सभी छात्राओं को पहले दिन कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। अन्वेषा संस्था के संस्थापक सचिव अल्पना भट्टाचार्य, मधुमिता कुंडू व नीतू कुमारी ने भी छात्राओं को कराटे प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। मौके पर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य कृष्णपद महतो, विश्वनाथ महतो, चंद्रशेखर महतो, सुभाष चंद्र महतो समेत कॉलेज के अन्य शिक्षिक- शिक्षिकाएं, छात्र- छात्राएं एवं शिक्षेत्तर कर्मी उपस्थित थे।

## अनुप सिंह देव स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग के पुनः बने खरसावां विधायक प्रतिनिधि



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने अनुप सिंह देव को स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग का पुनः विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया। यह मनोनयन अनुप के पूर्व में जनता के प्रति बेहतर कार्य को देखते हुए किया गया है। विधायक ने एक बैठक में अनूप सिंह देव को प्रमाण पत्र देकर मनोनीत किया है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि अनूप सिंह देव ने कहा कि खरसावां के विधायक का आशीर्वाद हमेशा से रहा है। इन्हीं के आशीर्वाद के माध्यम से हजारों लोगों की आए दिन जान बच रही है। शिक्षा जगत में क्षेत्र में छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिता में भी छात्र आगे बढ़ रहे हैं। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि हमेशा क्षेत्र के गरीब पिछड़े अहसास वर्ग के लोगों के लिए समर्पित होकर दिन-रात काम करूंगा साथ ही विधायक दशरथ गागराई के द्वारा सौंपे गए कार्य को ईमानदारी पूर्वक निभाने का प्रयास करूंगा।

## स्कूटी चोरी के आरोप में जितेन प्रधान को जेल



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** कांड्रा पुलिस ने स्कूटी चोरी के आरोप में जितेन प्रधान नामक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार युवक गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत दुग्धा पंचायत के हरिहरपुर ग्राम का रहनेवाला है। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी विनोद कुमार मुर्मू ने बताया कि बीते 08 जनवरी को कांड्रा बाजार से चांडिल निवासी भीम मुर्मू की स्कूटी चोरी हो गई थी। इस बावत भीम मुर्मू द्वारा विगत 10 जनवरी को कांड्रा थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी। मामले की जांच के क्रम में तकनीकी एवं गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार सुबह करीब सात बजे पदमपुर टॉल प्लाजा के नजदीक से स्कूटी के साथ युवक को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ एवं जांच करने के बाद युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## भिक्षाटन कर गुजारा करने वाले सूर्यकांत दास करेंगे तीन दिवसीय शिव महायज्ञ का आयोजन



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 26 फरवरी को इस साल महाशिवरात्रि का त्योहार है। पटमदा व बोड़ाम प्रखंड के विभिन्न शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना के अलावा विभिन्न सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। पटमदा के आगुईडांगरा स्थित बड़तल शिव मंडप परिसर में तीन दिवसीय शिव महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसके मुख्य आयोजक हैं गांव - गांव में भिक्षाटन कर परिवार का गुजारा करने वाले सूर्यकांत दास। वह अपने सहयोगियों के साथ पिछले कई दिनों से पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड के विभिन्न गांवों में लोगों से सहयोग की अपील कर रहे हैं और उनके सहयोग में आगुईडांगरा के ग्रामीण भी तैयारी में जुटे हुए हैं। सूर्यकांत दास ने बताया कि तीन दिवसीय शिव महायज्ञ के अलावा महामंत्र संकीर्तन, लीला कीर्तन, बाउल संगीत व खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाएगा। दूसरी ओर बोड़ाम प्रखंड के दलमा बूढ़ा बाबा शिव मंदिर, लावजोड़ा, कुईयानी, पहाड़पुर, डांगरडीह व लायलम, पटमदा प्रखंड के जोड़सा, लच्छीपुर, बांसगढ़, लावा, पटमदा ब्लॉक कॉलोनी, आगुईडांगरा ,काटिन , बनकुंचिया, कुमीर में पूजा को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है।

# उपायुक्त के साप्ताहिक प्रखंड भ्रमण कार्यक्रम के तहत नोडल पदाधिकारी निकले गांव की ओर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार सभी 11 प्रखंडों के लिए नामित नोडल पदाधिकारी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रखंड के पंचायत क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। साप्ताहिक निरीक्षण के क्रम में सभी प्रखंडों के नोडल पदाधिकारियों ने पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन, जन वितरण प्रणाली दुकान, स्वास्थ्य उप केन्द्र, मनरेगा योजना तथा स्कूल आदि का निरीक्षण किया साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को बेहतर तरीके से क्रियान्वयन सहित स्थानीय लोगो को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने का निर्देश प्रखंड के पदाधिकारियों को दिया । इस क्रम में परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी ने घाटशिला प्रखंड के बडाखुर्शी, अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम शताब्दी मजुमदार ने बोड़ाम प्रखंड के बेलडीह, अनुमंडल पदाधिकारी घाटशिला ने चाकुलिया के मालकुंडी, अपर उपायुक्त भगीरथ प्रसाद ने पटमदा प्रखंड के कसमार, कार्यपालक पदाधिकारी अमन कुमार ने गुड़ाबांदा के बालीजुडी, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी ने धालभूमगढ के मौदशोली, डीसीएलआर घाटशिला ने बहरागोड़ा के चिंगड़ा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी ने डुमरिया के खैरबनी, जिला परिवहन पदाधिकारी ने जमशेदपुर के खाकड़ीपाडा, कार्यपालक पदाधिकारी सुदीप्त राज ने मुसाबनी के दक्षिणी बादिया, कार्यपालक दण्डाधिकारी चंद्रजीत सिंह ने पोटका के मानपुर पंचायत सहित जुगसलाई नगर परिषद, मानगो तथा जुगसलाई नगर निगम क्षेत्र के भी नोडल ने नगर निकाय में क्रियान्वित योजनाओं की वस्तुस्थिति को जाना तथा सरकार की संस्थाओं का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने पदाधिकारियों के क्षेत्र भ्रमण को लेकर बताया कि जिला प्रशासन इस दिशा में सतत प्रयासरत है कि धरातल पर विकास योजनाएं पहुंचे, सरकारी संस्थाओं के माध्यम से लोगों को बेहतर सेवाएं मिले ताकि लोगों की बुनियादी समस्याओं का समाधान किया जा सके।





## जमशेदपुर में स्काई डाइविंग फेस्टिवल आज से, पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार करेंगे उद्घाटन

### - उपायुक्त ने सोनारी एयरपोर्ट में तैयारियों का लिया जायजा, दिया जरूरी दिशा निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** झारखंड पर्यटन के तत्वावधान में स्काई डाइविंग फेस्टिवल 2025 का आयोजन जमशेदपुर में 16 फरवरी से 23 फरवरी 2025 तक होगा। सोनारी एयरपोर्ट में सुबह 10:30 बजे पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार द्वारा आयोजन का शुभारंभ किया जाएगा। इसका आयोजन झारखंड पर्यटन विभाग के सहयोग से स्काई हाइ इंडिया कंपनी द्वारा किया जा रहा है। आयोजन को लेकर उपायुक्त अन्यय मित्तल ने तैयारी का जायजा लिया तथा सोनारी एयरपोर्ट में बैठक कर प्रशासनिक एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त के अलावा वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, सिटी एसपी कुमार शिवशीष, डीएसएम धालभूम शताब्दी मजूमदार एवं अन्य मौजूद थे।

## आरएसबी प्लांट-2 कंपनी में आयोजित वार्षिक रक्तदान शिविर में 362 यूनिट रक्त संग्रह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** औद्योगिक क्षेत्र के फेज सात स्थित आरएसबी प्लांट-2 कंपनी में शनिवार को वार्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में गम्हरिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार द्विवेदी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में आरएसबी कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट एसके बेहरा, संगीता बेहरा, नलिनी बेहरा, कंपनी की अधिकारी जया सिंह, 157 सीआरपीएफ के कमांडेंट श्रीकांत सिंह आदि उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर शिविर का उदघाटन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने रक्तदान करने पहुंचे कंपनी के कर्मचारियों तथा मजदूरों का उत्साहवर्धन किया। वहीं आरसीबी के तीनों प्लांट में समय-समय पर आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर कार्यक्रम की सराहना की। इस शिविर में कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 362 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया जिसे जमशेदपुर ब्लड बैंक में सुरक्षित रखा गया। इस मौके पर अतिथियों द्वारा कंपनी परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। शिविर के सफल आयोजन में कंपनी के एचआर हेड एसके वर्मा, एचआर विभाग के हेमंत प्रधान, सुनीता, श्वेता तिवारी, सागरिका, एच आर यूनियन के अध्यक्ष पंकज सिंह, अनिल प्रसाद, एससी झा, सुभाष महतो, विजय सिंह, प्रदीप अड्डो, विमलेश कुमार, विजय सिंह, शंकर कुमार, बी तिवारी, कैलाश महतो, संजय सोय, राजेश महतो, अनुज कुमार सिंह आदि की सक्रिय भूमिका रही।

## श्रीराम मंदिर स्थापना के वर्षगांठ पर सिदगोड़ा सूर्य मंदिर में संगीतमय श्रीराम कथा 22-28 फरवरी तक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** सूर्य मंदिर समिति, सिदगोड़ा के तत्वावधान में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर स्थापना की पंचम वर्षगांठ पर 21 फरवरी से 1 मार्च तक भव्य धार्मिक आयोजन होने जा रहा है। इस अवसर पर संगीतमय श्रीराम कथा, शोभायात्रा, विशेष पूजन-हवन समेत कई अनुष्ठान संपन्न होंगे। शनिवार को साकची स्थित होटल दयाल इंटरनेशनल में आयोजित प्रेस वार्ता में सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह एवं पदाधिकारियों ने आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की। चंद्रगुप्त सिंह ने बताया कि सूर्य मंदिर जनभागीदारी और जनसहयोग से एक भव्य स्वरूप में स्थापित हुआ है। आज यह झारखंड के एक सुंदर, रमणीक और दार्शनिक स्थल के रूप में लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। इसी श्रद्धा और भक्ति को और अधिक प्रगाढ़ करने के लिए इस वर्ष भी श्रीराम कथा का दिव्य आयोजन सुनिश्चित किया गया है। इस दौरान सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी प्रेम झा एवं प्रमोद मिश्रा मौजूद रहे। चंद्रगुप्त सिंह ने बताया कि आयोजन की शुरुआत 21 फरवरी को होगी, जिसमें दोपहर 3 बजे सुगना कॉलोनी, बारीडीह मंदिर से भव्य शोभायात्रा सह नगर भ्रमण निकलेगा। यह शोभायात्रा नगर के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरते हुए सूर्यधाम पहुंचेगी। सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि 22 फरवरी से 28 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से संध्या 7:30 बजे तक श्रीराम कथा का आयोजन होगा। इस कथा का वाचन वृंदावन धाम से पधार रहे प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य राजेंद्र जी महाराज करेंगे। वे श्रीरामचरितमानस की संगीतमय कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम के आदर्शों और जीवन मूल्यों से जोड़ेंगे। मीडिया प्रभारी प्रेम झा एवं प्रमोद मिश्रा ने बताया कि आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

### किस दिन कौन से आयोजन

**21 फरवरी- भव्य शोभायात्रा सह नगर भ्रमण।**

**संगीतमय श्री रामकथा का शुभारंभ :**

**22 फरवरी- श्री राम कथा महिमा।**

**23 फरवरी-श्री शिव-पार्वती शुभ विवाह।**

**24 फरवरी- श्री राम जन्मोत्सव।**

**25 फरवरी- श्री बाल लीला।**

**26 फरवरी- श्री सीताराम विवाहोत्सव।**

**27 फरवरी- केवट प्रसंग एवं भरत चरित्र।**

**28 फरवरी- वन लीला एवं श्री राम राज्याभिषेक।**

## जमीन वापसी को रैयतदारों ने किया प्रदर्शन, जेएलकेएम नेता भी पहुंचे समर्थन में



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के चौंका थाना क्षेत्र के बड़ामटांड़ मौजा में रैयतों ने जमीन पर निर्माण कार्य के खिलाफ प्रदर्शन किया। सुचना मिलते ही जेएलकेएम नेता तरूण महतो भी रैयतों के आंदोलन का समर्थन में पहुंचे। प्रदर्शन का नेतृत्व महिलाओं ने किया। रैयतों ने जमीन पर 20 साल बाद कंपनी द्वारा चारदीवारी का निर्माण कर दखल करने का विरोध किया। रैयतों ने बताया कि 2005 में औने पौने दामों पर नौकरी देने का एकरार नामा कर बरगलाकर मेसर्स रांची मेटल एण्ड इस्पात प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा 42 एकड़ जमीन खरीदी और 6 महीने बाद ही कंपनी चालू कर नौकरी देने का वादा किया गया था। अभी तक न कंपनी खुला और न ही नौकरी दिया गया। रैयतों ने कहा कि हम इसका जमकर विरोध करेंगे और न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जाएगा। तरूण महतो ने कहा कि 5 साल तक कंपनी नही खोलने पर रैयतों को जमीन वापस करने का प्रावधान है। कंपनी मालिक अगर वार्ता कर उचित मुआवजा नहीं देते हैं तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

## एक्सएलआरआइ में पहली बार आयोजित किए गए आध्यात्मिक सम्मेलन का हुआ समापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआइ के सेंटर फॉर स्पिरिचुअलिटी द्वारा स्पिरिचुअलिटी कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन किया गया. कार्डिनल कूनिग हाउस (वियना, ऑस्ट्रिया), लासाले-हाउस बैड शॉनब्रुन (स्विट्जरलैंड), मकाऊ रिक्की इंस्टीट्यूट (मकाऊ) और मनेरेसा रिट्रीट हाउस (गोजो, माल्टा) के सहयोग से आयोजित इस कॉन्क्लेव में सभी को कॉर्पोरेट सेक्टर में अध्यात्म के महत्व से अवगत कराया गया. इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. फादर. सोमी एम मैथ्यू, एसजे (सीएसआईएफ, जेसीएसए, नई दिल्ली), डॉ. फादर. मरियनस कुजूर, एसजे (निदेशक, एक्सआईएसएस, रांची) और सुश्री आरती शर्मा (सीनियर डायरेक्टर, द कोका-कोला कंपनी, वेस्ट इंडिया) उपस्थित थीं. फादर टॉम ऑडिटोरियम में आयोजित इस कॉन्क्लेव में व्यवसाय में आध्यात्मिकता का समावेश: भारत की विविध परंपराओं से ज्ञान अर्जित करना विषय पर प्रतिष्ठित विद्वानों, कॉर्पोरेट लीडर और विचारकों ने हिस्सा लिया. उन्होंने नेतृत्व, व्यावसायिक नैतिकता और मानव समृद्धि में आध्यात्मिकता की भूमिका पर चर्चा की. इस कार्यक्रम ने इस बात पर जोर दिया कि आध्यात्मिक मूल्य नैतिक निर्णय लेने, सार्थक नेतृत्व और टिकाऊ कॉर्पोरेट प्रथाओं के लिए एक मजबूत आधार प्रदान कर सकते हैं.

# बडाहरिहरपुर ब्लास्टर्स ने जीता एमपीएल-6 का खिताब

## सचिन टुडू प्लेयर ऑफ़ द सीरीज एवं सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सुमित महतो बने सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** बडाहरिहरपुर ब्लास्टर्स ने रोमांचक फाइनल मुकाबले में रामचंद्रपुर रॉयल्स को सात विकेट से हराकर महादेव प्रीमियर लीग (एमपीएल) टेनिस बॉल क्रिकेट के छठे संस्करण का खिताब जीत लिया।

शनिवार को रामचंद्रपुर रॉयल्स के धांसू खिलाडी सचिन टुडू प्लेयर ऑफ़ द सीरीज के साथ साथ लीग के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज होने के का भी गौरव प्राप्त किया। रामचंद्रपुर रॉयल्स के ही सुमित महतो एमपीएल सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ बने। फाइनल में धमाकेदर बल्लेबाजी करने वाले मुकेश कुमार प्लेयर ऑफ़ फाइनल रहे।

सरायकेला जिला के कांड्रा स्थित आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड द्वारा कर्मचारियों के लिए आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट महादेव प्रीमियर लीग (एमपीएल) के सभी मैच बडाहरिहरपुर मैदान में खेले गए।

फाइनल मैच में रामचंद्रपुर रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 12 ओवरों में तीन विकेट खोकर शानदार 93 रन बनाये। सुमित महतो (36), सचिन टुडू (23) और नीरज ने 12 रन अपनी टीम के लिए जोड़े। बडाहरिहरपुर की ओर से मुकेश कुमार ने दो और लालचंद रवानी ने एक विकेट लिया।

जवाबी पारी में नारायण महतो की आतिशी पारी (36) मुकेश कुमार के बहुमूल्य 28, और सचिन सिंह (12) रनों की बदौलत बडाहरिहरपुर ब्लास्टर्स ने ग्याहरवें ओवर में ही लक्ष्य प्राप्त कर चैंपियनशिप खिताब अपने नाम कर लिया।

फाइनल में मुख्य अतिथि के रूप में कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण कुमार मिश्रा ने पारितोषिक वितरण किया तथा खिलाडियों का हौसला आफजाई की उन्होंने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी तथा सभी खिलाड़ियों को मैडल देकर पुरस्कृत किया। दस दिन तक चले महादेव प्रीमियर लीग (एमपीएल) में सभी उच्चाधिकारी और कर्मचारियों ने खेल भावना का परिचय देते हुए टूर्नामेंट को सफलतम बनाया।

गौरतलब है कि महादेव प्रीमियर लीग (एमपीएल) में कुल सोलह टीमें खेल रहीं थीं जिसमे पदमपुर पैशनेट, कांड्रा किंग्स, बडाहरिहरपुर ब्लास्टर्स, छोटाहरिहरपुर कॉन्कर, श्रीरामपुर स्ट्राइकर्स, रामजीवनपुर रॉकर्स, बिरराजपुर ब्रेव, पिंडरबेरा पैंथर्स, रपचा रैप्टर्स, बिकानीपुर ब्रिलिएंट्स, मनीकुई मोंकस, वृद्धराजपुर विक्टर्स, दुग्धा डेरिंग, गिद्धिबेरा ग्रेट्स, जग्गनाथपुर ज्वेल्स और रामचंदपुर रॉयल्स ने अपनी-अपनी दावेदारी पेश की थी।

संपादकीय

# केजरीवाल भारतीय राजनीति की एक अनबूझ पहेली

अरविंद केजरीवाल जब अभूतपूर्व बहुमत के साथ सत्ता में थे और अब जब वे सत्ता की कुर्सी से बेइज्जत होकर बाहर निकल गए हैं, तब भी अरविंद केजरीवाल भारतीय राजनीति का एक अनसुलझा रहस्य बने हुए हैं। वे सत्ता की राजनीति की दुनिया में एक असामान्य रास्ते से आए थे। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के रूप में काम करते हुए, वे सूचना के अधिकार आंदोलन से जुड़े और फिर अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से जुड़ गए। वहां से वे चुनावी राजनीति में आए और अप्रत्याशित सफलता प्राप्त कर देश के शीर्ष नेताओं में से एक बन गए। यह सब इतनी जल्दी हुआ कि कोई भी समझ नहीं पाया कि राजनीति में उनका अभूतपूर्व विकास कैसे और किन कारणों से हुआ। राजनीति में उनके तेजी से बढ़ते कद पर एक नजर डालना उचित होगा। वर्ष 2011 में अरविंद केजरीवाल की पहल पर अन्ना हजारे भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व करने दिल्ली आए थे। इस आंदोलन का मुख्य निशाना सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी थी और इसलिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भी इस आंदोलन में रुचि लेना शुरू कर दिया। जिस दिन अन्ना लोकपाल विधेयक की मांग को लेकर अनशन पर बैठने वाले थे, उसी दिन डॉ मनमोहन सिंह की कांग्रेस सरकार ने अन्ना हजारे और अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया और यह केजरीवाल के राजनीतिक करियर का एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। आंदोलन की सफलता के बाद केजरीवाल ने राजनीतिक पार्टी बनाने का फैसला किया। हालांकि अन्ना हजारे राजनीति में नहीं आना चाहते थे। भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन का समर्थन करने वाली भाजपा भी आम आदमी पार्टी (आप) के गठन के खिलाफ थी। लेकिन केजरीवाल और उनके साथियों ने पार्टी बनाने का फैसला किया। आम आदमी पार्टी ने राजनीति में पारदर्शिता लाने का वादा किया। पार्टी ने कहा कि उसे मिलने वाला हर दान चेक के जरिए ही स्वीकार किया जाएगा और हर दानकर्ता का नाम वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से दिखाया जाएगा। पार्टी ने यह भी घोषणा की कि चुनाव लड़ने के लिए टिकट सिर्फ उन्हीं उम्मीदवारों को दिए जाएँगे जिन्हें जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों का समर्थन प्राप्त होगा। इसके अलावा पार्टी ने वीआईपी संस्कृति को छोड़ने का वादा करते हुए कहा कि उसके नेता सादा जीवन जिएँगे। बाद में पार्टी अपने सभी वादों से मुकर गई। सत्ता में आने से पहले केजरीवाल को दलीय राजनीति का कोई अनुभव नहीं था, लेकिन यह मानना होगा कि उनमें राजनीति की बारीकियों को समझने की बुद्धि थी। वे उस स्थिति का अच्छी तरह आकलन कर पाए थे जिसमें मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी की कांग्रेस जनसमर्थन के अभाव में कमजोर हो गई थी और मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी राजनीति में उस शून्य को भरने की तेजी से कोशिश कर रही थी। राजनीति में खाली मैदान को समझने की इसी क्षमता के कारण केजरीवाल पंजाब चुनाव में अपनी पार्टी को अभूतपूर्व जीत दिलाने में सफल रहे। गुजरात और हरियाणा में, जहां भाजपा और कांग्रेस की मजबूत पकड़ थी, वे बिलकुल भी सफल नहीं हुए। केजरीवाल यह भी जानते हैं कि भारतीय राजनीति में आपको हमेशा नैतिकता और मूल्यों की बात करनी चाहिए। उनकी नैतिकता और ईमानदारी अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं की तरह ही संदेह के घेरे में है, लेकिन मतदाताओं के मन में अपनी अच्छी छवि बनाकर वे चुनावी सफलता की सीढ़ियां चढ़ते रहे हैं। राजनीति में तेजी से बढ़ते कद के कारण जहां केजरीवाल खुद महत्वाकांक्षा का शिकार हो गए, वहीं दूसरी ओर उनके राजनीतिक विरोधी भी उनके खिलाफ लामबंद हो गए। 2014 और 2019 में लोकसभा चुनाव जीतने के बाद 2015 और 2020 में दिल्ली विधानसभा चुनाव हारने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेतृत्व को गहरा सदमा लगा। इससे प्रधानमंत्री मोदी और केजरीवाल के बीच अहंकार का टकराव हुआ और भाजपा के लिए केजरीवाल और आम आदमी पार्टी राहुल गांधी और कांग्रेस से भी बड़े दुश्मन बन गए। अक्सर कहा जाता है कि केजरीवाल दिल से हिंदुत्ववादी हैं और उन्हें आरएसएस का गुप्त समर्थन प्राप्त है। ऐसा कहने वालों का मानना है कि केजरीवाल भगवा ब्रिगेड से नहीं बल्कि मोदी से विरोध करते हैं और उनके असली राजनीतिक दुश्मन कांग्रेस और वामपंथी झुकाव वाली दूसरी धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक पार्टियां है। अगर हम हाल ही में हुए गुजरात और हरियाणा विधानसभा चुनावों और पिछले साल हुए दिल्ली लोकसभा चुनावों को देखें तो यह बात काफी हद तक सच लगती है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि दिल्ली चुनावों में कांग्रेस ने केजरीवाल को उसी के अंदाज में जवाब देने का फैसला किया। अति महत्वाकांक्षा के अलावा केजरीवाल की दो और समस्याएं है। वह विचारधारा विहीन राजनीति कर रहे हैं और उन्हें यह समझ नहीं आ रहा है कि ऐसी राजनीति लंबे समय तक नहीं चल सकती। अगर उन्हें लगता है कि हिंदुत्व के प्रति उनका झुकाव आम आदमी पार्टी को भाजपा के बजाय आरएसएस के करीब ले आएगा तो यह उनकी भूल है। उनकी दूसरी समस्या यह है कि खुद को आम आदमी पार्टी का नेता और दिल्ली की गरीब जनता का बेटा कहने के बावजूद उनकी मानसिकता सामंतवादी है. जो हमारी नौकरशाही की एक सामान्य विशेषता है। इसी कारण से उन सभी लोगों को पार्टी से निकाल दिया गया, जिनका व्यक्तित्व उनसे बड़ा था और जिनमें सामाजिक भावनाएं थीं। अगर वे सभी लोग आम आदमी पार्टी में होते, तो आम आदमी पार्टी एक अच्छी और शक्तिशाली पार्टी के रूप में भाजपा और कांग्रेस के लिए एक बड़ी चुनौती बन सकती थी। लेकिन असुरक्षा की भावना के कारण खुद को शीर्ष पर बनाए रखने की प्रवृत्ति के कारण केजरीवाल ने इस संभावना को समाप्त कर दिया। वह भूल गए कि भारतीय राजनीति में ऊपर उठने का असली रास्ता त्याग है, पद पाना नहीं। आखिर में सवाल यह उठता है कि क्या कोई राजनीतिक दत सिर्फ भ्रष्टाचार विरोधी एजेंडे के सहारे जिंदा रह सकता है? आम आदमी पार्टी का सफर बताता है कि सिर्फ लोकलुभावन नारों और जनाक्रोश की लहर पर सवार होकर बदलाव लाना संभव नहीं है। आज अरविंद केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी देश की राजनीति के चौराहे पर खड़ी है। भविष्य ही बताएगा कि वे कहां जाएंगे और कहां तक पहुंचेंगे।

# नौनिहालों के सपनों पर हावी होते कोचिंग सेंटर

प्रियंका सौरभ

**भारत में कोचिंग सुविधाओं की संख्या में तेज़ी से वृद्धि देखी जा रही है। ये केंद्र छात्रों को स्कूल स्तर की परीक्षाओं के साथ-साथ जेईई, नीट और यूपीएससी की तैयारी में मदद करते हैं। हालाँकि, इस उद्योग की विस्फोटक वृद्धि से कई चिंताएँ भी पैदा हो रही हैं। लगभग 58, 000 करोड़ के बाज़ार मूल्य के साथ, भारत का फलता-फूलता कोचिंग क्षेत्र अब पूरे देश से करोड़ों छात्रों को आकर्षित करता है। पारंपरिक शिक्षा में अंतर को पाटने के लिए, ये निजी संस्थान विशेष परीक्षा की तैयारी प्रदान करते हैं। हालाँकि, चिंताएँ हैं कि उनका बाज़ार-संचालित दृष्टिकोण औपचारिक शिक्षा के मानकों को गंभीर रूप से प्रभावित करता है और शैक्षणिक माँगों को बढ़ाकर छात्रों की पढाई पर भारी बोझ डालता है। कोचिंग सेंटरों के विस्फोटक विकास के कारण भारत में औपचारिक शिक्षा प्रणाली और छात्रों के कल्याण सम्बंधित चिंताएँ जताई गई हैं।**

छात्रों की भलाई और औपचारिक शिक्षा में कोचिंग सेंटरों का प्रभाव कम हो गया है। छात्र अपनी अकादमिक पढ़ाई से पहले कोचिंग सत्रों को प्राथमिकता देते हैं, जिससे व्यापक शिक्षा प्रदान करने में स्कूलों की भूमिका कम हो जाती है। उदाहरण के लिए, बहुत से छात्र केवल उपस्थिति आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्कूल जाते हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए केवल ट्यूशन सुविधाओं का उपयोग करते हैं। कोचिंग सेंटर में लंबे समय तक पढ़कर कड़ी प्रतिस्पर्धा करने वाले छात्र तनाव, चिंता और बर्नआउट का अनुभव करते हैं। कोटा के छात्रों की आत्महत्या की रिपोर्ट कोचिंग सेंटर के माहौल से होने वाले गंभीर मनोवैज्ञानिक नुक़सान को दर्शाती है। कोचिंग सेंटर अकादमिक फोकस और तैयारी की रणनीतियों पर हावी हैं, जिससे छात्रों की अपनी शिक्षा में रुचि ख़त्म हो जाती है। कोचिंग सेशन में भाग लेने के लिए, कई सीबीएसई स्कूलों में छात्र महत्त्वपूर्ण शैक्षणिक वर्षों के दौरान नियमित कक्षाएँ छोड़ देते हैं। उच्च कोचिंग लागत आर्थिक रूप से वंचित छात्रों को उच्च-गुणवत्ता की तैयारी तक पहुँचने से रोककर शैक्षिक अवसरों में अंतर को और बढ़ा देती है। प्रीमियम जेईई तैयारी कार्यक्रमों की लागत लाखों तक है, जो उन लोगों को अलग करती है जो कोचिंग का ख़र्च उठा सकते हैं और जो नहीं उठा सकते हैं।

कोचिंग उद्योग कई कारकों के परिणामस्वरूप विकसित हुआ है। कोचिंग की आवश्यकता उच्च-दांव वाली प्रवेश परीक्षाओं, जैसे कि जेईई और एनईईटी पर ज़ोर देने से प्रेरित है। आईआईटी सीटों की सीमित संख्या के कारण, छात्र चयनित होने की अपनी संभावनाओं को बढ़ाने के लिए कोचिंग सेंटरों में दाखिला लेते हैं। माता-पिता और छात्रों के अनुसार, प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाने के लिए कोचिंग सेंटर आवश्यक हैं। क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में उनके प्रदर्शन में सुधार होगा, इसलिए कई माता-पिता कोचिंग फीस पर बड़ी रक़म ख़र्च करते हैं। औपचारिक शिक्षा में



प्रतियोगी परीक्षाओं की उन्नत तैयारी का अभाव अक्सर एक कमी छोड़ देता है जिसे कोचिंग सेंटर भर देते हैं। राज्य बोर्ड राज्य बोर्ड और एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों के ज्ञान पर ज़ोर देते हैं, जबकि कोचिंग सेंटर प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष तैयारी प्रदान करते हैं। कोचिंग सेंटर में शामिल होने के लिए छात्रों पर साथियों और अभिभावकों के दबाव के परिणामस्वरूप कोचिंग संस्कृति तेजी से बढ़ रही है। पूरा परिवार कोटा और हैदराबाद जैसी जगहों पर कोचिंग के अवसरों के लिए जा रहा है। कोचिंग सेंटर रैंक-केंद्रित विज्ञापनों और सफलता की कहानियों के साथ छात्रों को आकर्षित करते हैं। अपने विज्ञापनों में, कोचिंग सेंटर अपने सर्वश्रेष्ठ छात्रों को प्रदर्शित करते हैं, जिससे यह धारणा बनती है कि सफलता सुनिश्चित है।

इसका सामान्य रूप से शिक्षा पर प्रभाव पड़ता है। कोचिंग सेंटरों द्वारा पाठ्यक्रम से अधिक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर ज़ोर दिए जाने के परिणामस्वरूप छात्र अपनी नियमित शैक्षणिक पढ़ाई की उपेक्षा करते हैं। कक्षा 11 और 12 के दौरान, छात्र पूरे दिन के जेईई या नीट कोचिंग सत्र में भाग लेने के लिए अक्सर स्कूल छोड़ देते हैं। औपचारिक शिक्षा की वैधता कम हो जाती है क्योंकि छात्र अपना ध्यान कोचिंग सेंटरों की ओर मोड़ते हैं, जिससे शिक्षक की प्रेरणा कम हो जाती है। छात्र केवल कोचिंग सामग्री का उपयोग करते हैं और शहरी क्षेत्रों के स्कूल कक्षा में कम भागीदारी की रिपोर्ट करते हैं। परीक्षाओं में सफल होने के लिए रटने को प्रोत्साहित करके, कोचिंग सेंटर स्कूलों में सिखाई जाने वाली आलोचनात्मक सोच और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोग कौशल को कमज़ोर कर देते हैं। प्रवेश परीक्षा अध्ययन मार्गदर्शिकाएँ अक्सर वैचारिक विश्लेषण की तुलना में नियमित समस्याओं को हल करने पर अधिक ज़ोर देती हैं। खेल, कला और पाठ्येतर गतिविधियाँ प्रभावित होती हैं क्योंकि छात्र कोचिंग कक्षाओं में बहुत अधिक समय व्यतीत करते हैं। छात्र अक्सर इंजीनियरिंग या मेडिकल परीक्षाओं की तैयारी करते समय स्कूल द्वारा प्रायोजित एथलेटिक कार्यक्रमों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से चूक जाते हैं। परीक्षा-केंद्रित संसाधनों तक पहुँच उच्च कोचिंग लागतों द्वारा सीमित है, जिसके परिणामस्वरूप एक दोहरी प्रणाली है जहाँ केवल गरीब ही मुख्यधारा की शिक्षा से लाभ उठा सकते हैं। सरकारी स्कूली बच्चे अल्प शैक्षिक संसाधनों पर निर्भर हैं, जबकि अमीर छात्र प्रतिष्ठित संस्थानों में जाते हैं।

स्कूलों में पढ़ाई को बेहतर बनाने के लिए, निजी कोचिंग सुविधाओं पर निर्भरता कम करने के लिए स्कूलों में कोचिंग सत्र और उन्नत शिक्षण मॉड्यूल शुरू करें। ऑनलाइन संसाधनों को प्रोत्साहित करें जो परीक्षण लेने की लागत और आय के बीच के अंतर को कम करने के लिए अधिक किफायती कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करते हैं। सभी छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नपटल और दीक्षा जैसे प्लेटफ़ॉर्म द्वारा दिए जाने वाले मुफ़्त संसाधनों का उपयोग कर सकते हैं। विशेष कोचिंग की आवश्यकता को कम करने के लिए ज्ञान-भारी परीक्षाओं की तुलना में योग्यता-आधारित आकलन को प्राथमिकता दें। कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस एग्जाम विषय-वस्तु के ज्ञान की तुलना में योग्यता और आलोचनात्मक सोच को प्राथमिकता देता है। स्कूल के शिक्षकों को उन्नत निर्देश और सलाह देने के लिए आवश्यक संसाधन देने के लिए शिक्षक तैयारी कार्यक्रमों पर पैसा ख़र्च करें। देश भर के शिक्षकों के पेशेवर कौशल को बढ़ाना निष्ठां जैसे सरकारी कार्यक्रमों का लक्ष्य है। ऐसे दिशा-निर्देश बनाएँ जो एक अच्छी तरह से पाठ्यक्रम को प्राथमिकता दें जो प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए परीक्षा देने की रणनीतियों के साथ शैक्षणिक, सांस्कृतिक और एथलेटिक निर्देश को जोड़ता हो। 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) अंतःविषय शिक्षा को बढ़ावा देती है और उच्च-दांव वाली परीक्षाओं से जुड़े तनाव को कम करती है।

कौशल-आधारित पाठ्यक्रम, व्यक्तिगत शिक्षण और नवीन शिक्षण तकनीकों के माध्यम से औपचारिक शिक्षा को बढ़ाकर कोचिंग केंद्रों पर निर्भरता को कम किया जा सकता है। मज़बूत कानून, उचित मूल्य, उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और छात्रों की भलाई को बढ़ावा देने से निष्पक्ष, व्यापक शिक्षण वातावरण की गारंटी होगी। नेल्सन मंडेला ने एक बार कहा था, शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं। भविष्य समानांतर शैक्षिक प्रणालियों में नहीं है, बल्कि अंतराल को बंद करने में है।

दृष्टि कोण

# भारत, रूस और अमेरिका के बीच नए समीकरण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पेरिस और वॉशिंगटन दौरे के बाद आस बंधी है कि भारत में अनवरत विद्युत और गैस सप्लाई से आर्थिक विकास दर में वृद्धि होगी। एक समय उद्यमी अपने कल-कारखाने में उत्पादन कार्य से पहले अनवरत विद्युत सप्लाई के लिए भागदौड़ में जुटा रहता था। आज एक ओर क्लाइमेट चेंज के कारण कार्बन रहित विद्युत उत्पादन पर जोर दिया जा रहा है, वहीं आणविक विद्युत सप्लाई के लिए बड़े संयंत्र की जगह छोटे आणविक संयत्रों की मांग बढ़ रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने दौरे के पहले पड़ाव में पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रपति एमेन्युअल मैक्रो से द्विपक्षीय वार्ता में रिन्युअल एनर्जी के अंतर्गत छोटे आणविक संयंत्रों की सप्लाई पर अहम समझौता कर कार्बन रहित संस्कृति को गति दी है। इससे निःसंदेह मोदी के 'मेक इन इंडिया' मंत्र को नई दिशा मिलेगी, वहीं देश के विभिन्न राज्यों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर खड़े किए जा सकेंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए चौबीसों घंटे अनवरत विद्युत आपूर्ति की जरूरत होगी, जो डाटा सेंटर और विशाल कंप्यूटर सेंटर को सजीव रख सके। भारत के आर्थिक विकास में ऊर्जा के क्षेत्र में कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति एक प्राथमिकता है।

आने वाले दिनों में भारत की ऊर्जा, विशेषकर कच्चे तेल की माँग चीन से ज्यादा होगी। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी की मानें तो निःसंदेह तीन सालों में भारत के कारोबार में वृद्धि होने से परिवहन और उद्योग में कच्चे तेल की माँग बढ़ेगी, एक तेजी से खड़ी होने वाली भारतीय इकॉनमी के लिए परिष्कृत ऊर्जा और और विद्युत ऊर्जा की जरूरत होगी। पेरिस आधारित इस एजेंसी के अनुसार भारत को मौजूदा 15.380 करोड़ बैरल से बढ़ कर 2030 में 16.640 करोड़ बैरल प्रतिदिन की जरूरत होगी। मोदी ने वार्ता के दौरान अगले पाँच सालों में विकसित भारत-2047 तक दोगुने व्यापार की उम्मीद जताई है।

बता दें, मोदी और ट्रम्प वार्ता के दौरान व्यापार संधि में भारत ने अमेरिका से कच्चा तेल खरीदने पर सहमति जताई है। भारत अमेरिका से कितना तेल और गैस खरीदेगा, इस पर विचार जारी है। दुनिया में कच्चे तेल के आयात में चीन और अमेरिका के बाद भारत तीसरा बड़ा आयातक देश है।

**मोदी-ट्रम्प वार्ता में ऊर्जा** : कच्चे तेल पर आधारित भारतीय इकॉनामी को पाँच खरब की इकॉनामी बनने के लिए अमेरिका से होकर क्षितिज पर पहुँचना होगा। दुनिया में तेल के आयात में भारत तीसरा (10.1%) बड़ा देश है। भारत ने 2023-24 में 88% तेल के आयात पर निर्भर रहा। 2023-24 में कच्चे तेल का बिल 139.3 अरब डॉलर था, जो भारत के कुल आयात मूल्य 678 डॉलर का 21 प्रतिशत कहा जा सकता है। इसमें तेल आधारित उत्पाद नहीं है। भारत खुद तेल आधारित उत्पाद बना कर यूरोपीय देशों को निर्यात करता है और 23.3 अरब डालर अर्जित करता है। इसमें एलपीजी 10.5 अरब डॉलर, 22.1 अरब डॉलर के हाई स्पीड डीजल और 11.2 अरब डॉलर मोटर स्पिरिट है। ऐसे में कच्चे तेल की क़ीमतें गिरती हैं, निश्चित तौर पर भारत लाभान्वित होगा।

अभी तक तेल की कीमतों को प्रभावित करने में खाड़ी में तेल उत्पादक देशों और ओपेक प्लस देशों में रूस, अमेरिका सहित ऐसे आधा दर्जन देश हैं, जो तेल का उत्पादन करते हैं। भारत में कच्चे तेल का उत्पादन अल्प मात्रा में हो पाता है, जबकि उसे अठासी प्रतिशत तक आयात पर निर्भर रहना पड़ता है। भारत तेल की कीमतों को प्रभावित करने की स्थिति में भले नहीं रहा, वह भू-राजनैतिक कारणों से सऊदी, ईरान, इराक़ और यूनाइटेड अरब अमीरात, वेनेजुएला आदि देशों से कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति करता रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के से उपजी परिस्थितियों के कारण भारत ने राष्ट्रहित में मौजूदा निर्यातक देशों के कोटे में कटौती कर अधिकाधिक तेल रूस से खरीदना शुरू किया। रूस और भारत के रणनीतिक रिश्तों के कारण भारत में कच्चा तेल 15 से 20 डॉलर प्रति बैरल आयात किया जाता रहा है। शुरू में 2023-24 में 33% इराक़, 21% सऊदी अरब, 16% यूएई, 6.4% खाड़ी के ओपेक प्लस देशों में रूस और अमेरिका, दो बड़े देश हैं, जो दस लाख बैरल तेल प्रतिदिन निकालते हैं, हालांकि अमेरिकी जरूरतों को पूरा करने के लिए अमेरिका सऊदी अरब जैसे दोस्तों से तेल की आपूर्ति करता है।

भारत ने यूएस से तेल के आयात पर सहमति देकर एक ओर अमेरिका से मित्रता का धर्म निभाया है, वहीं खाड़ी और रूस से आयात के मौजूदा कोटे में कमी कर देश को चुनौतियों के लिए आमंत्रण दिया है। दरअसल, डोनाल्ड ट्रम्प कच्चे तेल का अधिकाधिक उत्पादन करना चाहते हैं। वह अपने तेल उत्पादकों से कहते हैं, 'ड्रिल बेबी ड्रिल' और दूसरी ओर मित्र देशों को उलाहना देते हुए कहते हैं, 'आओ, हमसे दोस्ती करो और तेल पाओ।' अमेरिका ने 29023 में 19358 हज़ार बैरल प्रतिदिन उत्पादन किया, जो वैश्विक स्तर पर कुल उत्पादन का 20.1% है। ओपेक देशों का 35.3% और ओपेक + देशों रूस और मैक्सिको सहित 54% है। ऐसे समय जब रूस अपनी जर्जर इकॉनामी को सुधारने के लिए भारत को सस्ते में तेल देने का प्रलोभन देता है, तो ग़लत नहीं है। इससे भारत-रूस संबंधों पर आंच आना स्वाभाविक है।

**रिन्यूअल एनर्जी से होगा कार्बन रहित समाज** : इसी रिन्यूवल एनर्जी परिकल्पना की दृष्टि से फ़्रांस के राष्ट्रपति एमेन्युअल मैक्रो और भारत के बीच छोटे आणविक संयंत्रों के आयात पर जो समझौता हुआ है, उससे देशभर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के नए द्वार खुल सकेंगे। इन आणविक संयंत्रों से एआई ही नहीं सेमीकंडक्टर चिप निर्माण में अनवरत विद्युत ऊर्जा से प्रौद्योगिकी को बल मिलेगा। उल्लेखनीय है कि रिन्यूवल एनर्जी आधारित ऊर्जा के लिए उत्तम कोटि के मिनरल की जरूरत होती है। इस क्षेत्र में चीन कहीं आगे है, संभव है भारत को चीन से ऐसे मिनरल के आयात में कठिनाई हो सकती है, जो उसके ऊर्जा सुरक्षा में बाधक बने।

**एलन मस्क और मोदी वार्ता में विद्युत वाहन** : क्लाइमेट चेंज से अत्यधिक प्रभावित भारत एक तो खनन कोयले पर अत्यधिक गर्मी से पीड़ित है। इसके लिए भारत की कोशिश है कि वह परिवहन तेल और गैस पर निर्भर रहने की बजाए विधुत चालित वाहनों का सहारा ले। इस संदर्भ में मोदी ने अपने दौरे के पहले ही दिन ऐलान मस्क से बातचीत में विद्युत चालित वाहनों के लिए सहयोग मांगा। मस्क भारत में विद्युत चालित वाहनों की फैक्ट्री लगाते हैं, तो भारत ने उन्हें सिंगल विंडो के तहत सभी सुविधाएँ दिए जाने की पेशकश की है। परिवहन क्षेत्र को कार्बन रहित बनाने के लिए भारत में 2023 में 15.3 लाख विद्युत वाहन थे, जो एक साल में बढ़ कर 19.5 लाख विद्युत वाहन हो गए जो मात्र 7.44% वृद्धि है। कार्बन रहित परिवहन के लक्ष्य में बायो फ्यूल और हाइड्रोजन एक विकल्प है। भारत ने चालू बजट में साल 2047 तक सौ मेगावाट आणविक विद्युत निर्माण का लक्ष्य रखा है।

विचार मंथन

# स्वभाषा के बिना संस्कृति निष्प्राण

भारतीय संस्कृति अति प्राचीन है। यूरोप की सभ्यता पर यूनानी प्रभाव है। यूनान जर्मनी से पहले सभ्य हुआ। भारत यूनान से पहले। यूनानी दर्शन ईसा के 500-600 वर्ष पहले शुरू हुआ। इसके सैकड़ों बरस पहले भारत का वैदिक दर्शन प्रसिद्धि प्राप्त कर चुका था। यूनानी सभ्यता की विकास भूमि क्रीट द्वीप है। क्रीट की कला के विश्लेषक रैनोल्ड हिगिंस के अनुसार ईसा के 2800 बरस पहले लघु एशिया के प्रवासी वहां सभ्यता ले गए। क्रीट के क्रोसोस नगर के प्रथम शासक मिनोस के नाम पर इसे 'मिनोअन सभ्यता' कहा गया। मिकनी नगर यूनानी सभ्यता का केन्द्र बना। यह सभ्यता मखदूनिया, साइप्रस और इटली तक फैली। मिस्र से निकाले गए हुक्सोस मिकनी के शासक थे। टायनबी ने इन्हें आर्य व हिगिंस ने इन्हें भारतीय कहा। भाषा वैज्ञानिक वामपंथी विद्वान डॉ. रामविलास शर्मा ने बताया कि, ''आर्य भाषा बोलने वाले भारतीय मिनोअन-मिकीनियन राज्यों के संस्थापक थे।'' यूनानी सभ्यता, संस्कृति और दर्शन का विकास भारतीय सम्बंधों से हुआ।

ऋग्वेद के मनु, मिस्र के प्रथम राजा मेनस और यूनान (क्रीट) के प्रथम शासक मिनोस भाषा की दृष्टि से संस्कृत के और संस्कृति की दृष्टि से भारतीय तत्व हैं। इंग्लैंड की सभ्यता यूनान से प्रेरित है। उन्होंने लैटिन, ग्रीक, मिस्र से संस्कृति और सभ्यता के तत्व पाए। भारतीय संपर्क से उन्हें पुष्ट किया। अंग्रेजी स्वयं में व्यवस्थित भाषा नहीं है। संस्कृत के तमाम शब्द अंग्रेजी में हैं। संस्कृत का दिव्य ही अंग्रेजी का डिवाइन है। अंग्रेजी का ब्रदर संस्कृत का भ्रात है, फादर संस्कृत का पितृ है और मदर संस्कृत की मातृ है। गोदाम अंग्रेजी में गोडाउन है। पी.जी. सुब्बाराव ने 'इंडियन वर्ड्स इन इंग्लिश' में ऐसे सैकड़ों दिलचस्प शब्दों की सूची दी है। अंग्रेजों ने जर्मन, फ्रेंच से भाषा के संस्कार पाए, रोमन लिपि अपनाई।

भाषा विज्ञानी अलब्राइट व लैम्बिडन ने सुमेरी को प्राचीनतम लिखित भाषा बताया। इनके मुताबिक पश्चिम को सुमेरी ने प्रभावित किया। उन्होंने बताया अंग्रेजी 'ऐबिस' सुमेरी का अब्ज (पृथ्वी के नीचे का जल) है। यूनानी में वह अबुस्सास है। बेबीलोन में इसे अप्सु कहते हैं। लेकिन ऋग्वेद (1.23.19, 9.43.9 और 9.30.5 आदि) में जलवाची अप और अप्सु शब्द भरे पड़े हैं। मिस्त्री, सुमेरी और संस्कृत में भूतल जल पर एक शब्दावली है। ऋग्वेद पुराना है, जाहिर है कि संस्कृत ही सबसे पहले सृष्टि के आदि तत्व 'जल' की बोली बनी। विलियम जोन्स ने कहा कि, ''संस्कृत ग्रीक से अधिक निर्दोष, लैटिन से अधिक समृद्ध और इनमें किसी से भी अधिक उत्कृष्ट है। इसके बावजूद धातुओं और व्याकरणिक रूपों में यह इन दोनों से प्रगाढ़ सम्बंध रखती है, इतना प्रगाढ़ कि कोई भाषाविद् इनका एक ही स्रोत माने बिना छानबीन नहीं कर सकता।'' संस्कृत जाने बिना विश्व भाषा विज्ञान, विश्व भाषा परिवार, सृष्टि संरचना और विश्व सांस्कृतिक सम्बंधों का अध्ययन विश्लेषण संभव नहीं।

भारत सांस्कृतिक तत्वों का भी निर्यातक था। पश्चिम एशिया में रूद्र-शिव की उपासना थी। गूर्नें ने 'दि हिटटाइटस' (पृष्ठ 134) में बताया कि वे हित्तियों के विशेष देवता थे, उनके अनेक रूप थे। सीरिया के शिल्प में वह परशु चलाते हुए बिजली कौंधने के प्रतीक हैं। यूनानी (मिनोअन) संस्कृति में भी परशु खास प्रतीक हैं। इबान्स के मुताबिक यह परशु मिनोअन देवी और उसके पुरुष देवता का चिन्ह था। इसी परशु का उल्लेख ऋग्वेद में है। पश्चिमी भारत से दक्षिणी यूरोप, फिर उत्तरी यूरोप होते हुए परशु नाम का देव प्रतीक इंग्लैंड तक पहुंचा। अंग्रेजी विद्वान सम्भवतः नहीं मानते कि रुद्र का शिवत्व प्रागैतिहासिक काल में भी है। ऋग्वेद में वे अरुण-रूद्र हैं। वे जटाधारी भी हैं। यजुर्वेद में वे नमः शम्भवाय-नमः शिवाय भी हैं। जैसे सीरिया में वे बिजली कौंधने के प्रतीक हैं वैसे ही उसके बहुत पहले ऋग्वेद (7.46.3) में वे आकाश से बिजली गिराते हैं। यहां उनसे अमृत्व की महामृत्युंजय स्तुति (7.59.12) है।

सभ्यता, संस्कृति, देवतंत्र, दर्शन, भौतिकी और आधुनिक ज्ञान-विज्ञान का आदि केन्द्र भारत है। यूरोपीय विद्वान एच.एस. मेन ने लिखा था, ''बीजगणित, अंकगणित में पश्चिमी सहायता के बिना ही ऊंचे दर्जे की दक्षता है। दशमलव प्रणाली के अविष्कार का हम पर ऋण है। अरबों ने अंक हिन्दुओं से पाए, यूरोप में फैलाए। यूरोपीय चिकित्सा पद्धति 17वीं सदी तक अरबी चिकित्सा थी।''

विलियम हंटर ने लिखा था कि, ''पश्चिम के विद्वान जब भाषा विज्ञान का विवेचन आकस्मिक समानताओं के आधार पर कर रहे थे, उस समय भारत में व्याकरण को मूल सिद्धांतों का रूप मिल चुका था।''

सारा ज्ञान विज्ञान, संस्कृति दर्शन संस्कृत में है, हिन्दी में भी है। बावजूद इसके अंग्रेजी पर जोर है, अंग्रेजी का शोर है। सवाल यह है कि जो संस्कृत और हिन्दी काव्य, साहित्य, दर्शन, विज्ञान, प्रीति और प्रेम की सहज अभिव्यक्ति है, वही विज्ञान और व्यापार की सशक्त भाषा क्यों नहीं है? भारत प्राचीनतम व अद्वितीय राष्ट्र है। मैक्समूलर ने लिखा, ''भारत के मानवी-मस्तिष्क ने कुछ सर्वोत्तम गुणों का पूर्ण विकास किया है।

नया दौर

# दुनिया में जहां भी बदलाव हुए वहां तरुणाई ने नेतृत्व किया

भारत में अपनें मासिक मन की बात रेडियो कार्यक्रम की 113 वीं कड़ी में 25 अगस्त 2024 को माननीय पीएम नें बताया कि लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2024 के संबोधन में बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं के राजनीति में शामिल होने के आह्वान किया था जिससे युवाओं की ओर से व्यापक प्रतिक्रियाए मिली है। उन्होंने युवाओं से विकसित भारत तथा मजबूत लोकतंत्र के लिए सार्वजनिक जीवन में आने का आग्रह किया था। पीएम ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी समाज के हर क्षेत्र से ऐसे अनेक लोग सामने आए थे जिनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं थी। इन लोगों ने खुद को भारत की आजादी के लिए झोंक दिया था। आज हमें विकसित भारत का लक्ष्य पाने के लिए एक बार फिर उसी भावना की जरूरत है।उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में युवा राजनीति में आने को तैयार बैठे हैं और बस उन्हें सही मौके तथा सही मार्गदर्शन की तलाश है। मेरा व्यक्तिगत मानना है कि इसके क्रियान्वयन के लिए 60 प्लस नेताओं को राजनीति से संन्यास लेने के लिए प्रेरित, बंधनकारक, अनिवार्य, जबरन रिटायरमेंट बनाने के लिए हर राजनीतिक दल को सख्त नीति बनाने की आवश्यकता है क्योंकि मैंने अपनी छोटी सी राइस सिटी गोंदिया नगरी में देखा है कि यहां 70 प्लस वाले भी रजिस्टर्ड नवयुवक सेवा मंडल के अध्यक्ष बन रहे हैं, तो 60 प्लस वाले भी रजिस्टर्ड पंचायत, संगठनों, संस्थाओं के अध्यक्ष बने हुए हैं तो कई पर्दे के पीछे 60 प्लस वाले कई संस्थाओं संगठनों परनियंत्रण रखे हुए हैं। फिर पंचायत समिति से लेकर संसद सदस्य तक, और पार्षदसे लेकर केंद्रीय व राज्यस्तर पर मंत्रिमंडल में भी हम 60 प्लस वालों को देख सकते हैं तो फिर लाखों युवा बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वालों की चांस लगाना क्या संभव है? इसको रेखांकित करना जरूरी है। बता दें वैश्विक स्तरपर किसी भी राष्ट्र के निर्माण में युवा वर्ग एक अहम भूमिका निभाता है। युवा वर्ग शारीरिक और मानसिक रूप से किसी भी कार्य को कुशलता पूर्वक करने में सक्षम होता है। हर व्यक्ति जीवन के इस दौर से गुजरता है। युवाओं को उच्चस्तर की शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए और विभिन्न क्षेत्रो में अपना योगदान देना चाहिए।किसी भी राष्ट्र में कुल जनसंख्या का 20-30 जबकि भारत में विशेष रूप से 65 प्रतिशत हिस्सा युवा हैं। किसी भी राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने में युवा वर्ग का सर्वाधिक योगदान रहा है। राष्ट्र की प्रगति विज्ञान, प्रौद्योगिकी स्वास्थ्य, प्रबंधन और अन्य क्षेत्रों में विकासपर निर्भर होती है। इन सभी मानदंडों को पूरा करने के लिए सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक आधार पर युवाका सशक्तीकरण आवश्यक है।युवा राष्ट्र का संरचनात्मक और कार्यात्मक ढांचा है। हर राष्ट्र की सफलता का आधार उसकी युवा पीढ़ी और उनकी उपलब्धियाँ होती हैं। राष्ट्र का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित है। इसलिए युवा राष्ट्र निर्माण में सर्वोच्च भूमिका निभाते हैं। जिस तरह से इंजन को चालू करने के लिए इंधन जिम्मेदार होता है; ठीक उसी तरह युवा राष्ट्र के लिए है। यह राष्ट्र की प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य करता है।किसी भी राष्ट्र को प्रौद्योगिकियों, शोध, विज्ञान, चिकित्सा, यानी आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक के संदर्भ में प्रगति और विकास के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है। जब युवा अपने प्रयासों के साथ ईमानदारी से यही काम करता हैं, तो इसे चिह्नित किया जाता है। भारत में युवाओं की सबसे बड़ी संख्या है, जिन्हें यदि बेहतर तरह से पोषित किया जाये और अगर ये अपना प्रयास सही दिशा में लगाते हैं, तो यह देश पूरी दुनिया में सबसे उत्कृष्ट बन जायेगा। चूंकि आज विकसित भारत बनाने में यंग माइंड्स की प्रभावशाली भागीदारी जरूरी है इसलिए आज हम पीएम के संबोधन का संज्ञान लेकर तथा मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,एक लाख युवाओं को राजनीति में शामिल होने का आह्वान @ 60 प्लस को राजनीतिक संन्यास का आह्वान उम्रदराज राजनीतिज्ञ व परिवारवाद की राजनीति में कई गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि वाली टैलेंटेड प्रतिभाएं दब जाती है।दुनियां में जहां भी बदलाव हुए हैं वहां तरुणाई ने हमेशा नेतृत्व किया है।

साथियों बात अगर हम 25 अगस्त 2024 को माननीय पीएम की मासिक मन की बात की 113 वीं कड़ी में उनके विचारों की करें तो उन्होंने कहा इस साल मैंने लाल किले से बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं को पॉलीटिकल सिस्टम से जोड़ने का आहवाहन किया है। मेरी इस बात पर जबरदस्त प्रतिक्रिया हुई है।इससे पता चलता है कि कितनी बड़ी संख्या में हमारे युवा, राजनीति में आने को तैयार बैठे हैं। बस उन्हें सही मौके और सही मार्गदर्शन की तलाश है। इस विषय पर मुझे देश-भर के युवाओं के पत्र भी मिले हैं। सोशल मीडिया पर भी जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। लोगों ने मुझे कई तरह के सुझाव भी भेजे हैं। कुछ युवाओं ने पत्र में लिखा है कि ये उनके लिए वाकई अकल्पनीय है।दादा या मातापिता की कोई राजनीतिक विरासत नहीं होने की वजह से,वोराजनीति में चाहकर भी नहीं आ पाते थे। कुछ युवाओं ने लिखा कि उनके पास जमीनी स्तरपर काम करने का अच्छा अनुभव है, इसलिए, वे लोगों की समस्याओं को सुलझाने में मददगार बन सकते हैं। कुछ युवाओं ने ये भी लिखा कि परिवारवादी राजनीति, नई प्रतिभाओं का दमन कर देती है। कुछ युवाओं ने कहा कि इस तरह के प्रयासों से हमारे लोकतंत्र को और मजबूती मिलेगी। मैं इस विषय पर सुझाव भेजने के लिए हर किसी का धन्यवाद करता हूँ। मुझे उम्मीद है कि अब हमारे सामूहिक प्रयास से ऐसे युवा, जिनका कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है, वे भी राजनीति में आगे आ सकेंगे, उनका अनुभव, और उनका जोश, देश के काम आएगा। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी समाज के हर क्षेत्र से ऐसे अनेकों लोग सामने आए थे, जिनकी कोई राजनीतिक पृष्टभूमि नहीं थी। उन्होनें खुद को भारत की आजादी के लिए झोंक दिया था। आज हमें विकसित भारत का लक्ष्य पाने के लिए एक बार फिर उसी स्पिरिट की जरूरत है। मैं अपने सभी युवा साथियों को कहूँगा इस अभियान से जरूर जुड़ें। आपका ये कदम अपने और देश के भविष्य को बदलने वाला होगा।

साथियों बात अगर हम युवाओं पर भारत की करें तो भारत लोकतंत्र की जननी है। देश की विविधता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। हमें अपनी विविधता को सबसे बड़ी ताकत बनाते हुए देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जी-जान से जुटना होगा।

## मंत्री संजय प्रसाद यादव का चतरा आगमन

# टंडवा क्षेत्र के जिले के अधिकारियों व टंडवा परियोजनाओं के अधिकारियों ने किया बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** मंत्री संजय प्रसाद यादव श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग तथा उद्योग विभाग झारखण्ड सरकार का चतरा आगमन हुआ उनके आगमन पर उपायुक्त रमेश घोलप ने आभार प्रकट करते हुए पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात मंत्री की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त, चतरा की उपस्थिति में महाप्रबंधक, एनटीपीसी/ मगध संघ मित्रा क्षेत्र/ आम्रपाली चन्द्रगुप्त/ अशोका/ पूर्णा डीह एवं संबंधित निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि, रैयत, समेत अन्य संबंधित के साथ बैठक की गई। बैठक में उन्होंने परियोजना क्षेत्र में चलने वाले वाहनों, खनिज, परियोजनाओं में कार्य करने वाले कर्मी, रैयतों को पुनर्वास एवं पुनः स्थापन के तहत मुआवजा भुगतान, कर्मियों को मिलने वाले लाभ, कितने मजदूर कार्य कर रहे हैं, कितने मजदूर स्थानीय हैं। मजदूरों को नियम संगत दी जाने वाली सुविधाओं, पेयजलापूर्ति, समेत अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदुओं की क्रमवार जानकारी लेते हुए परियोजनाओं के अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा परियोजना क्षेत्र में कितने मजदूर कार्य कर रहें हैं उसमें कितने स्थानीय है मजदूरों को नियम संगत मानदेय दिया जा रहा है या नहीं, मजदूरों को नियम संगत दी जानी वाली सुविधाओं का सूची उपलब्ध कराये द्य बैठक में पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम समेत संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने गिद्धौर व बारिसाखी में कमेटी का किया पुर्णगठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड अंतर्गत बटेश्वर शिव मंदिर एवं बारिसाखी पंचायत में झामुमो के द्वारा पंचायत कमेटी का पूर्ण गठन को लेकर शनिवार को बैठक किया गया।इस कार्य में मुख्य रूप से गिद्धौर प्रखंड प्रभारी पंकज प्रजापति उपस्थित थे। साथ ही झामुमो नेता बैजनाथ कुमार दांगी यदुनंदन पांडेय राजेश कुशवाहा विनोद ठाकुर देवनारायण दांगी कामदेव दांगी व अन्य मौजूद थे। झामुमो कार्यकर्ताओं ने पार्टी को विस्तार पूर्वक मजबूत करने एवं अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने पर विशेष चर्चा किया। जिसमें गिद्धौर पंचायत से पंचायत अध्यक्ष ज्ञानी दांगी एवं बारिसाखी पंचायत से मनोज दांगी को चयन किया गया है। रविंद्र कुमार उपाध्यक्ष आशिक मियां सहसचिव सिकंदर कुमार कोषाध्यक्ष संदीप दास संगठन सचिव अजय सोनी बारिसाखी पंचायत से उपाध्यक्ष संजय यादव सचिव रमेश दांगी सह सचिव सोनू पांडेय कोषाध्यक्ष जगदेव दांगी संगठन सचिव सत्येंद्र दांगी देवदीप पासवान व सैकड़ो कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किए गए हैं।

## जेएसएलपीएस के तहत जेंडर सीआरपी का परीक्षा बीपीएम के नेतृत्व में परीक्षा के 1 घंटे बाद सभी को बताया गया रिजल्ट



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत सीएलएफ छः घरवा में जेएसएलपीएस के तहत संचालित ऑफिस में जेंडर सीआरपी का परीक्षा 15 फरवरी को प्रभारी बीपीएम सुरेंद्र प्रजापति के नेतृत्व में करवाया गया है। जहां कुल 14 परीक्षार्थी हैं। और सभी उपस्थित हैं।बीपीएम ने बतलाए की सभी का परीक्षा लिखने के उपरांत तुरंत कॉपी जांच कर सभी परीक्षार्थियों को उनका रिजल्ट बता दिया जाएगा। जो शाम 4:30 बजे सभी का रिजल्ट बतला दिया गया जिसमें तीन फेल किया। एवं 11 उत्तीर्ण किए हैं। बीपीएम ने आगे बतलाया कि अब आगे का कार्य के लिए जिला अग्रसित कर दिया गया है। परीक्षा करवा रहे एडमिन अमरजीत सिंह सीसी सरदार जितेंद्र सिंह रणजीत सिंह सीएलएफ के लेखपाल शीला कुमारी सचिव सुमन कुमारी कोषाध्यक्ष गुड़िया देवी बिओडी मेम्बर कृति देवी मीना देवी प्रतिमा देवी जया देवी सुनीता देवी आषा कुमारी परीक्षा केंद्र का देखभाल कर रही थी।

## इंदिरा से रोल कालिकरन सड़क से संवेदक महुआ के पेड़ उखाड़ कर रहा है काम



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड़ के इंदिरा मोड़ से रोल तक बन रहे कालीकरण सड़क में संवेदक के द्वारा घोर अनियमितता बरती जा रही है।सड़क किनारे महुआ पेड़ को मनमानी रवैया से जेसीबी मशीन से उखाड़ दे रहा है।द्वारी के बाजार टांड़ के समीप महुआ पेड़ गिराया।वहीं ग्रामीणों ने बताया कि महुआ के सीजन में महुआ से हमलोग का जीवन यापन होता है।संवेदक महुआ पेड़ को धड़ल्ले से गिरा रहा है। इस संबंध में प्रभारी वन पाल रूपलाल यादव ने बताया कि उक्त काली करण सड़क में संवेदक द्वारा एनओसी प्राप्त किया है।ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त से पेड़ नहीं उखाड़ने की मांग किया है।

## अवैध वसूली के नाम पर आम्रपाली में फर्जीवाड़ा कर ग्रामीणों को गुमराह कर रैयतों व जंगलों से एनओसी लेने का आरोप

- दर्जनों बार विरोध के बाद भी एक ही जगहों का एनओसी लेटर निकलने का जांच में बड़ा राज का पोल खुलने का दावा
- अन्य छह जगहों फर्जी एनओसी लेने वाला आम्रपाली प्रबंधन को सेरनदाग में नहीं देंगे वन व रैयतों के भूमि का एनओसी, खून देंगे एनओसी नहीं देंगे : ग्रामीणों



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** रैयतों को गुमराह कर वन भूमि व ग्रामीणों के भूमि पर रची गई साजिश पर सरादु ग्रामीणों द्वारा खधेड़ने के बाद अब आम्रपाली प्रबंधन द्वारा सेरंदाग में एनओसी लेने के लिए 14 वी बार लेटर निकला है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने कड़ा विरोध करते हुए अब ग्रामीण आम्रपाली प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों द्वारा दर्जनों बाद विरोध करने के बाद भी अमरपाली प्रबंधन प्रति टन वसूली अवैध रुपया के दम पर फर्जीवाड़ा करने पर तुला हुआ है। कहा बार-बार ग्रामीणों के विरोध के बाद भी आम्रपाली प्रबंधन अब गांव में खून खराबा कराने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा से सेरंदाग को नर्क बनाने के लिए बार-बार एनओसी का लेटर निकल कर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। जिसे कभी ग्रामीण सफल होने नहीं दिया जाएगा। ललित साव पारस साव ने कहा इसी आम्रपाली परियोजना में अवैध वसूली पर सीबीआई दो बार कार्रवाई करके दो अधिकारी और दो सहयोगी को गिरफ्तार किया है। फिर भी प्रबन्धन को नही हटाया गया और अवैध वसूली जारी है साथ ही फर्जी एनओसी लेने के लिए तरह-तरह का हथगंडा अपनाया जा रहा है। सीबीआई और ईडी जांच करें तो आम्रपाली प्रबंधन द्वारा वसूली में पैसे विदेश में रखे गए पैसा का बहुत बड़ा मामला उजागर होगा। आय से अधिक संपत्ति मामले में जेल भी जाना तय है।

# बीडीओ और सीओ ने ब्लॉक की बदली तस्वीर और प्रखंड वासियों की तक़दीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड ब्लॉक में प्रखंड विकास पदाधिकारी कलीन्द्र साहू और सीओ उदल राम को आने से ब्लॉक की तस्वीर और प्रखंड वासियों का तक़दीर बदलती नजर आ रही है। इन दिनों बीडीओ कलीन्द्र साहू और सीओ उदल राम प्रखंड में विकास की गंगा बहने और जरूरतमंदों को योजना से जोड़ने में कोई भी कसर नहीं छोड़ते दिख रहे हैं। पत्थलगड़ा ब्लॉक में बीडीओ और सीओ के पदस्थापन के बाद लगातार इन दोनों के द्वारा प्रखंड कार्यालय से लेकर प्रखंड वासियों के कार्यों के लिए चढ़ बढ़ कर काम कर दिख रहे हैं। बताते चलें कि पत्थलगड़ा ब्लॉक में बीडीओ कलीन्द्र साहू और सीओ उदल राम के पदस्थापित होते ही प्रखंड



कार्यालय के कई व्यवस्थाएं में सुधार लाई गई है। प्रखंड वासियों को ब्लॉक परिसर आने के बाद किसी प्रकार से कोई दिक्कत ना हो जिसके लिए पदाधिकारीयों का लिस्ट बोर्ड बनाई गई है। जिसे देखकर उन तक पहुंच सके और अपने काम को सरलता से कर सके। साथ ही प्रखंड कार्यालय में किसी पदाधिकारीयों के द्वारा कोई भी रिश्वत नहीं ली जाए जिसके लिए प्रत्येक पदाधिकारीयों के कमरे में सीसी टीवी कैमरा लगाई गई है। इतना ही नहीं प्रखंड कार्यालय परिसर में शुद्ध वातावरण रहे जिसके लिए विभिन्न स्थानों पर छोटे-छोटे हरी-भरी पौधे भी लगाए गए हैं एवं प्रखंड कार्यालय में साफ सफाई को लेकर विशेष ध्यान रखते हुवे प्रखंड कार्यालय की खूबसूरत तस्वीर में तब्दील की जा रही है। इसके अलावे प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सामूहिक स्थानों पर बैठने के लिए विभिन्न सुविधाएं की व्यवस्था की जा रही है। बीडीओ और सीओ के कार्य शैली को देखकर प्रखंड वीडियो खूब सराहना करते नजर आ रहे हैं। जिससे प्रखंड विकास पदाधिकारी कलीन्द्र साहू और सीओ उदल राम सुर्खियों में आते दिख रहे हैं। प्रखंड में बेहतर कार्य करने के लिए प्रखंड कार्यालय के सभी पदाधिकारीयों कर्मियों चढ़ बढ़ कर ईमानदारी के साथ अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

## प्रमंडल स्तरीय किसान मेला में शामिल होने के लिये 60 किसान रवाना




**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को गौरिया करमा बरही में आयोजित होने वाले प्रमंडल स्तरीय किसान मेला सह फल, फूल, सब्जी एवं कृषि उत्पादन प्रदर्शनी में शामिल होने के लिए सिमरिया प्रखंड से कुल 60 किसानों का जत्था प्रभारी तकनीकी प्रबंधक राजेश कुमार एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक सुधीर कुमार के नेतृत्व सुरक्षित बस से रवाना हुआ। इस दौरान किसानों में काफी उत्साह देखा गया। मेले में किसान अपनी कृषि उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे।

## वन विभाग की टीम ने 20 एकड़ में लगे अवैध अफीम की खेती को किया नष्ट




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ वन क्षेत्र के बालूभांग पंचायत अंतर्गत करमाटांड़, इन्दुआ, बुढ़ीसखुआ ग्राम में रैयती, गैरमजरुआ और वनभूमि में लगे लगभग 20 एकड़ अवैध पोस्ते की खेती को पुलिस और वन विभाग के संयुक्त अभियान चला कर नष्ट किया है । प्रभारी फॉरेस्टर आनंद कुमार चौधरी ने बताया कि इस संयुक्त अभियान में लगे अफीम को ट्रैक्टर,ग्रास कटर और लाठी डंडों की सहायता से पीटकर विनस्टीकरण किया गया। जल्द ही अवैध अफीम की खेती करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज की जाएगी। मौके पर बरियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार सिंह और बालूमाथ वन क्षेत्र पदाधिकारी नंदकुमार मेहता के साथ साथ अन्य पुलिस पदाधिकारी और वनकर्मी भी शामिल थे।

## बालूमाथ पुलिस ने 5 अपराधियों को हथियार समेत किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** पुलिस ने बड़ी घटना को अंजाम देने पहुंचे पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी ने प्रेस वार्ता में बताया कि ये अपराधी शोषण मुक्त संगठन (SMS) के नाम से संगठन बनाकर चंदवा व बालूमाथ के ईट भट्ठा व्यवसायियों और ठेकेदारों से लेवी वसूलने की धमकी दे रहे थे। लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर गठित टीम ने बालूमाथ के बकरू रेलवे साइडिंग के जंगल से इन्हें गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, पांच एंड्रॉइड फोन और चार कीपैड फोन बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपियों में मोहन गंझु (35), सागर तुरी (24), कुलदीप गंझु (25), लक्ष्मण गंझु (20) और एक नाबालिग शामिल हैं। इनमें लक्ष्मण गंझु के खिलाफ चान्हो थाना में 171/2023 का मामला दर्ज है, जबकि मोहन गंझु पर बालूमाथ थाना में 42/2017 में केस दर्ज हुआ था। छापेमारी दल में बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ, पिकेट प्रभारी अनुभव सिन्हा, एसआई होसेन डांग, विकास कुमार, संतदेव कुमार समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## बीएस कॉलेज में सांसद कालीचरण सिंह का भव्य स्वागत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के बनवारी साहू महाविद्यालय, लातेहार में चतरा लोकसभा सांसद एवं महाविद्यालय शासी निकाय के अध्यक्ष कालीचरण सिंह का आगमन हुआ। महाविद्यालय परिवार द्वारा उनका पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार भव्य स्वागत किया गया। सांसद ने सर्वप्रथम स्वर्गीय बनवारी साहू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत, उन्होंने पर्यावरण जागरूकता को प्रोत्साहित करने हेतु महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। महाविद्यालय के उत्तरोत्तर विकास के लिए उन्होंने परिसर का भ्रमण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी एवं सचिव अंजू गुप्ता ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान, राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) द्वारा माय भारत पोर्टल पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी उन्हें दी गई, जिसे उन्होंने सराहा और शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और सांसद का ससम्मान स्वागत किया।

## पोस्ता की फसल को किया गया नष्ट,105 लोगों पर प्राथमिकि दर्ज



**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के बालुभांग पंचायत अंतर्गत ग्राम गुरुवे में 60 एकड़ के विस्त्रीत क्षेत्र में लगे अवैध अफीम के फसल को ट्रैक्टर व ग्रासकटर, एवं लाठी डंडों से पीटकर विनष्ट किया .इस संबंध में थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार ने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी के निर्देश पर एक विशेष छापामारी दल का गठन कर, उक्त क्षेत्र मे अभियान चलाकर अवैध पोस्ता की फसल को विनिष्ट किया गया. साथ इस अवैध मादक पदार्थ की खेती करने वालो को चिन्हित कर प्राथमिकी दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि ग्राम डाकादिरी व ग्राम इंडुआ में लगे पोस्ता की खेती के विनष्टीकरण के पश्चात बारियातू थाना कांड संख्या - दर्ज किए गए हैं। जिसमें दोनों कांडों को मिलाकर दोनों वार्ड के वार्ड सदस्य सहित 70 लोगों से भी अधिक पोस्ता खेतीबकरने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। थाना प्रभारी ने आगे बताया कि इस वर्ष अबतक बालूभांग, गोनीया, शिबला पंचायत के विभिन्न गांवों में 180 एकड़ से भी अधिक पोस्ता (अफीम) के फसल को विनष्ट किया गया है। तथा 105 से भी अधिक नामजद एवं अन्य अज्ञात दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज, की गई हैं व कार्रवाई जारी है।

# सीआरपीएफ 11 वीं बटालियन ने सभी पंचायतों के मुखिया के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के ब्लॉक कैंपस में सीआरपीएफ कमांडेंट याद राम बुनकर की अध्यक्षता में शुक्रवार की शाम पंचायत उदयपुरा जालिम खूर्द, इचाक पेशरार, नवागढ़ के सभी मुखिया व सरपंच के साथ बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान सभी लोगों ने अपना अपना परिचय दिया। इसके उपरांत अपने पंचायत में होने वाले समस्याओं को रखा। जहाँ सभी लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद श्री बुनकर ने हर संभव सहायता देने हेतु आश्वासन दिया और कहा कि आप लोगों को जब भी हमारी जरूरत पड़े तो आप बेझिझक अपनी समस्याओं को रख सकते हैं हम लोगों से जितना बन पड़ेगा हम हर संभव आपकी सहायता करेंगे। साथ उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार हेतु रददी पेपर के द्वारा उपयोग में आने वाली वस्तुओं को बनाने के बारे में वीडियो द्वारा एवं अभ्यास करा कर स्वरोजगार हेतु प्रॉस्तावित किया ।कहा कि प्रत्येक शुक्रवार को कैंप परिसर किनामाड़ में ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर के दौरान डॉक्टर अमूल्या कुजूर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा आसपास गांव के लगभग 50 से 60 लोगों का चिकित्सा परीक्षण कर उन्हें जीवन रक्षक दवाइयां का वितरण किया तथा स्वस्थ रहने के लिए विभिन्न उपाय का जानकारी दिया जा रहा है इसलिए आप लोगों से भी आग्रह है कि इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लें।

# झाविस ने टोरी जंक्शन रेलवे स्टेशन की समस्याओं पर रेल मंत्रालय को सौंपा ज्ञापन


## आरओबी नहीं बना तो होगा चरणबद्ध आंदोलन : रवि डे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड विकास समिति ने 15 फरवरी, दिन शनिवार को टोरी जंक्शन रेलवे स्टेशन की बदहाल स्थिति और यात्री सुविधाओं की कमी को लेकर रेलवे प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। समिति के सदस्यों ने बताया कि रेल प्रशासन को मोटी राजस्व देने वाला यह अहम व महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन होने के बावजूद उपेक्षा का शिकार है। ज्ञापन में समिति ने निम्नलिखित मांगें रखी हैं:- 1.रेलवे ओवर ब्रिज (आर.ओ.बी) का निर्माण जल्द से जल्द किया जाए। 2.पश्चिमी छोर पर निर्माणाधीन फुट ओवर ब्रिज का कार्य शीघ्र पूरा कर आवागमन शुरू किया जाए। 3.पूर्वी छोर पर रेलवे फाटक के पास अंडरपास चालू किया जाए या नया अंडरपास बनाया जाए। 4.टोरी-शिवपुर रेल लाइन पर सवारी गाड़ी चलाई जाए। 5.एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया जाए। 6.प्लेटफॉर्म पर साफ-सफाई और यात्री सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जाए। 7.रांची और टोरी के बीच यात्री ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जाए। 8चंदवा शहर की ओर एक नया रेल टिकट काउंटर खोला जाए।9.टोरी स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 से प्लेटफॉर्म संख्या 5 तक बने फुट ओवर ब्रिज का विस्तार किया जाए। समिति ने रेल मंत्रालय, पूर्व मध्य रेलवे और धनबाद रेल मंडल से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है, ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और टोरी जंक्शन की उपेक्षा समाप्त हो।वहीं झारखंड विकास समिति के नेता एवं समाजसेवी रवि डे ने कहा कि यदि आर.ओ.बी का निर्माण शीघ्र नहीं किया गया तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने रेल मंत्रालय और प्रशासन से उपरोक्त बिंदुओं पर गंभीरता से विचार कर जनहित और क्षेत्रीय मांगों को शीघ्र पूरा करने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उचित कदम नहीं उठाए गए, तो समिति के बैनर तले आंदोलन तेज किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी रेल प्रशासन की होगी।

## सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष करने को लेकर झारोटेफ का हस्ताक्षर अभियान जारी



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चार्टर ऑफ़ डिमांड की मांगों को लेकर झारखंड ऑफिसर्स, टीचर्स एंड इंप्लॉइज फेडरेशन (झारोटेफ) का हस्ताक्षर अभियान जारी है। प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत सिंह एवं प्रांतीय कमेटी के आह्वान पर इन मांगों को पूरा करने के लिए आवाज़ उठाई जा रही है। लातेहार जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव एवं महासचिव प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में लातेहार के विभिन्न विभागों–वन विभाग, प्रखंड कार्यालय, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय एवं भविष्य निधि कार्यालय में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में शामिल हैं सभी सरकारी कर्मियों की सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष की जाए।शिक्षक संवर्ग को एमएसपी (मिलिट्री सर्विस पे) का लाभ दिया जाए।सभी कर्मचारियों को शिशु शिक्षण भत्ता प्रदान किया जाए। हस्ताक्षर अभियान में अविनाश, राहुल कुमार, अरुण कुमार वर्मा, अनिल कुमार, परमेश्वर कुमार, संजय कुमार (शिक्षा विभाग), अनिल कुमार (भविष्य निधि कार्यालय), उमेश कुमार, सरिता देवी, विनय कुजूर, धर्मेंद्र कुमार, सोनू यादव, जितेश्वर राम, अंजना यादव सहित कई कर्मचारी शामिल थे।

# बिरसा कृषकों के समग्र विकास एवं ज्ञानवर्धन हेतु एक दिवसीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी कार्यशाला का आयोजन

- कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग मंत्री श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की बतौर मुख्य अतिथि हुई शामिल
- किसानों को नवीनतम तकनीक से खेती करने पर दिया गया जोर
- विभिन्न प्रकार के कृषि संबंधी स्टॉल के माध्यम से दी गई योजनाओं की जानकारी
- सरकार पूरी ऊर्जा के साथ किसानों के हित के लिए कार्य कर रही है, जल्द ही दिखेंगे बेहतर परिणाम : कृषि मंत्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बिरसा कृषकों के समग्र विकास एवं ज्ञानवर्धन हेतु दिनांक 15 फरवरी को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गोरिया करमा, बरही,हजारीबाग में प्रमंडल स्तरीय किसान मेला सा प्रदर्शनी कार्यशाला 2025 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग मंत्री, झारखंड सरकार श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुई। बरही के गौरैयाकर्मा में आयोजित प्रमंडलस्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी/कार्यशाला 2025 में बतौर मुख्य अतिथि श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की, कृषि एवं पशुपालन मंत्री, झारखंड सरकार ने कार्यक्रम में आए कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषि विभाग की योजनाओं से किसानों को अवगत कराना है। किसान वर्ग को अन्नदाता कहा जाता है। झारखंड की जमीन उन्नत होने के बाद भी जानकारी के आभाव में यहां के किसान अपने को स्थापित नहीं कर पाए है। यहां इस कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के स्टॉल लगाए है जो विशेष रूप से किसान भाइयों के लिए है। उन्होंने इस कार्यक्रम में शामिल हुए कृषकों की अच्छी तादात को देखकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि आप सभी एक जागरूक एवं तत्पर किसान है इसलिए आप सभी इस कार्यक्रम में दूर दराज से कुछ जानने और समझने आए है। खेती-किसानी और कृषि अपने आप में एक बहुत बड़ा क्षेत्र है। झारखंड जैसे राज्य के लिए एग्रीकल्चर एक महत्वपूर्ण विषय है। झारखंड की 80त्न आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, ये लोग खेती-बाड़ी के माध्यम से ही अपना जीवन यापन करते हैं। उन्होंने बताया कि झारखंड में पारंपरिक खेती से किसान अपने 90 प्रतिशत खेतों पर




केवल धान उगाते है जबकि अन्य राज्यों में आधुनिक तकनीक से बहुआयामी खेती कर उन्नत हो रहे है। कृषि मंत्री ने समय के साथ किसानों को अपने कार्य प्रणाली को भी अद्यतन करने को कहा। सरकार कृषि, मत्स्य पालन, बागवानी, पशुपालन एवं डेयरी में कई योजनाएं लाने पर कार्य कर रही है तथा किसानों को रोजगार परक बेहतर प्रशिक्षण देने की भी योजना है ताकि कृषक भाई सभी कृषि के सभी अवयवों को आत्मसात कर अपने समृद्धि की तरफ बढ़ सके। डेयरी उद्योग में भी असीम संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं है। दुग्ध उत्पादन कर झारखंड मिल्क फेडरेशन द्वारा संचालित मेधा डेयरी में उचित मूल्य पर दूध का विक्रय किया जा सकता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एक बेहतर समन्वय बनाते हुए किसानों को बेहतर दिशा देने का कार्य करेगी। माननीय मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में परंपरागत व्यवस्थाओं के साथ-साथ कृषि-खेती कार्य को आधुनिक तकनीक से भी जोड़ने की आवश्यकता है। कभी-कभी बदलते मौसम के कारण किसान वर्ग के लोग हतोत्साहित होते जाते हैं, तकनीक के माध्यम से ही उन्हें इन समस्याओं से बचाया जा सकता है।

**किसान समृद्धि योजना मार्गदर्शिका नामक पुस्तक का विमोचन किया गया।**

प्रमंडल स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी कार्यक्रम में माननीय मंत्री कृषि एवं पशुपालन शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा किसान समृद्धि योजना मार्गदर्शिका नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। इस पुस्तक में आधुनिक कृषि व सही तकनीक के सारे महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई गई है,जिसके माध्यम से किसान खेती के हर बारीकियों को समझकर उन्नत हो सकते हैं।

**परिसंपत्तियों का हुआ वितरण : मंत्री ने कई लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया**

प्रमंडल स्तरीय मेला सह प्रदर्शनी/कार्यशाला में कृषि मंत्री ने मत्स्य विभाग अंतर्गत 3808700 रुपए की राशि की लागत से 142 लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया। लाभुकों में राजेश निषाद, खेलोचंद महतो, शिवनाथ हेंब्रम, तापेश्वर मेहता, नजमा खातून,राजू निषाद, अकबर अंसारी, प्रियंका कुमारी सहित कई अन्य शामिल रही। वहीं मंत्री ने किसान समृद्धि योजना अंतर्गत प्रयाग प्रसाद, विनय कुमार,मनोज यादव के बीच सोलर पंप सेट का वितरण किया। खाद्य एवं पोषण सुरक्षा दलहन अंतर्गत मो नासिर, संजय यादव के बीच पंपसेट का वितरण किया। केसीसी योजना से असगर अंसारी और सोनु दास को लाभान्वित किया गया।

**कृषि अनुसंधान केंद्र डेमोटांड़ में माननीय कृषि मंत्री का उपायुक्त नैंसी सहाय ने स्वागत किया**

इसके पूर्व उपायुक्त नैंसी सहाय ने कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का कृषि अनुसंधान केंद्र डेमोटांड़, हजारीबाग में स्वागत किया। इस दौरान कृषि मंत्री ने इस केंद्र में चल रहे अनुसंधान कार्यों की जानकारी ली तथा सम्पूर्ण परिसर का भ्रमण किया। मौके पर परिसर के अंदर लगे कई फसलों और सब्जियों की खेती का निरीक्षण किया एवं स्ट्राबेरी के खेत से स्ट्राबेरी के फल को भी चखा। परिसर के अंदर मछली पालन हेतु बने तालाब में मछली पालन का भी निरीक्षण किया। इस सम्पूर्ण भ्रमण के उपायुक्त ने विभिन्न गतिविधियों की भी जानकारी दी।

## सहायिका चयन पर ग्रामीणों ने उठाया सवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मनातू पंचायत के लाजिदाग गांव के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 06 में बीते 5 फरवरी को सहायिका चयन के लिए हुवे ग्रामसभा में ग्रामीणों समेत दावेदारों ने सवाल उठाया है। इस बाबत दावेदार सुनीता कुमारी समेत अन्य कई ग्रामीणों ने कहा कि 5 फरवरी को लाजिदाग आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 06 पर सहायिका चयन को लेकर ग्रामसभा रखी गई थी। ग्रामसभा में केरेडारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी संबंधित क्षेत्र के सुपर वाइजर सेविका मुखिया पंचायत समिति सदस्य समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। सहायिका चयन के लिए सुनीता कुमारी पति अशोक भोक्ता बीरसी देवी समेत कुल चार महिलाएं दावेदार थी। जिनमें सुनीता देवी की शैक्षणिक योग्यता बीए वहीं बीरसी देवी की शैक्षणिक योग्यता इंटर मीडियट है। ग्रामसभा में उच्च योग्यता धारी सुनीता कुमारी को मात्र 18 प्वाइंट दिया गया जबकि बीरसी देवी का शैक्षणिक इंटर मीडियट है ऐसे में इंटर की योग्यता धारी बीरसी देवी को 22 प्वाइंट कैसे दे दिया गया जबकि स्नातक उत्तीर्ण सुनीता कुमारी को मात्र 18 प्वाइंट हीं क्यों दिया गया। सहायिका चयन के तरीके पर हम सभी ग्रामीण जांच की मांग करते हुए पुनः ग्रामसभा रख कर सहायिका चयन



की मांग करते हैं। हमारी मांग पूरी नहीं होने पर हमसभी ग्रामीण उपायुक्त हजारीबाग को घटना क्रम की लिखित जानकारी देंगे। वहीं मुखिया प्रतिनिधि लाल बिहारी गंझू ने कहा कि सहायिका चयन में घोर अनियमितता बरता गया है। कम शिक्षित दावेदार को अधिक अंक कैसे मिल गया जबकि उच्च योग्यता की महिला को कम अंक क्यों दिया गया। जिसका हम सभी जांच की मांग करते हैं। वहीं उपरोक्त प्रकरण पर केरेडारी सीडीपीओ राखी चंद्रा से संपर्क करने पर उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## बीडीजेजे इंटर महविद्यालय, हरली के शिक्षक प्रतिनिधि बने बसंत नारायण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** झारखण्ड अधिविद्य परिषद के निर्देशानुसार बीडीजेजे इंटर महाविद्यालय,हरली में शिक्षक प्रतिनिधि चयन हेतु एक बैठक आहूत किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य भुनेश्वर प्रसाद वर्मा ने किया। इस पद के लिए दो उम्मीदवार भूगोल विभागध्यक्ष बसंत नारायण व वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष सुरेश प्रसाद ने अपना नामांकन दाखिल किया। महाविद्यालय के 14 शिक्षकों ने अपना मत का प्रयोग किया। मतदान सम्पन्न होने के बाद मतगणना में 8 मत बसंत नारायण व 6 मत सुरेश प्रसाद को प्राप्त हुआ। बसंत नारायण ने अपने प्रतिद्वंदी सुरेश प्रसाद को 2 मत से हरा कर शिक्षक प्रतिनिधि बने। ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी



बसंत नारायण शिक्षक प्रतिनिधि थे। महाविद्यालय के सभी शिक्षकों ने श्री नारायण को बधाई दी। श्री नारायण ने कहा कि महाविद्यालय के शिक्षकों के हित में व महाविद्यालय के विकास के हित मे काम करूंगा। शिक्षक प्रतिनिधि अब महाविद्यालय शासी निकाय के सदस्य होंगे।

## कृषि मंत्री शिल्पी नेहा शिल्पी तिर्की का विधायक मनोज यादव ने किया स्वागत, कृषि क्षेत्र के मुद्दों पर की चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही के देवचंदा मोड़ पर झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का भव्य स्वागत किया गया। बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने मंत्री को बुके भेंट कर स्वागत किया। और कृषि क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर विधायक मनोज कुमार यादव ने क्षेत्र के किसानों की समस्याओं और कृषि से संबंधित आवश्यकताओं को मंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने सरकार से किसानों के हित में ठोस कदम उठाने की अपील की। मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। बरही विधायक मनोज



यादव के आग्रह पर मंत्री ने गौरियाकरमा स्थित राजकीय पशु प्रक्षेत्र का नीरीक्षण किया। विधायक ने कहा कि एक जमाने मे एशिया का सबसे पशु फर्म था लेकिन आज अपने बदहाली का रोना रो रहा है। विधायक ने मंत्री से चारा विकास केंद्र, मजदूरी की संख्या और, मवेशियों की सुविधा बढ़ाने की मांग की जिसपर मंत्री ने जल्द मांगो को पूरा करने की बात कही। मौके पर जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बीडीओ जयपाल महतो, बीसीओ संजय यादव, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, अरुण चंद्रवंशी, राजकुमार केशरी, परमेश्वर यादव, सचिन यादव, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## रेलवे कर्मचारी का रेलवे लाइन से मिला शव



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कटकमदाग थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। खपरियावां रेलवे लाइन के पास एक रेलवे कर्मचारी का क्षत-विक्षत शव मिला है। मृतक की पहचान जयनाथ कुमार दास के रूप में की गई है, जो खपरियावां के रहने वाले थे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस और रेलवे अधिकारियों को सूचित किया। कटकमदाग थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल, हजारीबाग भेज दिया। पुलिस के अनुसार अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह एक दुर्घटना थी या आत्महत्या का मामला है। पुलिस और रेलवे विभाग दोनों अपने-अपने स्तर पर मामले की जांच कर रहे हैं। घटना के बाद से पूरे इलाके में सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतक के परिजन गहरे सदमे में हैं।

## शबरी जयंती मनाने को लेकर भुइयां समाज की बैठक



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कालेश्वरी बागी बड़काआम मैं शबरी जयंती मनाने को लेकर भुइयां समाज की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बलराज भुइयां एवं संचालन हीरामन भुइयां ने किया । इस बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि 24 फरवरी को माता शबरी का जयंती कलश मनाई जाएगी. जिसके लिए जल यात्रा के साथ पूजा का आयोजन भी किया जाएगा. वहीं रात्रि में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. सबरी जयंती मनाए जाने को लेकर कमिटी का भी गठन किया गया ! जिसके अध्यक्ष मनु भुइयां सचिव बलराज भुइयां कोषाध्यक्ष कृष्णा भुइयां उप सचिव महावीर भुइयां को बनाया गया है !इस बैठक में विकास कुमार धोनी कुमार नितेश कुमार रंजीत कुमार राहुल कुमार सचिन कुमार गंगवा देवी सावित्री देवी राधा देवी पासो देवी सुनीता देवी समेत अन्य महिला पुरुष उपस्थित थे.

## टाटीझरिया में 18 फरवरी को रोजगार मेला का आयोजन

**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** प्रखंड मुख्यालय में आगामी 18 फरवरी 2025 दिन मंगलवार को सीएलएफ कार्यालय टाटीझरिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समीप टाटीझरिया यूथ में मोबाइलजेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रखंड के झरपो, भराजो खैरा डहरभंगा डूमर धरमपुर बेड़म टाटीझरिया आठों पंचायत के विभिन्न गांवों मुहल्ले के बेरोजगार शिक्षित युवक युवती जिनका उम्र 18 से 35 वर्ष है वे सभी इस रोजगार मेला में अपना रजिस्ट्रेशन कराकर रोजगार प्राप्त कर सकते है। योग्य और इच्छुक युवक युवती को कौशल प्रशिक्षण के बाद 100त्न रोजगार प्रशिक्षित युवकों को करवाया जाएगा। शिविर में राधा गोविंद शैफफोर्ड, सीपीआईटी, कॉटन ब्लूजोम,शाही एक्सपोर्ट तथा डेटा इंट्री ऑपरेटर, इलेक्ट्रिशयन, सिलाई, फिटर, इलेक्ट्रॉनिकस, सिलाई मशीन ऑपरेटर,नर्सिंग,कंप्यूटर ऑपरेटर, मोबाइल रिपेयरिंग आदि का कार्य शिविर में उपलब्ध कराया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए प्रखंड परिसर में जेएसएलपीएस विभाग अधिकारी तथा कर्मियों से संपर्क करे।

## झारखण्ड आंदोलन और अलग राज्य लेने में रही टेकलाल बाबू की अहम भूमिका : जेपी भाई पटेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड की पावन भूमि पर धरती पुत्र,झारखण्ड आंदोलकारी टेकलाल महतो की स्मृति विशेष पर उमड़े जनसैलाब के बीच 80 वां जन्मदिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। आज इस पावन अवसर पर विष्णुगढ़ प्रखण्ड के टेकलाल महतो की जन्मस्थली चानो,बनासो बीएड महाविद्यालय,विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय, टेकलाल महतो डिग्री महाविद्यालय तथा उनकी कर्मभूमि विष्णुगढ़ के झामुमो कार्यालय से सटे दुर्गा मंदिर प्राँगण में जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखण्ड कॉंग्रेस अध्यक्ष अब्बास अंसारी ने की तथा कार्य का संचालन गुरु प्रसाद साव ने किया। कार्यक्रम पूर्व टेकलाल महतो का परिवार व उनके चाहने वाले कार्यकर्त्ताओ ने विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज परिसर में स्थापित आदम कद प्रतिमा में विधिवत पूजा अर्चना कर उनको नमन करते हुए उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। जयन्ती कार्यक्रम में दर्जनों वक्ताओं ने उनकी जीवनी से लेकर टेकलाल महतो के अथक प्रयास



और परिश्रम को आज जीवंत कर दिया। सभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री सह पूर्व माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि सबसे पहले टेकलाल बाबू के चरणों मे मेरा शत शत नमन। जिस तरह मेरे परमादरणीय पिताजी टेकलाल महतो अपना जीवन आम आवाम के लिए खपाया है,उसी तरह तरह मैं भी आप लोगो के बीच हमेशा रहा हूँ और रहूँगा। अभी आप देख रहे होंगे चुनाव में हार के बाद भी मैंने विष्णुगढ़ सात कार्यक्रम किये है,वही माण्डू विधायक के एक भी कार्यक्रम नही है,आप इसी से अन्दाजा लगा सकते है कौन काम करने वाला है। मैं जब तक विधायकी के पद पर रहा तब आम आवाम पर आँच नही आई आज विपक्ष के कुछ कार्यकर्ताओ तथा विधायक के द्वारा सालों से रह रहे गैरमजरूआ जमीन पर अंचलाधिकारी पर दबाव बना रहे है। आप सभी को डरने की जरूरत नही है,मैं जब तक हूँ आपकी जमीन को कोई छू नही सकता। आज कुछ लोग विधायक बन कर उस गरिमामयी पद का दुरुपयोग कर रहे है। मुझे साँसद और विधायक पद का कोई लोभ नही मैं उस पिता का बेटा हूँ जिसने अपनी पाठशाला से सैकड़ो साँसद और विधायक निकले है। इस मौके पर मुख्य रूप से ललिता देवी,टेकोचंद महतो,शंभूलाल यादव,कपिलदेव चौधरी,उत्तमचंद महतो,अभिजीत सिंह, नौशाद आलम,हिरामन महतो,गुरु प्रसाद साव,महादेव मंडल,महेंद्र महतो,दिनेश मंडल,मो. दिलेर आजाद,महताब आलम, सरस्वती देवी,विशेश्वर स्वर्णकार,धनश्याम पाठक,अशोक गुप्ता ,रामजी मांझी, गुलाब राम, सुरेंद्र यादव, लक्ष्मण यादव, जगदीश यादव,राकेश सिंह, सर्वेश सिंह, बिजय सिंह,सागर महतो समेत हजारों की तादाद में लोग उपस्थित थे।

## टेकलाल महतो की जयन्ती पर झामुमो ने श्रद्धांजलि



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को झामुमो विष्णुगढ़ प्रखंड कमेटी ने विष्णुगढ इंटर महाविद्यालय प्रांगण में झारखंड आंदोलन के जननायक सह पूर्व सांसद व विधायक स्व0 टेकलाल महतो की 80 वीं जयंती मनाई गयी। इस अवसर उनके बड़े पौत्र झामुमो मांडू विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौरव पटेल ने अपने दादा स्व0 टेकलाल बाबू के आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान श्री पटेल ने कहा कि झारखंड अलग राज्य आंदोलन में दादा जी स्व. टेकलाल बाबू ने अग्रणी भूमिका निभाई थी। साथ ही कई वर्षो से उन्होंने मांडू को मजबूत नेतृत्व दिया साथ ही क्षेत्र में झामुमो को सिंचने का काम किया है। स्व0 टेकलाल बाबू ने झारखंडी जनता के हक व अधिकार के लिए अपना सर्वस्व जीवन न्यौछावर कर दिया। उनके बताए मार्ग पर चल कर ही झारखंडियों के सपनों को साकार किया जा सकता है अपने विधायकी कार्यकाल में जो विकास का कार्य किया उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। झारखंड को अलग राज्य बनाने में उन्होंने काफी योगदान दिया है। मैं उन्हें शत शत नमन करता हूं ।

## सांसद मनीष जायसवाल पहुंचे मेडिकल कॉलेज, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शशिकांत सिंह और संजीव कुमार सिंह सहित उनकी टीम का किया गया सम्मान

- चिकित्सकों की इस टीम ने किया कमाल, जटिल रीढ़ की हड्डी का सफल ऑपरेशन कर एक जरूरतमंद मरीज को दी बड़ी राहत
- चिकित्सकों के ऐसे क्षमता और विशेषज्ञता से बढ़ता है लोगों का सरकारी अस्पताल से विश्वास : मनीष जायसवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कई चिकित्सक है जो अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा और ईमानदारीपूर्वक करते हैं और अपनी उत्कृष्ट सेवा जरूरतमंद मरीजों को प्रदान करते हैं। जिससे मरीजों और उनके परिजनों को बड़ा राहत होता है। ऐसे चिकित्सकों की सेवा कार्यों का प्रशंसा भी जरूरी है। ऐसे ही एक अत्यंत प्रशंसनीय कार्य को अपने चिकित्सीय अनुभव से अंजाम दिया है यहां के ऑर्थोपेडिक विभाग के एक चिकित्सीय टीम द्वारा। हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ऑर्थोपेडिक विभाग के एक चिकित्सीय टीम द्वारा एक जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक किया गया है। अमूमन यह ऑपरेशन न्यूरोसर्जरी विभाग द्वारा किया जाता है और महानगरों के निजी अस्पतालों में ऐसे ऑपरेशन के 2- 3 लाख रुपए खर्च होता है लेकिन सरकारी अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के तहत ऐसे ऑपरेशन का होना चिकित्सकों की उपलब्धि है साथ ही जरूरतमंद मरीजों के लिए नई उम्मीद की किरण भी प्रस्फुटिल होती है। चिकित्सकों के ऐसे सेवा से जरूरतमंदों को अपने जीवन को सामान्य बनाने की एक नई आस भी जागती है और सरकारी अस्पताल के प्रति लोगों का विश्वास भी बढ़ता है। इधर इस जटिल ऑपरेशन से प्रभावित होकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद




मनीष जायसवाल ने चिकित्सकों के इस पहल की सराहना की और शनिवार की सुबह वे खुद हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आर्थो ओटी पहुंचकर इस ऑपरेशन में शामिल चिकित्सीय टीम के सभी डॉक्टर और सहयोगियों के साथ अस्पताल प्रबंधन के उपाधीक्षक को शॉल ओढ़ाकर और पुष्प भेंटकर उनका सम्मान किया और हौसल बढ़ाया। सांसद मनीष जायसवाल पहले जनप्रतिनिधि हैं जो सरकारी अस्पताल के हर गतिविधि पर नजर रखते हैं और जरूरतमंद मरीजों के सेवार्थ सदैव तत्पर रहते हैं। मेडिकल कॉलेज अस्पताल की कुव्यवस्था को लेकर हमेशा आवाज बुलंद करते हैं तो यहां हुए अच्छे कार्यो की खूब सराहना भी करते हैं। इससे पहले भी सदर अस्पताल में जब जुगाड़ तकनीक के सहारे शल्य चिकित्सक डॉ.अभिषेक कुमार और उनके सहयोगी टीम ने एक जरूरतमंद मरीज का ट्यूमर युक्त हाथ का सफल सर्जरी किया था तब भी हॉस्पिटल पहुंचकर चिकित्सकों का सम्मान उन्होंने किया था।

ज्ञात हो कि हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक सड़क दुर्घटना से ग्रसित चतरा जिले के जयपुर गांव निवासी 34 वर्षीय मरीज नरेश भुइयां की रीढ़ की हड्डी टूट गई थी और इस कारण वे चलने- फिरने में असमर्थ हो रहें थे और उन्हें कई प्रकार की शारीरिक कठिनाइयां हो रही थी। ऐसे में सीमित साधन- संसाधन के बावजूद यहां के अस्थि रोग विभाग के चिकित्सक डॉ. शशिकांत सिंह और डॉ. संजीव कुमार सिंह ने करीब ढाई घंटे के समय में मरीज को पेट के बल लेटाकर उनके रीढ़ की हड्डी का सफलता पूर्वक जटिल ऑपरेशन किया और मरीज को नवजीवन प्रदान कर एक बार सामान्य स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया। ऑपरेशन करने वाले चिकित्सकों के मुताबिक हजारीबाग जैसे शहर में अमूनन ऐसे ऑपरेशन निजी अस्पतालों में भी नहीं होता है और सरकारी अस्पताल में सीमित संसाधन में इस प्रकार का जटिल ऑपरेशन पहली बार हुआ है। उन्होंने बताया कि करीब 8 पैडिकल स्करू और 2 रॉड लगाकर इस ऑपरेशन को अंजाम दिया गया है और इस टीम में हम दो डॉक्टरों के अलावे हमारे टीम में एनेस्थीसिया विभाग के डॉ. सुप्रभात, प्रिया, रामाशीष और सहयोगी के रूप में ओटी के राजू, कुंदन, विनोद, विकास, सिस्टर संजना और रोशनी शामिल रहें। सभी के अथक प्रयास और सराहनीय सहयोग से ही यह जटिल ऑपरेशन संभव हो सका। डॉ. शशिकांत सिंह ने बताया कि ससमय अगर यह ऑपरेशन नहीं हो पाता तो मरीज को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता था और लम्बे समय तक ऐसे ही रीढ़ की हड्डी टूटे रहने से पैरालाइसिस भी हो सकता था। सफल ऑपरेशन करने वाली मेडिकल टीम के चिकित्सकों ने भी मरीज के परिजनों को भी ऑपरेशन में सहयोग के आभार जताया और बताया कि यह ऑपरेशन आयुष्मान भारत योजना के तहत यहां पूरी तरह निःशुल्क हुआ है। ऑपरेशन के बाद मरीन की स्थिति में व्यापक सुधार हुआ है और धीरे- धीरे मरीज अब अपने पैरों में भी खड़ा हो पा रहा है ।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के 19 वे त्रैवार्षिक अधिवेशन में संजय कुमार चौधरी बने अध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** नागपुर में आयोजित अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के 19 वे त्रैवार्षिक अधिवेशन में सर्वसम्मति से अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के अध्यक्ष के रूप में सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ पिपरवार क्षेत्र से संजय कुमार चौधरी और महामंत्री एसईसीएल के सुजीत कुमार बनाए गए। अधिवेशन में कोल उद्योग प्रभारी भारतीय खदान मजदूर संघ के के.लक्ष्मा रेड्डी के द्वारा संजय कुमार चौधरी के नाम पर मुहर लगाया गया। वहीं अध्यक्ष संजय कुमार चौधरी व महामंत्री सुजीत कुमार को बनाए जाने पर लड़की लोगों ने बधाई दी है। वहीं बधाई देने वालो में सीसीएल संयुक्त सलाहकार समिति सदस्य रविन्द्र कुमार मिश्रा ,सीसीएल सीकेएस के अध्यक्ष निर्गुण महतो ,महामंत्री शशि भूषण सिंह, बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव शंभु सिंह,अध्यक्ष हरिनाथ महतो, क्षेत्रीय त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति सदस्य श्रीकांत गुप्ता,उरीमारी परियोजना शाखा सचिव





सुभाष चंद्र ओझा,अध्यक्ष सुधीर सिंह, एस पी सिंह,कामेश्वर प्रसाद मेहता,तेज नारायण साव,संतोष कुमार,रवि शंकर सिंह, सुरेश मांझी,रामचंद्र राम, बाबूलाल मांझी,गोपाल राम,रौशन महतो,सुरेन्द्र यादव,शशिकांत उपाध्याय,राजेंद्र गंझू,चंद्र शेखर प्रसाद आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त किया।

# रैयत विस्थापित ग्रामीण मोर्चा ने देवरिया में की बैठक, प्रदूषण सहित कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** रैयत विस्थापित ग्रामीण मोर्चा की बैठक शनिवार को देवरिया पंचायत भवन के प्रांगण में हुई। जिसकी अध्यक्षता असगर अली और संचालन शिवनारायण यादव ने किया। बैठक में क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण, भारी वाहनों में होती ओवरलोडिंग, भुरकुंडा रेलवे साइडिंग से फैलता प्रदूषण, मजदूरों को निर्धारित वेतन से कम मिलना, सुरक्षा मापदंडों की होती अवहेलना, निर्धारित मापदंडों को दरकिनार कर क्षेत्र में क्रशरों का होता संचालन सहित कई अन्य मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही सभी समस्याओं को लेकर जल्द ही जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। वहीं सर्वसम्मति से श्याम महतो को समिति का संयोजक चुना गया।मौके पर बलदेव राम, आलम अंसारी, मुख्तार अंसारी, मुस्लिम अंसारी, छोटू खान, बारीक अंसारी, रंजीता करमाली, संजीव साहू, शशिभूषण श्रीवास्तव, अरुण यादव, नितेश कुमार, बंटी, रामा ठाकुर, राजा यादव, हरिदास साव, देवानंद साव, राधा यादव, रमाशंकर गिरी, मोहन मुंडा, देवानंद करमाली, लखेंद्र राम, पंकज दांगी, राशिद अंसारी, रियाज अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# स्व टेकलाल महतो का 80 वां जन्म दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** गिद्दी सी वाशरी कॉलोनी मे राकेश सिंह के आवासीय कार्यालय मे प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में स्वर्गीय टेकलाल महतो जी की 80 वां जन्म दिवस मनाया गया बैठक में मुख्य रूप में जिला कांग्रेस कमेटी के नेता शशि भूषण सिंह जी राकेश सिंह अनिल अग्रवाल मोहम्मद हैदर अली मुख्य रूप से उपस्थित थे विजय कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा स्वर्गीय टेकलाल माता जी के द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए उनके पदचिन्हों मे चलने की अपील सभी कार्यकर्ताओ से की राकेश सिंह जी ने भी अपनी बाते रखे और धरती पुत्र जी के बारे में लोगो को जानकारी दिये। जब विधायक थे तो किस तरह से उन्होंने इस पूरे विधानसभा का विकास किया बैठक में रमेश कुमार, चंद्रवंशी किशोर कुमार गब्बर सिंह विजय विश्वास गोपाल बाहरी विजय हसदा भुवनेश्वर मुंडा मंसूर अली अख्तर अंसारी मुबारक दीपक पवन कुमार राजेश कुमार अजय कुमार दास भोला विश्वकर्मा अनिल अग्रवाल सहित अन्य कार्यकर्ता लोग भी उपस्थित थे सभी लोगों ने स्वर्गीय टेकलाल महतो जी के तस्वीर में पुष्प अर्पण किया और मिठाइयां बाट कर जन्म उत्सव को पूरे आनंदमई वातावरण में मनाया गया।

# सौंदा डी पंचायत की पंचायत समिति सदस्य कुमकुम देवी ने रामगढ़ उपायुक्त को भेजा पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** पतरातू प्रखंड अंतर्गत सौंदा डी पंचायत की पंचायत समिति सदस्य कुमकुम देवी ने डीएमएफटी फंड से स्वीकृत योजनाओं को सौंदा डी पंचायत में कार्य करवाने हेतु रामगढ़ डीसी को पत्र सौंपा है। सौंपे गये पत्र में कुमकुम देवी ने कहा है कि डीएमएफटी शासी निकाय परिषद 18 मार्च 2021 और 15 सितंबर 2023 के बैठक स्वीकृत योजना ग्राम पंचायत सौंदा डी में आज तक जमीन पर काम नहीं आ पाया। पत्र में 18 मार्च 2021 को स्वीकृत श्यामलाल के घर ए टाईप होते हुए मेन रोड सौंदा डी तक पीसीसी पथ निर्माण, बलराम के घर से नवल शर्मा के घर तक पीसीसी पथ व 15 सितंबर 2023 में स्वीकृत योजना जनता मजदूर संघ कार्यालय से जीपी कैंप, रैंबो क्लब, क्लब घर होते हुए उच्च विद्यालय होते हुए मध्य विद्यालय तक पीसीसी पथ निर्माण, मनोज तुरी चाणक्य कॉलोनी से झोपड़ी होते हुए जेठु बेदिया के घर तक पीसीसी, नकारी नदी पर सीढ़ीनुमा छठ घाट का निर्माण कराने की मांग की गई है।

# एसएसवीएम पतरातू थर्मल विद्यालय को मिला कंप्यूटर,प्रिंटर और कुर्सी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** थर्मल स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पाराडाइज सेवा संस्थान के सदस्य विपुल विद्याकर के द्वारा नारियल फोड़कर नये कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया गया। पाराडाइज सेवा संस्थान रांची स्थित समाजसेवी संस्था है जो समाज सेवा के साथ साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी कार्य करती है। संस्थान सचिव ज्ञान कुमार के नेतृत्व में पिछले दो वर्षों से विशेष रूप से बच्चों को टेक्निकल शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए कंप्यूटर प्रदान करने का काम करती हैं। उनके द्वारा 8 डेस्क्टोप कंप्यूटर, 1 प्रिंटर कंप्यूटर के साथ साथ 10 कुर्सी भी सहयोग के रूप में विद्यालय को प्रदान किया गया ताकि बच्चों की पढ़ाई निर्बाध रूप से चलती रहे। और यह कार्य निरंतर जारी है। उद्घाटन समारोह में पाराडाइज सेवा संस्थान के सदस्य विपुल विद्याकर,विद्यालय के सचिव सूरज प्रसाद,सह सचिव संजित कुमार,प्राचार्य सुरेंद्र कुमार पाठक सहित अन्य आचार्य उपस्थित थे।

# इंडियन एसोसिएशन ऑफ लायर्स,झारखंड द्वारा जीवन एवम विरासत पर संगोष्ठी का आयोजन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** इंडियन एसोसिएशन ऑफ लायर्स, झारखंड द्वारा जीवन एवम विरासत पर संगोष्ठी का आयोजन शनिवार को संत जेवियर्स कॉलेज ऑडिटोरियम, रांची में किया गया, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संदीप मेहता, को जब्बार अंसारी अधिवक्ता रामगढ़ के द्वारा बुके एवम शॉल ओढ़ाकर कर स्वागत किया गया एवम झारखंड हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस भी उपस्थित थे एवम अन्य न्यायाधीश विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए,सभी अतिथियों के द्वारा जस्टिस एम वाई इकबाल के जीवन एवम उनके द्वारा दिए गए जजमैंट पर विशेष प्रकाश डाला गया, इस संगोष्ठी का मुख्य विषय




परिवर्तनकारी, संवैधानिकता और निष्पक्ष न्याय का अधिकार पर विशेष चर्चा की गई, इस प्रोग्राम में रामगढ़ जिला बार एसोसिएशन के महासचिव सीता राम महतो, मोहम्मद जब्बार अंसारी, दिलदार हुसैन, प्रकाश रंजन, एमडी आबिद, अनुराग कुमार सिन्हा, अरशद, एवम ज्योति कुमारी उक्त प्रोग्राम में सम्मिलित हुवे ! उक्त प्रोग्राम को इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के झारखंड महासचिव श्री ए के रशीदी उक्त प्रोग्राम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# वेंकटेश आयरन द्वारा सीएसआर के तहत जिला प्रशासन को उपलब्ध कराया गया एम्बुलेंस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** वेंकटेश आयरन कंपनी द्वारा शनिवार को जिला प्रशासन रामगढ़ को सीएसआर के तहत एक एंबुलेंस उपलब्ध कराया गया। मौके पर उपायुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार ने वेंकटेश आयरन द्वारा उपलब्ध कराए गए एंबुलेंस वाहन की सराहना करते हुए कहा कि सीएसआर के तहत प्राप्त एंबुलेंस को झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय दुलमी में उपयोग किया जाएगा।

# रामगढ पुलिस ने चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ को नए आपराधिक कानूनों के संबंध में प्रशिक्षण दिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित डीजी आईजी कॉन्फ्रेंस 2024 में दिये गये निर्देश के अनुसार प्रत्येक जिला में गैर पुलिस कर्मियों यथा चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ इत्यादि को नए आपराधिक कानूनों के तहत उनकी भूमिका एवं जिम्मेदारी के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाना है। इस संबंध में शनिवार को अजय कुमार, (भा0पु0 से0) पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के निर्देशन में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ को नए आपराधिक कानूनों के संबंध में श्री चन्दन कुमार वत्स, वरीय पुलिस उपाधीक्षक (मु0), रामगढ़ के द्वारा प्रशिक्षण



दिया गया तथा उनकी भूमिका एवं जिम्मेदारी से अवगत कराया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 68 चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण में मुख्य रूप से असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़ अन्य चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहें।

# चूटूपालू घाटी में ट्रेलर और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर हुई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत चूटूपालू घाटी में ट्रेलर और मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई। बता दे की एक ही दिशा से रांची की ओर से ट्रेलर जिसमें तार सरिया रोलर लोड था इस दिशा से आगे चल रहे हैं मोटरसाइकिल सवार दंपति भी चल रहे थे। ट्रेलर जिसका नंबर ऋछ52ब्र 2755 ने मोटरसाइकिल जिसका नंबर छ्वा 01क्क्ष् 3280 को पीछे से टक्कर मार दिए जिससे मोटरसाइकिल सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रेलर ने जब मोटरसाइकिल को धक्का मारा तो वह खुद भी पलट गया और खेत में जाकर पलट गया जिससे ट्रेलर पर लोड सरिया तार का रोल भी पूरी तरह बिखर गया। घटना में टेलर के ड्राइवर खलासी को भी गंभीर चोटें आई है इसके बाद मोटरसाइकिल सवार दंपति को भी गंभीर रूप से घायल हो गए जिसके पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गई और घायल दंपति को रामगढ़ के सदर अस्पताल में भेज दिया गया है। पुलिस घटना स्तर पर पहुंचकर मोटरसाइकिल सवार दंपति का पता लगाने में जुट गई है।

# राधा गोविंद विश्वविद्यालय में चल रहे ड्रग डिजाइनिंग कार्यशाला का समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी माइक्रोबायोलॉजी एवं फार्मेसी विभाग द्वारा हो रहे 2- दिवसीय कार्यशाला समापन 15 फरवरी 2025 को हुआ। कार्यशाला के दूसरे दिन के मुख्य वक्ता रिसर्च साइंटिस्ट डॉ रूपक राय एवं श्रीओशी घोष ने बच्चों को फ्रेगमेंट बेस्ड ड्रग डिजाइन , प्रोटीन प्रोटीन इंटरेक्शन , डिजाइनिंग इन्हीबिटरस फर कोविड-19 , एचआईवी के बारे में प्रशिक्षण दिया। इसी बीच हमारे ऑनलाइन से जुड़े अन्य वक्ता जूनियर साइंटिस्ट अपराजिता चक्रवर्ती ने ड्रग डिजाइन विषय पर प्रकाश डाला।विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति बी एन साह ने सफल कार्यक्रम के लिए विभाग को हार्दिक बधाई दी।सचिव प्रियंका कुमारी ने दो दिवसीय कार्यशाला की प्रशंसा की और शुभकामनाएं दीं।प्रति कुलपति महोदया प्रो (डॉ) रश्मि ने सभी अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन की और छात्रों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के बारे में अपना विचार रखी। विज्ञान विभाग के संकायाध्यक्ष डॉ



प्रतिभा गुप्ता ने बताया की ड्रग डिजाइन एक जटिल प्रक्रिया है जिसमें नई प्रौद्योगिकियों के उपयोग के माध्यम से उसे और बेहतर बनाया जा रहा है।कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा सभी छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन उमा कुमारी ने की और धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ )अशोक कुमार ने दिया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, साईं प्रकाश पाणिग्रही , डॉ प्रणव कुमार महता, फार्मेसी विभाग के अन्य व्याख्यातगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# सरना झंडा दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ में पतरातू बस्ती मुंडा टोली में संगीता पहान के घर में सरना झंडा दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके बाद राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के लोगों ने संगीता पहान के घर में सरना झंडा का दर्शन किया द्य इस दौरान पहान के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना की द्य मौके पर संरक्षक राजेश पहान, जिला अध्यक्ष शुक्रमुनि मुंडा, अनु मुंडा, किरण, कृष्णा, बंटी गुड्डू ,मनीष ,रौनक ,धर्मेश, राखी सोनाली, साक्षी ,दीपिका ,सुमित मंटू ,जय ,गोविंद, कोशिला, कृति, सुप्रिया, नीतिज्ञ, सनी ,राकेश, सनी आदि कोई उपस्थित थे।

# शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग, लाखों की संपत्ति हुई जल कर राख

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद के भुईफोड़ मंदिर स्थित डी3 के मालिक बबलू पासवान (शांतनु) के आवास में शुक्रवार रात शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि उसे बुझाने में फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों को घंटों मशक्कत करनी पड़ी। इस हादसे में करीब 20 से 25 लाख रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। घटना रात करीब 9 बजे की बताई जा रही है। आग लगने के बाद स्टोर रूम में रखे सिलेंडर ब्लास्ट हो गए, जिससे जबरदस्त धमाके हुए। धमाकों की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और आग को फैलते देख फायर ब्रिगेड को सूचना दी। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और राहत कार्य शुरू किया।जैसे ही आग की सूचना मिली, स्थानीय पुलिस की टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था संभालते हुए आग बुझाने के कार्य में मदद की। बताया जा रहा है कि आग सबसे पहले एक कमरे में लगी, फिर गैरेज होते हुए ऊपर के हिस्से तक पहुंच गई और पूरी तरह विकराल हो गई। अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में



आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। हालांकि, फायर ब्रिगेड और बिजली विभाग की टीम विस्तृत जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही विधायक राज सिन्हा, भाजपा नेता मुकेश पांडे, झामुमो नेता सहित कई गणमान्य लोग मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

# पत्रकार अजित की 8वीं पुण्यतिथि मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** कोयलांचल पत्रकार संघ के केन्द्रीय कार्यालय शालीमार में दिवंगत पत्रकार स्व अजित श्रीवास्तव की 8वीं पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम संघ के संस्थापक मो मुख्तार अहमद तथा महामंत्री राहुल मिश्रा द्वारा उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया। तत्पश्चात सभी सदस्यों ने पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी। संस्थापक मुख्तार अहमद तथा महामंत्री राहुल मिश्रा ने कहा कि स्व अजित श्रीवास्तव संघ के शुरुआती दौर से हमारे साथ थे। संघ की बुनियाद में अहम भूमिका निभाई थी। उनके जाने से संघ को अपूरणीय क्षति हुई है। मौके पर संरक्षक चंद्र देव मिश्रा, सचिव अरुण कुमार, कोषाध्यक्ष कमलेश सिंह, पवन गुप्ता, आशीष सिन्हा, शमीम हुसैन, मनोज यादव, शशिधर मिश्रा, दीपक गुप्ता, मजहरुल इस्लाम, विद्या रजक आदि उपस्थित थे।

# आजाद नगर में हुआ नि : शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** वार्ड संख्या 17 स्थित आजाद नगर के वाहिद कॉम्प्लेक्स में वहां के पार्षद उम्मीदवार मोहम्मद इम्तियाज अंसारी ने निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जिसमें 105 लोगों ने अपनी आंखों की जांच मुफ्त में कराई। इस दौरान 21 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया। सभी लोगों का सरायढेला स्थित श्रेष्ठ नेत्र चिकित्सालय में आयुष्मान भारत योजना के तहत बिल्कुल फ्री में ऑपरेशन होगा। मौके पर मानव अधिकार प्रोटेक्शन धनबाद के सचिव हाजी जमीर आरिफ, निजामुद्दीन, लाडिल खान, मोबिन खान, मो गुलाम, दानिश, मिट्ठू, फैयाज, कमरू, जमील अहमद, साजिद, भोलू, विक्की, श्रेष्ठ नेत्र चिकित्सालय के डॉ रमेश कुमार तिवारी, रितिका, कुश आदि मौजूद थे। सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय भूमिका निभाई।

# चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार का प्रतिनिधिमंडल मिला ट्रैफिक डीएसपी से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार के प्रवक्ता विजय कुमार सैनी ने बताया कि चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार का एक प्रतिनिधिमंडल चैंबर अध्यक्ष सोहराब खान के नेतृत्व में रत्नेश्वर मंदिर के समीप ई रिक्शा (टोटो) द्वारा होने वाली परेशानी से निजात की मांग को ले कर डीएसपी यातायात अरविंद कुमार सिंह से मुलाकात की है।चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने रत्नेश्वर मंदिर के समीप एक स्थाई ट्रैफिक जवान की तैनाती की मांग की और इस समस्या के स्थाई निदान के लिए ट्रैफिक डीएसपी को चैंबर का सुझाव दिया है। वार्ता के बाद ट्रैफिक डीएसपी ने रत्नेश्वर मंदिर के समीप स्थाई ट्रैफिक जवान तैनात करने की बात



कही।चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना के अध्यक्ष सोहराब खान ने बताया कि ई रिक्शा (टोटो) बाज़ार में घुसने से जाम लगता है। आए दिन दुर्घटना होती रहती है। बाज़ार के मुहाने पर स्थिति विकट हो जाती है। क्षेत्र में पहले से ही रिंग रोड की व्यवस्था है। इस रूट पर ही टोटो को चलाया जाना चाहिए ताकि सभी को सहूलियत हो। चैंबर किसी के रोजगार के विरुद्ध नहीं बल्कि सुगम यातायात का पक्षधर है।प्रतिनिधिमंडल में सोहराब खान, प्रदीप नारनौली, संजय पांडेय, नवनीत रिटोलिया, रफीक अलाम, सरदार नारायण सिंह और रोहित सरावगी शामिल थे।

# झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी के राजू को दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** अधिवक्ता एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में धनबाद के अधिवक्ताओं ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी के राजू को बनाए जाने पर खुशी एवं आभार प्रकट करते हुए बधाई दी। ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि के राजू पहले से झारखंड से परिचित है। वह पहले से एससी, एसटी, ओबीसी, माइनॉरिटी के कोऑर्डिनेटर के तौर पर कई बार झारखंड का दौरा कर चुके हैं। पिछले लोकसभा एवं विधानसभा में भी झारखंड में काफी समय दिए है जिसका परिणाम है कि झारखंड में लोकसभा में भी हमारे सीटों की बढ़ोतरी हुई है एवं विधानसभा में हमने दुबारा सरकार बनाया है। के राजू को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रभारी बनाए जाने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल का बहुत-बहुत आभार, एवं के राजू को झारखंड का प्रभारी बनाए जाने पर बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।

# फसल सुरक्षा योजना के अंतर्गत कीटनाशको का किया गया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** दिनांक 15 फरवरी 2025 को पौधा संरक्षण विभाग (धनबाद) के द्वारा बलियापुर कृषि उत्थान महिला प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के सदस्यों को फसल सुरक्षा योजना के अंतर्गत ट्राईकोडर्मा, कार्बेडाजिम, बोरोन, इमिडाक्लोरोप्रिड, पीएसबी, नीम तेल, फोरमैन ट्रैप, का वितरण किया गया। इस दौरान दीदियों को कीटनाशक के प्रयोग करने की विधि को डेमो कर के दिखाया गया। डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से खेती से जुड़े लोगों को उत्साह वर्धन के साथ-साथ प्रोत्साहन भी मिलता है। उन्होंने कहा कि दीदियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह भी एक अच्छी पहल है।मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर राजीव डॉक्टर सीमा सिंह और जे एस एल पी एस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेश रंजन, राजीव कुमार पांडे, प्रखंड स्तरीय प्रखंड



कार्यक्रम प्रबंधक शम्भु विश्वाश, मुख्तार अंसारी, कंपनी के सीईओ राजीव रंजन सिंह, निदेशक शोभा रानी महतो, अनीता देवी, रेणुका मलिक के साथ सैकड़ों किसान दीदी उपस्थित थी।


## Office of Civil Surgeon Cum Chief Medical officer,Ranchi (Department of Health and Family Welfare)

Letter No **EXPRESSION OF INTEREST (E.O.I)** Date –

Sadar Hospital, Ranchi is one of the premier govt. hospital in the state and India. The institute provides free medical services under AB-MMJAY and other govt. schemes. Expression of Interest (E.O.I) is invited for Medical officer's and Specialist Medical Officer's for providing services at Sadar Hospital Ranchi ranchi

| Sl.No | Name of Post | Min Qualification | No. of Posts | Emoluments |
|---|---|---|---|---|
| 1 | General Physician | 1. MD in General Medicine<br>2. Minimum 1 year in a 50 beded hospital | 1 | 1,05,000/- |

**Terms and Conditions**

Relevant documents and information can be seen and downloaded from www.sadarhospital.com

- The desirous candidates having requisite qualifications and fulfilling other eligibility conditions may come for appearing in **walk-in-interview** along with filled application on prescribed format and all the certificates in original in support of their qualification, experience in **Civil Surgeon Conference Hall, Sadar Hospital Campus, Puruliya Road Ranchi – 834 001 at 10.30 AM on 20th Feb 2025.**
- No TA/DA will be paid to candidates attending the interview.
- Chairman, Selection Committee will have the sole authority to accept or reject any application, if he is satisfied with the cause to do so, without assigning any reason thereof.
- Maximum age of applicant will be not more than 70 yrs as on 31-12-2024 .
- Candidate with higher qualification will be given preference for the post.
- The above meintioned post can be increased or decreased.
- This post initially for the period of 1 year(under Outsoursed Agency). Extension post expiry of initial period will be the sole discretion of the, Govt of Jharkhand/Civil Surgeon, Ranchi.

**Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer Ranchi**

PR 346478 (Health Med Edu and Family Welfare)24-25*D


# चांदमारी ग्राउंड में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शनिवार से चांदमारी ग्राउंड में चांदमारी प्रीमियर लीग की शुरुआत हुई। समाजसेवी कुम्भनाथ सिंह और युवा संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष युवा नेता दिलीप सिंह बतौर मुख्य अतिथि के द्वारा टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय हासिल किया एवं खिलाड़ियों को उनके शानदार खेल के लिए शुभकामनाएं दी। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं की प्रतिभा निखारने के लिए धनबाद के चांदमारी ग्राउंड में आयोजित छह दिवसीय मैच में कुल 24 टीमें भाग ले रही है। पहला मैच वीआईपी 11 बनाम एनबी स्टार टीम के बीच खेला गया। इस टूर्नामेंट में फाइनल के विजेता को 17 हजार नकद पुरस्कार एवं ट्राफी तथा उपविजेता टीम को साढ़े नौ हजार नकद पुरस्कार के साथ ट्राफी



दी जाएगी। इस प्रीमियर लीग में मैन ऑफ़ द सीरीज, बेस्ट बल्लेबाज और बेस्ट बॉलर के लिए भी पुरस्कार रखा गया है। इस बाबत कुम्भनाथ सिंह ने कहा कि सभी खिलाड़ी अच्छे खेल का प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करें उनको मेरी ओर से शुभकामनायें हैं। दिलीप सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों को उनकी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल बेहद जरुरी है। राज्य एवं केंद्र सरकार से एक ही मांग है कि खिलाड़ियों को खेल संसाधन उपलब्ध कराएं ताकि यहां के खिलाड़ी भी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन कर सकें। आयोजनकर्ता धर्मेंद्र सिंह, प्रेम मालाकार, विपिन यादव, विशाल तिवारी, प्रमोद सिंह महंत, प्रकाश साव, पिंटू, राजा थे।

# धनबाद में वेस्ट मैनेजमेंट जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** वार्ड 20, बेकारबांद, धनबाद में कचरा प्रबंधन के तहत जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम स्वाभिमान द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें इंडिया क्लीन एयर नेटवर्क और जीएफआई का सहयोग रहा। कार्यक्रम में पुजा रत्नाकर, जो कि एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं और धनबाद में कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्यरत हैं, ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके साथ ही शुशमा, रवि, आशीष सहित कई स्वयं सहायता समूह की महिलाएँ उपस्थित रहीं। रीमा, काजल और अन्य लोगों ने भी इस पहल में भाग लिया। स्थानीय पार्षद अशोक पाल और पुजा ने मिल कर यह संकल्प लिया कि वे इस कार्य में सभी का सहयोग करेंगे और अपने वार्ड को स्वस्थ एवं स्वच्छ बनाने के लिए मिल कर कार्य करेंगे। साथ ही पार्षद ने कहा है कि वे अपने वार्ड को स्वच्छ बनाने में पूर्ण सहयोग देंगे। धनबाद के लिए यह एक महत्वपूर्ण पहल है, जो कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वच्छता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

# सुरभी महिला समिति द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्वावलंबी स्वरोजगार सोसाइटी मुकुंदा के परीक्षण में उत्कृट योगदान के लिए शनिवार को सुरभी महिला समिति द्वारा जियलगोरा गेस्ट हाउस में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता समिति के क्षेत्रीय अध्यक्षा शर्मिष्ठा चक्रवर्ती तथा संचालन मॉली सील ने किया। समारोह का शुभारंभ समिति की अध्यक्षा सह सीएमडी की पत्नी मिली दत्ता ने विशिष्ट अतिथि डीपी और डीटी की पत्नीयों पुरवैया रमैया, रंजना सिंह एवं अर्चना अग्रवाल के साथ संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित



कर किया। समारोह में अतिथियों का स्वागत सोसाइटी के बच्चियों ने आकर्षक नृत्य कि प्रस्तुति से की गई। समारोह की मुख्य अतिथि मिली दत्ता ने प्रतिभागियों को सौंदर्य प्रसाधन एवं सिलाई कढ़ाई की सामग्री कीट पैकेट तथा प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि मुकुंदा सोसाइटी द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में दी जा रही योगदान प्रशंसनीय है। मौके पर लोदना क्षेत्र के जीएम एन चक्रवर्ती मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# खुले नाले मे पलटी कार, बाल बाल बचे लोग

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार की देर रात धर्मशाला रोड स्थित एक स्विफ्ट डिजायर कार खुले नाले मे जा घुसी। गनीमत रही की इस हादसे मे जानमाल की क्षति नहीं हुई। हालांकि कार क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्रवार की रात अचानक जोरदार आवाज सुनी तो देखा कि एक कार खुले नाले मे जा घुसा है। कार से कुछ लोग बाहर निकले और कार को नाले से बाहर निकालने का काफी प्रयत्न किया लेकिन जब रात होने के



कारण जब उन्हें कोई उपाय नहीं सुझा तो वह लोग चले गए। सुबह हाइड्रा के मदद से कार को नाले से बाहर निकाला। स्थानीय लोगों मे चर्चा के अनुसार स्विफ्ट डिजायर कार धनबाद के धैया निवासी की है जो तिलक समारोह मे शामिल होने झरिया आए हुए थे और हादसा का शिकार हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि बड़ा हादसा होने से टल गया जबकि ऐसे हादसे प्रतिदिन यहां होते रहते हे। खुले नाले में गिर कर पैदल चल रहे कई राहगीरों समेत बाइक सवार चोटिल भी हुए है। नगर निगम एवं जिला प्रशासन को मामले की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक कदम उठाना चाहिए।


## पूर्व मध्य रेल

**सूचना**

Notice No: C.710/0/GCT-EOI/DHN/25 Dt. 13.02.2025

**धनबाद मंडल के चुरकी स्टेशन (CHRK) पर पीओएल (पेट्रोलियम, तेल और स्नेहक) यातायात के लिए गति शक्ति मल्टी मॉडल टर्मिनल के विकास की अभिरूचि की अभिव्यक्ति EOI के लिए सूचना।**

वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद मंडल के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति, माल यातायात को संवर्धन हेतु धनबाद मंडल के चुरकी स्टेशन (CHRK) पर पीओएल (पेट्रोलियम, तेल और स्नेहक) यातायात के लिए गति शक्ति मल्टी मॉडल टर्मिनल विकसित करने के लिए इच्छुक ट्रांसपोर्टरों, रसद सेवा प्रदाताओं, विकासशील फर्मों, सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम सहित से अभिरुचि की अभिव्यक्ति) EOI (आमंत्रित करता हैं। कार्य निष्पादन की योजना और कार्य के विस्तृत अनुमान सहित प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत किए जाएंगे।

**1. उस स्टेशन का नाम जहां कार्य का निष्पादन किया जाना है जो निम्नलिखित है :–**
- चुरकी स्टेशन (CHRK)

**2. कार्य का दायरा:** निजी निवेश के माध्यम से मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल का विकास ट्रांसपोर्टर/लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने हेतु जीसीटी को आधुनिक परिवहन और हैंडलिंग सुविधाओं के साथ विकसित किया जाना।

**3. अभिरुचि की अभिव्यक्ति) EOI (का उद्देश्य:** परिवहन में रेलवे की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक डिजाइन और प्रौद्योगिकी सहित आधुनिक सुविधाओं के साथ माल संचालन टर्मिनलों का विकास करना।

**4. अभिरुचि की अभिव्यक्ति) EOI (जमा करने की तिथि : 11.03.2025** को **12:00** बजे तक

**5. अभिरुचि की अभिव्यक्ति) EOI (खुलने की तिथि : 11.03.2025** को **12:30** बजे। प्राप्त सभी प्रस्तावों की जांच प्रस्तावकों द्वारा पेश किए गए विचारों और अनुमानों के आधार पर की जाएगी। रेलवे प्रस्ताव के आधार पर अंतिम योजना / निवेश योजना/ लाइसेंस की अवधि और अन्य नियमों और शर्तों को अंतिम रूप देगा और प्रचलित नियमों के अनुसार खुली निविदाएं / सीमित निविदाएं आमंत्रित कर सकता है।

नोट : i) इच्छुक प्रस्तावक कार्यालय कार्य दिवसों के दौरान मंडल रेल प्रबंधक) वाणिज्य (के कार्यालय में **11.03.2025** को 12:00 बजे से पहले अनुलग्नको के साथ EOI प्रस्तुत कर सकते हैं। विस्तृत ब्यौरा **www.ecr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है।

नोट हिंदी और अंग्रेजी सूचना में अंतर होने पर अंग्रेजी : सूचना ही मान्य होगी।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/ पूमरे/धनबाद

पीआर/02120/डीएचएन/वा./एन/24–25/104



## कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा

Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com

**आम सूचना**

नगर परिषद, लोहरदगा द्वारा आवंटित बड़ा तालाब स्थित दुकान/भू–खण्ड जिनका मासिक किराया दिसम्बर 2024 तक बकाया है, संबंधित दुकानदारो को मासिक किराया भुगतान हेतु तीन बार नोटिस निर्गत करने के बावजूद भी किराया का भुगतान नहीं किया गया है, जिसकी विवरणी निम्नवत् हैः–

| क्र0 | दुकानदार का नाम | कुल बकाया राशि दिसम्बर 2024 तक | क्र0 | दुकानदार का नाम | कुल बकाया राशि दिसम्बर 2024 तक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राम विलास प्रसाद | 146,493.00 | 25 | अरविंद राम वर्मा | 58,074.00 |
| 2 | असिम बिहारी | 52,640.00 | 26 | परवेज आलम अंसारी | 22,700.00 |
| 3 | सकील अंसारी | 47,850.00 | 27 | जुबेदा खातुन | 77,430.00 |
| 4 | वसी अहमद | 47,850.00 | 28 | सुल्तान खान (छोटानागपुर बुट) | 134,556.00 |
| 5 | रामवृक्ष साहु | 84,508.00 | 29 | मो0 एजाज अंसारी | 28,930.00 |
| 6 | नवल राम वर्मा | 44,081.00 | 30 | मो0 रहीम | 13,925.00 |
| 7 | मो0 शाहबान | 62,590.00 | 31 | गुलाम मुर्तजा | 26,680.00 |
| 8 | पावस कुमार, | 54,310.00 | 32 | सहीमउद्दीन अंसारी | 53,650.00 |
| 9 | दौलती देवी | 40,280.00 | 33 | राकेश कुमार गुप्ता | 59,100.00 |
| 10 | विरेन्द्र प्रसाद गुप्ता | 17,370.00 | 34 | मो0 मोख्तार | 96,473.00 |
| 11 | ओम प्रकाश गुप्ता | 12,915.00 | 35 | इबरार अहमद | 64,083.00 |
| 12 | जगमोहन प्रसाद | 43,505.00 | 36 | शाहीद अंसारी | 37,340.00 |
| 13 | सुहैल अहमद | 75,505.00 | 37 | रमेश राम | 20,450.00 |
| 14 | मो0 एहसान | 110,728.00 | 38 | अंजुम प्रवेज | 44,950.00 |
| 15 | सैराज अंसारी | 88,266.00 | 39 | रामचन्द्र साहु (निलय वर्मा) | 50,750.00 |
| 16 | अकबर अंसारी | 19,546.00 | 40 | मो0 वसीम अकरम, | 24,190.00 |
| 17 | हसनैन अली | 35,280.00 | 41 | मो0 वशीरउद्दीन | 40,310.00 |
| 18 | मो0 अमजद अंसारी | 54,848.00 | 42 | जीमल अहमद | 84,100.00 |
| 19 | असलम खान | 65,886.00 | 43 | सउद आलम | 31,680.00 |
| 20 | एनामुल अंसारी | 89,126.00 | 44 | मो0 कलाम अंसारी, | 63,613.00 |
| 21 | वकार सुसूफ | 58,627.00 | 45 | मो0 असलम खान | 66,381.00 |
| 22 | समीमउद्दीन | 40,426.00 | 46 | रामजी प्रसाद | 87,531.00 |
| 23 | मो0 इरफान | 97,046.00 | 47 | शितल साहु | 52,353.00 |
| 24 | धनु साव | 38,080.00 | 48 | मुस्ताक अली | 72,576.00 |

अतः उक्त दुकानदारो को इस सूचना के माध्यम से अंतिम स्मारित करते हुए निदेश दिया जाता है कि सूचना प्रकाशन के 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने दुकान/भू–खण्ड का पूर्ण भुगतान करना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा दुकानो को सील करने की कार्रवाई प्रांरभ कर दी जाएगी। जिसकी जवाबदेही संबंधित दुकानदारो की होगी।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 346515 (Lohardaga) 24-25 (D)

## जिला स्तरीय कुकिंग कॉम्पिटिशन का हुआ आयोजन

# राजकीकृत प्राथमिक विद्यालय को मिला प्रथम पुरस्कार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** निदेशक, झारखण्ड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण, रांची के निदेशानुसार प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कुकिंग कॉम्पिटिशन 2025 का आयोजन आज दिनाँक 15.02.2025 को जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा के नेतृत्व में कस्तूरबा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बालिका, लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीलम आईलीन टोप्पो, जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा, डॉ शम्भू नाथ चौधरी, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, लोहरदगा, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, लोहरदगा, विनय बंधु कच्छप, तृषा पाण्डे, लीगल एडवाइजर, जेईपी, लोहरदगा उपस्थित हुए। प्रतियोगिता में जिले के सभी सात प्रखंडों के रसोइया सह सहायिकाओं द्वारा अपनी पाक कला का प्रदर्शन सीमित संसाधनों से किया गया। उक्त कॉम्पिटिशन का मुख्य उद्देश्य रसोईया सह सहायिकाओं में गुणवत्तापूर्ण भोजन तैयार करने, मोटा अनाज जैसे मिलेट, रागी, मडुवा, कोदो, गोंदली आदि का व्यापक उपयोग, सीमित साधनों में बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने, भोजन बनाने की प्रक्रिया को आनंददायी बनाने, मध्याह्न भोजन के प्रति रसोईया सहायिकाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने, समुदाय की सहभागिता को प्रोत्साहित करना तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य सामग्री के उपयोग हेतु कार्रवाई आदि सुनिश्चित करना है। मध्याह्न भोजन योजना अंतर्गत नवाचार को बढ़ाना है। ताकि छात्रों को पोषक तत्वों से भरपूर भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित किया जा सके। प्रतियोगिता में प्रखण्ड स्तर पर विजेता (प्रथम) और उपविजेता (द्वितीय) प्रतिभागियों सहित कुल 14 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सभी रसोइयों ने सभी आवश्यक सामग्रियों के साथ उक्त कॉम्पिटिशन में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित किया। निर्णायक मंडल में मुख्य असैनिक एवं शल्य चिकित्सा पदाधिकारी (सिविल सर्जन), लोहरदगा, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पदाधिकारी, लोहरदगा, विद्यालय से एक बाल संसद के प्रधानमंत्री,एक स्वच्छता मंत्री और एक पोषण मंत्री थे। जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार है–प्रथम- राजकीकृत प्राथमिक विद्यालय, कुटमु, लोहरदगा (सुमन उराँव और टीम)। द्वितीय - राजकीकृत प्राथमिक विद्यालय, बरवाटोली, सेन्हा (शकुंतला देवी और टीम) विजेता को रु 5000.00 और उपविजेता को रू 2500.00 की प्रोत्साहन राशि, मोमेंटो और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागी रसोईया सह सहायिकाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त प्रतियोगिता में विश्वदीपक झा, जीतेन्द्र मित्तल, कुंदन कुमार, अभिषेक भारती, निधि गुप्ता, धर्मेंद्र प्रसाद सोनी, सीमा शर्मा, त्रिसंध्या प्रजापति, यूसुफ अंसारी,राजेश देवघरिया, राकेश वर्मा, गौतम कुमार, शंकर लोहरा, निशा कुमारी, अनुपमा लकड़ा सहित जिला एमडीएम सेल, सभी प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों के रसोईया सहित शिक्षा कर्मी, पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नाबालिक बच्ची के लापता होने की सूचना पर सनहा दर्ज



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भड़गांव बेड़ा टोली से नाबालिक बच्ची के लापता की सूचना पर सेन्हा थाना में सनहा दर्ज कर पुलिस कारवाई में जुटी गई। पुलिस विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव बेड़ा टोली निवासी प्रदीप उराँव ने 13 फरवरी को आवेदन के माध्यम से थाना प्रभारी अजित कुमार को अवगत कराते हुए बताया था कि 6 फरवरी को मेरी पुत्री गांव में ही शादी समारोह में गई हुई थी। परन्तु वहां से घर नही आई तो अपने स्तर से छानबीन कर खोजने लगा तथा सभी रिश्तेदार में पूछताछ किया परंतु आज तक मेरी पुत्री सोनी कुमारी का कोई सुराग नही मिला। वही थाना प्रभारी को अवगत कराते हुए लापता नाबालिक बच्ची को सकुशल बरामद करने का पिता ने अनुरोध किया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए कहा कि नाबालिक बच्ची का लापता होने से संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ है। जिसके आलोक में पुलिस द्वारा कारवाई किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि लापता बच्ची की सूचना मिलने पर या कहीं दिखाई देने पर स्थानीय पुलिस को सूचित कर अपना सहयोग प्रदान करें।

## नाबालिक के अपहरण एवं दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कुड़ू-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र में नाबालिग के अपहरण एवं दुष्कर्म का मामला में नाबालिग पीड़िता की मां के लिखित आवेदन के आधार पर 14 फरवरी को रांची से नाबालिग पीड़िता को बरामद एवम आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी बरहे चन्हों निवासी के स्व जयराम लोहरा के पुत्र राहुल लोहरा के विरुद्ध पीड़िता का अपहरण एवं दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। कांड संख्या 19/25 धारा 96/65 (1) /351 (2) bns × 4/6 पॉस्को एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेज दिया गया।

## मैट्रिक में 233 विद्यार्थियों ने दिया कुडुख का परीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा शनिवार को हुआ। वही परीक्षा कदाचारमुक्त शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। मैट्रिक परीक्षा आयोजित कराने के लिये प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु व कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। नन्दलाल उच्च विद्यालय अरु प्लस 2 स्थित परीक्षा केंद्र में 171 विद्यार्थियों में से 169 छात्र छात्राओ ने और कन्या मध्य विद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र में 64 विद्यार्थियों ने कुडुख का परीक्षा दिया। वही कुडुख की परीक्षा में शनिवार को दो छात्र अनुपस्थित रहे। केन्र्दधीक्षक सीमा नैंसी लकड़ा ने जानकारी देते हुए कहा कि कदाचारमुक्त शांतिपूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराने के लिये झारखण्ड अधिविद्य परिषद द्वारा प्राप्त गाइड लाइन अनुसार परीक्षा कराया जा रहा है। जिस निमित परीक्षा प्रारम्भ से पूर्व सभी विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र जांच कर परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराया गया। जिसे गुरुवार को कुडुख का परीक्षा समय से प्रारम्भ हुआ। साथ ही बताया कि परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार पर व परीक्षा कक्ष में छात्र छात्राओं का निगरानी के लिये सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। तथा परीक्षा केंद्र के समीप निषेधज्ञा लागू है। वही प्रखंड क्षेत्र के 235 छात्र छात्राओ में से 233 परीक्षा विद्यार्थी उपस्थित रहे। मौके पर दंडाधिकारी कनीय अभियंता राजीव कुमार, शिवशंकर उरांव एवं मेराज अंसारी,सुनीता देवी समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावे एएसआई गोवर्धन तुरी, रामचन्द्र मांझी दल बल के साथ मौजूद थे।

## एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल में होगा लिगल लिट्रेसी क्लब का उद्घाटन, हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा के करमटोली स्थित एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल में 23 फरवरी को लिगल लिट्रेसी क्लब का उद्घाटन ऑनलाइन किया जाएगा। क्लब के गठन को लेकर पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा ने कार्यालय कक्ष में एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य जीपी झा के साथ समीक्षा बैठक की। इस मौके पर सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा, डीएलएसए सचिव श्री राजेश कुमार और पीएलवी गौतम लेनिन मौजूद थे। इस अवसर पर डीएलएसए सचिव राजेश कुमार ने बताया कि 23 फरवरी 2025 को झारखंड राज्य के सभी 74 डीएवी स्कूलों में लिगल लिट्रेसी क्लब का ऑनलाइन उद्घाटन किया जाएगा। जिसके माध्यम से स्कूली बच्चों को कानूनी जानकारी देने का कार्य डीएलएसए के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला में निरंतर कानूनी साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसका लाभ जिले के विभिन्न स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों को मिल रहा है। वहीं एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य जीपी झा ने कहा कि ऑनलाइन उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारी निर्देशानुसार पूरी कर ली जाएगी। साथ ही स्कूल के लिगल लिट्रेसी क्लब के गठन में दिशा निर्देशों का पूरा पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे झारखंड के सभी डीएवी स्कूलों में कानूनी साक्षरता का लाभ मिलेगा।

## स.शि.वि.मंदिर, बड़की चाँपी में स्नेह मिलन समारोह आयोजित कर कक्षा दशम के भैया बहनों को दी विदाई



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपी में स्नेह मिलन समारोह आयोजित कर कक्षा दशम के भैया बहनों को विदाई दी गई। समारोह की शुरुआत भारत माता,ओम और मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर कक्षा दशम के प्री बोर्ड परीक्षा का परिणाम सुनाया गया। समारोह में कक्षा दशम के भैया बहनों ने सभी आचार्य दीदी जी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया साथ ही विद्यालय को प्रभु श्री राम, मां सरस्वती,भारत माता के चित्र व खेल सामग्री भेंट स्वरूप प्रदान किया। प्रधानाचार्य एवं आचार्यों ने भैया बहनों को परीक्षा कीट प्रदान किया। प्रधानाचार्य मनोहर मोदी ने कहा कि आप सभी माध्यमिक शिक्षा पूर्ण कर उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर होंगे। आपके अध्ययन का दायरा बढ़ेगा ऐसे में बड़े ही संयमित तरीके से परिश्रम करने की आवश्यकता है। आपको जो यहां शिक्षा,संस्कार,अनुशासन और जीवन मूल्य बताए गए हैं,उसके अनुसार अपने को तरास कर भविष्य संवारना है। आपके उज्जवल भविष्य की हम शुभकामनाएं देते हैं। कक्षा दसवीं के भैया बहनों ने अपने-अपने अनुभव साझा किया और बताया कि इस विद्यालय में बीते पल स्वर्णिम काल रहे और हम इस अनुभव को आजीवन संजोए रखेंगे। मौके में आचार्य नरेश साहू, लाल गौरी शंकर नाथ शाहदेव, बालेश्वर साहू, रविंद्र कुमार राम, अजय चौरसिया, रोशन शर्मा, आकाश कुमार, सुकेश साहू, आचार्या रूधा देवी, सोनी देवी, कविता देवी, तनु प्रिया, एंजेला तिग्गा, श्वेता प्रजापति एवं सभी भैया बहन उपस्थित थें।

## सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा प्रारम्भ जेएनवी में 193 विद्यार्थियों ने दिया परीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा शनिवार से प्रारम्भ हुआ। वही सीबीएससी बोर्ड की परीक्षा में प्रखंड क्षेत्र स्थित जिला के पीएम नवोदय विद्यालय जोगना स्थित परीक्षा केंद्र में परीक्षा के प्रथम दिन डीएवी लोहरदगा के 194 छात्र छात्रओं में से 193 विद्यार्थोयो ने अंग्रेजी विषय का परीक्षा दिया। वही जेएनवी जोगना के प्रचार्य अवनीश चन्द्र झा ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा द्वारा आयोजित बोर्ड की परीक्षा शनिवार से प्रारम्भ हुआ। जिसमे जेएनवी जोगना को डीएवी लोहरदगा के लिये परीक्षा केंद्र बनाया गया है। साथ ही बताया कि परीक्षा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिये सीबीएससी द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार सभी नियमों का पालन करते हुए परीक्षा आयोजित हो रहा है। जिस निमित मौके पर भ्रमणशील प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी दंडाधिकारी के रूप में डॉ. रोहित कुमार व एसआई अविनाश राम एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# जिला खेल स्टेडियम में सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला क्रिकेट अंडर 19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने पूरे राज्य मे चैम्पियन होने का गौरव प्राप्त किया गया है।अंडर 19 टीम के खिलाड़ियो के सम्मान मे शनिवार को जिला खेल स्टेडियम मे सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि जिले के खिलाड़ियो ने बेहतर प्रदर्शन कर अंडर 19 ग्रुप मे विजेता बना है जिसके लिए सभी खिलाड़ी बधाई के पात्र है।उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र मे भी काफी संभावनाएं है।जिससे बेहतर कैरियर बनाया जा सकता है। कार्यक्रम को जिप अध्यक्ष पूनम देवी व जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने भी संबोधित किया।इसके पूर्व संघ के अध्यक्ष पंकज सिंह, वरीय उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष विष्णु गुप्ता व सुरेंद्र प्रसाद, संयुक्त सचिव प्रकाश कुमार व कमिटी सदस्य शैलेश कुमार ने सभी अतिथियों को पौधा देकर स्वागत किया। स्वागत कर्यक्रम के बाद सभी अतिथियो ने विजेता खिलाड़ियों का माला पहना कर स्वागत किया।इसके बाद झारखंड स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा मिली नगद राशि सभी खिलाड़ियो के बीच वितरण किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष पंकज सिंह व संचालन सचिव अमलेश सिंह ने किया। मौके पर चतरा जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, असीम कुमार बाग, डा चंदन समेत काफी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित थे।



## डॉक्टर इंद्रेश कुमार की जन्मदिन धूमधाम से मनाया जाएगा : मौलाना अशरफी



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच उलेमा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सहसंयोजक मौलाना जिया उल हक अशरफी ने बताया कि अपने मादरे वतन भारत के कोने-कोने में 18 फरवरी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय प्रचारक एवं मार्गदर्शक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच भाई साहब डॉक्टर इंद्रेश कुमार की यौमे पैदाइश धूमधाम से मनाया जाएगा। मालूम हो कि यह प्रोग्राम सद्भावना पखवाड़ा के अंतर्गत मंच मना रहा है और आगे मौलाना अशरफी ने कहा झारखंड में भी इस किस्म का प्रोग्राम जारी रहेगा। जैसा कि आज मार्गदर्शक एमआर एम भाई साहब डॉक्टर इंद्रेश कुमार झारखंड के बोकारो में एवं पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा एवं राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर शाहिद अख्तर का आगमन हुआ है। प्रोग्राम के संदर्भ में बहुत सारी चीज छानकर आएगी जो आवाम के रूबरू किया जाएगा और प्रोग्राम के शक्ल में भी सभी को सुनने पढ़ने देखने को मिलेगा।

## शिशु विद्या मंदिर कुडू में स्नेह मिलन समारोह का हुआ आयोजन

# 10 वीं के विद्यार्थियों के साथ कराटे चैंपियनशिप में विजय छात्राओं को किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुडू में शनिवार को स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया,समारोह का उद्घाटन विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष विकास साहदेव एवं सचिव अनुराधा सिंह, प्रधानाचार्य रूपेश कुमार सिंह एवं सेंसई अमित सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजित कार्यक्रम में 10वी बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले भैया बहनों के साथ अंतर्राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन कर पदक प्राप्त करने वाली बहनों अनुष्का लोहारा, आर्या सिंह, गायत्री कुमारी, रिया कुमारी को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष विकास साहदेव ने छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के साथ खेल के क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर अपने साथ विद्यालय परिवार और परिजनों का नाम रोशन करने का आह्वाहन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे सचिव अनुराधा सिंह ने जीवन में आगे बढ़कर परिश्रम से सफलता अर्जित करने की बात कही, कार्यक्रम को सेंसई अमित सिंह, रूपेश कुमार, पार्वती देवी, पिंकी कुमारी, धनोज महतो आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान विद्यालय के भैया बहनों ने विद्यालय में बिताए खट्टी मीठी यादों को साझा किया। मौके पर मानसी कुमारी, प्रतिमा कुमारी के साथ विद्यालय के भैया बहने कार्यक्रम में शामिल हुवे।

## अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की नामांकन प्रक्रिया हुई पूरी

# चंद्रवंशी समाज आजादी के बाद आज तक उपेक्षित रहा है : निश्चय वर्मा

### पहली बार लोकतान्त्रिक प्रक्रिया से चुनाव होने पर समाज एकजुट बनेगा : राजकुमार वर्मा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा चुनाव संचालन समिति लोहरदगा के पर्यवेक्षक निश्चय वर्मा, राजकुमार वर्मा, शशि वर्मा, संजय वर्मा ने जानकारी देते हुए कहा की आगामी 2 मार्च 2025 को होने वाले महासभा के आम चुनाव में जिला समिति का गठन बैलट पेपर में वोटिंग के माध्यम से होना है जिसके नामांकन के अंतिम दिन दिनांक 15/02/2025 दिन शनिवार तक कुल 6 नामांकन पत्र कार्यालय से क्रय किए गए जिसमें अध्यक्ष पद हेतु 2 महासचिव पद हेतु 2 एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु 2 पत्र खरीदा गया, सभी उम्मीदवारों द्वारा अपना नामांकन पत्र दाखिल किया जा चुका है जिसमें उम्मीदवारों की सूची इस प्रकार है अध्यक्ष पद हेतु राजेंद्र राम वर्मा एवं विकास वर्मा वहीं महासचिव पद हेतु प्रदीप नारायण सिंह एवं अभिषेक कुमार वर्मा उर्फ गुंजन तथा कोषाध्यक्ष पद हेतु श्याम सुंदर वर्मा एवं अमित कुमार वर्मा इन सभी पद हेतु नामांकित उम्मीदवारों के दस्तावेजों की स्क्रुटनी दिनांक 16/02/2025 दिन रविवार को की जानी है इसके उपरांत सभी उम्मीदवारों को उनका चुनाव चिन्ह दिया जाएगा। चुनाव संचालन समिति में राजकुमार वर्मा,निश्चय वर्मा,शशि वर्मा,और संजय वर्मा तथा कार्यालय प्रभारी राजू वर्मा ने विगत 10 फ़रवरी से लगातार चुनाव संचालक के रूप में समाज की एकता निमित्त सराहनीय भूमिका निभा रहे है,इस अवसर पर झारखण्ड प्रदेश युवा चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सह पर्यवेक्षक निश्चय वर्मा ने कहा की लोहरदगा में पहली बार चंद्रवंशी समाज का वैलेट पेपर के माध्यम से लोकतान्त्रिक प्रक्रिया से चुनाव कराया जा रहा है,आजादी के बाद आज तक 75 वर्षों में भी चंद्रवंशी समाज उपेक्षित रहा था लेकिन अब अपनी यह चुनावी ताकत समाज को एकजुट करेगा और आने वाले विधानसभा लोकसभा के अलावा स्थानीय निकाई चुनाव में सक्रिय भागीदारी निभाएगा। इस अवसर पर राजकुमार वर्मा पर्यवेक्षक ने कहा की चंद्रवंशी समाज का लोकतान्त्रिक प्रक्रिया से चुनाव से समाज एकजुट होगा और देश समाज के विकास में सक्रिय सहयोगी बनेगा। ज्ञातव्य हो की वर्ष 1995 ईश्वी को चयनित जिला अध्यक्ष स्वर्गीय त्रिवेणी राम और महासचिव किशोर कुमार वर्मा तथा सरंक्षक मण्डली के रूप में स्वर्गीय इंद्रजीत सिंह, रामोतार वर्मा, सुरेश चंद्र वर्मा, स्वर्गीय बालकिशोर वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, स्वर्गीय मोहन वर्मा, स्वर्गीय कृष्णा वर्मा, जगदीश वर्मा और मुनिन्द्र वर्मा, कनक वर्मा,भोला वर्मा, राजकुमार वर्मा के नेतृत्व में जिला का विकास सर्वोत्तम कार्य किये गए थे,उक्त काल में एक संविधान बनाया गया था जिसमे विधवा विवाह को मान्यता देते हुए भोज कार्यक्रम में भोज देना जरुरी नहीं करार दिया गया था ताकि गरीब को और आर्थिक नुकसान न होने पाए,राजकीय कृत मध्य विद्यालय लोहरदगा में समाज का सम्मलेन किया गया था जिसमे मैट्रिक और इंटर स्नातक इत्यादि में उच्च और टॉपर छात्रों को सम्मानित किया गया था और सबसे महत्वपूर्ण अध्याय था की चंद्रवंशी धर्मशाला की नींव रखी गयी और स्वर्गीय पूर्व झारखण्ड सरकार के मंत्री सधनु भगत द्वारा 5 लाख रुपैया से मुनिन्द्र प्रसाद और कनक वर्मा सहित अन्य द्वारा दिए गए दान भूमि पर यदुवीर चंद्रवंशी क्षत्रिय धर्मशाला का निर्माण उक्त अवधि में किया गया था जो स्वर्णिम काल के रूप में आज इतिहास बन गया है।

## चलते चलते एक नजर

### आयकर विधेयक 2025 की समीक्षा के लिए लोकसभा अध्यक्ष ने प्रवर समिति का किया गठन

**नई दिल्ली :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आयकर विधेयक 2025 की गहन समीक्षा के लिए 31 सदस्यीय प्रवर समिति (सेलेक्ट कमिटी) का गठन किया है। इस समिति का नेतृत्व सांसद बैजयंत पांडा करेंगे। यह समिति विधेयक के विभिन्न प्रावधानों, उनके प्रभाव और संभावित सुधारों का अध्ययन कर अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगी। इस 31 सदस्यीय समिति में विभिन्न दलों के सांसदों को शामिल किया गया है, जिनमें भाजपा, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस एनसीपी, डीएमके सहित अन्य दलों के प्रतिनिधि हैं। इनमें मुख्यतः बैजयंत पांडा (अध्यक्ष), डॉ. निशिकांत दुबे, जगदीश शेट्टार, पीपी चौधरी, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, महुआ मोइत्रा, सुप्रिया सुले, भर्तृहरि महताब, नवीन जिंदल, अनुराग शर्मा, एनके प्रेमचंद्रन और रवींद्र दत्तराम वायकर शामिल हैं। इसके अलावा समिति में सुधीर गुप्ता, अनिल बलूनी, राजू बिस्ता, एटाला राजेंदर, विष्णु दयाल राम, मुकेश कुमार चन्द्रकान्त दलाल, शशांक मणि, बेनी बेहनन, विजयकुमार (विजय वसंत), डॉ अमर सिंह, गोवाल कागडा पदवी, मोहम्मद रकीबुल हुसैन, लालजी वर्मा, अधिवक्ता प्रिया सरोज, डॉ कलानिधि वीरस्वामी, दग्गुमल्ला प्रसाद राव, कौशलेन्द्र कुमार, अरविन्द गणपत सावंत और रिचर्ड वानलालहमंगइहा को शामिल किया गया है। दरअसल, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में आयकर विधेयक 2025 को संसद में पेश किया था और इसे गहन समीक्षा के लिए लोकसभा अध्यक्ष से चयन समिति को भेजने का अनुरोध किया था। समिति को अगले संसदीय सत्र के पहले दिन अपनी रिपोर्ट पेश करनी होगी। इस विधेयक का उद्देश्य वर्तमान आयकर कानून को अधिक सरल, प्रभावी और करदाताओं के लिए अनुकूल बनाना है। सरकार ने बताया कि नया विधेयक मौजूदा कानून से लगभग 50त्न छोटा होगा और इसमें प्रावधानों को अधिक स्पष्ट व संक्षिप्त बनाया जाएगा, जिससे मुकदमेबाजी में कमी आएगी। साथ ही इससे अनुपालन लागत कम होगा और यह कर संबंधी अपराधों के लिए दंड प्रावधानों में संशोधन करेगा। ऐसे में नई गठित समिति इस विधेयक पर विस्तृत विचार-विमर्श कर अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगी, जिसके आधार पर सरकार आवश्यक संशोधन कर सकती है। कैबिनेट की अंतिम स्वीकृति के बाद संशोधित विधेयक संसद में पारित करने के लिए पेश किया जाएगा।

### इजराइल की घोषणा, हमास आज तीन बंधकों को छोड़ेगा

**तेल अवीव :** इजराइल ने गाजा पट्टी में आज आतंकवादी समूह हमास के जरिये फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद की कैद से रिहा किए जाने वाले तीन बंधकों के नामों की घोषणा की। ये हैं-अमेरिकी-इजराइली सागुई डेकेल-चेन (बाएं), रूसी-इजराइली एलेक्जेंडर ट्रूफानोव (मध्य) और अर्जेंटीनाई इजराइली आयर हॉर्न (दाएं)। तीनों को सात अक्टूबर, 2023 को अगवा किया गया था। यह रिहाई पिछले महीने इजराइल और हमास के बीच हुए संघर्ष विराम और बंधकों की अदला-बदली समझौते के तहत होगी। फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद ने कैद में उनके कई वीडियो जारी किए हैं। सीएनएन की खबर के अनुसार, इजराइल ने कहा कि फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद अमेरिकी-इजराइली सागुई डेकेल-चेन, रूसी-इजराइली एलेक्जेंडर ट्रोफानोव और अर्जेंटीनाई इजराइली आयर हॉर्न को रिहा करेगा। हमास के कैदी मीडिया कार्यालय ने कहा कि उसे उम्मीद है कि इसके बाद इजराइल 369 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। यह ताजा घोषणा इस सप्ताह गाजा संघर्ष विराम समझौते पर हमास और इजराइल के बीच विवाद के बाद आई है।

# वैश्विक मछली उत्पादन में 8 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ भारत दूसरा सबसे बड़ा मत्स्य उत्पादक देश

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** वैश्विक मछली उत्पादन में लगभग 8 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ भारत दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश है। पिछले दो दशकों में भारत मत्स्य पालन क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि और परिवर्तन का साक्षी बना है। तकनीकी प्रगति से लेकर नीतिगत सुधारों तक 2004 से 2024 की अवधि में ऐसी उपलब्धियां रही हैं, जिन्होंने वैश्विक मत्स्य पालन और जलीय कृषि में भारत की स्थिति को मजबूत किया है। केंद्रीय बजट 2025-26 में मत्स्य पालन क्षेत्र के लिए 2,703.67 करोड़ रुपये का अब तक का सबसे अधिक कुल वार्षिक बजटीय समर्थन प्रस्तावित किया गया है। यह जलीय कृषि और समुद्री खाद्य निर्यात में अग्रणी के रूप में भारत की उपलब्धि का प्रमाण है। केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अनुसार 2025-26 के बजट की घोषणा रणनीतिक रूप से वित्तीय समावेशन को बढ़ाने, सीमा शुल्क को कम करते हुए किसानों पर वित्तीय बोझ को कम करने और समुद्री मत्स्य पालन के विकास को आगे बढ़ाने पर केंद्रित है। इसके अतिरिक्त, बजट 2025-26 में विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) और खुले समुद्र से मत्स्य पालन के सतत दोहन के लिए एक रूपरेखा को सक्षम करने पर प्रकाश डाला गया है। इसमें लक्षद्वीप और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पर विशेष ध्यान दिया गया है। इससे समुद्री क्षेत्र में विकास के लिए भारतीय ईईजेड और आसपास के खुले



समुद्र में समुद्री मछली संसाधनों की अप्रयुक्त क्षमता का सतत दोहन सुनिश्चित होगा। भारत सरकार ने मछुआरों, किसानों, प्रसंस्करणकर्ताओं और अन्य मत्स्य पालन हितधारकों के लिए ऋण सुलभता बढ़ाने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण सीमा को 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया है। इस पहल का उद्देश्य वित्तीय संसाधनों के प्रवाह को सुव्यवस्थित करना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि क्षेत्र की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक धन आसानी से उपलब्ध हो।

देश में मछली उत्पादन 2013-14 में 95.79 लाख टन और 2003-04 में 63.99 लाख टन से बढ़कर 2023-24 में 184.02 लाख टन हो गया, जो 10 वर्षों (2014-24) में 88.23 लाख टन की वृद्धि दर्शाता है जबकि 2004-14 में 31.80 लाख टन की वृद्धि हुई थी। अंतर्देशीय और जलीय कृषि मछली उत्पादन में 2004-14 में 26.78 लाख टन के मुकाबले 2014-24 में 77.71 लाख टन की जबरदस्त वृद्धि हुई। समुद्री मछली उत्पादन 5.02 लाख टन (2014-24) से दोगुना होकर 10.52 लाख टन (2004-14) हो गया। समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) की रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान भारत ने 60,523.89 करोड़ रुपये मूल्य के 17,81,602 मीट्रिक टन समुद्री खाद्य पदार्थ का निर्यात किया।

### पोप फ्रांसिस अस्वस्थ अस्पताल ले जाया गया सभी कार्यक्रम रद्द

**वेटिकन सिटी :** पोप फ्रांसिस अस्वस्थ हैं। उन्हें वेटिकन सिटी के पॉलीक्लिनिको एगोस्टिनो जेमेली में भर्ती कराया गया है। प्रारंभिक चिकित्सीय जांच में पुष्टि हुई कि बुखार पीड़ित पोप फ्रांसिस के श्वसन तंत्र में संक्रमण है। उनका इलाज शुरू कर दिया गया है। यह जानकारी वेटिकन ने दी। वेटिकन के अनुसार, 14 फरवरी को पोप फ्रांसिस के अस्पताल में भर्ती होने के बाद 15 फरवरी को जयंती समारोह रद्द कर दिया गया। 16 फरवरी को जयंती अवसर के पवित्र मास की अध्यक्षता संस्कृति और शिक्षा विभाग के प्रीफेक्ट कार्डिनल जोस टॉलेन्टिनो डी मेंडोंका करेंगे। सिनेसिटा में पोप फ्रांसिस के साथ 17 फरवरी को होने वाली कलाकारों की बैठक को भी रद्द कर दिया गया है।

## केजरीवाल को भ्रष्टाचार की सजा मिलेगी : विजेंद्र

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** रोहिणी के नवनिर्वाचित भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के शीशमहल के केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के जांच के आदेश की सराहना की है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को भ्रष्टाचार की सजा मिलेगी। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने उनकी पिछली दो शिकायतों का संज्ञान लिया और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी। इसके आधार पर दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग को छह फ्लैग स्टाफ रोड बंगले के विस्तार के लिए संपत्तियों के कथित विलय और इसके अंदरूनी हिस्से पर किए गए खर्च की विस्तृत जांच करने का निर्देश दिया है। सीवीसी द्वारा छह फ्लैग स्टाफ बंगले के



नवीनीकरण की जांच के आदेश पर विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि शीश महल (आआपा ) और अरविंद केजरीवाल का भ्रष्टाचार अब खुलकर सामने आ गया है। सीवीसी ने तथ्यों के आधार पर संज्ञान लिया है। गुप्ता ने कहा कि पिछले साल 14 और 21 अक्टूबर को सीवीसी को दो पत्र लिखे गए थे। सीवीसी को पत्र में लिखा था कि शीश महल का क्षेत्रफल मूल रूप से 10 हजार गज से कम था लेकिन बगल के बंगलों और आठ टाइप-पांच फ्लैटों को खाली करा लिया गया और इसमें 50 हजार गज के करीब विलय कर दिया गया। इसका निर्माण अवैध है। उन्होंने आगे लिखा कि करोड़ों रुपये की बेहिसाब विलासिता की वस्तुएं स्थापित की गईं। दोनों पत्रों के आधार पर सीवीसी ने सीपीडब्ल्यूडी से एक तथ्यात्मक रिपोर्ट देने को कहा है।

## कांग्रेस ने डॉक्टर-इंजीनियर बनाने का दावा करने वाले कोंचिग सेटरों को लेकर सरकार पर निशाना साधा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने देश में डॉक्टर-इंजीनियर बनाने का दावा करने वाले कोंचिग सेंटरों द्वारा मोटी रकम वसूलने के बाद अचानक बंद होने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इसके कारण विद्यार्थियों की आत्महत्या दर में वृद्धि हुई है। उन्होंने दावा किया कि देश में आज किसानों से भी अधिक युवा आत्महत्या कर रहे हैं। कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार देश में शिक्षण संस्थानों का स्तर गिरा रही है। यह जानबूझकर निजी कोचिंग सेंटरों की मदद करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा बाजार या मुनाफे की वस्तु नहीं हैं। सरकारी स्कूलों की पढ़ाई का स्तर गिरने की वजह से



निजी संस्थानों की देश में बाढ़ आ गई है। शिक्षा को बेचने का काम हो रहा है। कोंचिग सेंटर विद्यार्थियों से कोर्स के लिए मोटी फीस लेकर अचानक बंद हो रहे हैं। इससे विद्यार्थियों का भविष्य खतरे में पड़ रहा है। सरकार को ऐसे कोंचिग सेंटरों पर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सौ सीट के लिए एक करोड़ विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। रोजगार दिलाने के नाम पर कोंचिग सेंटर बनाए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि 45 सालों में देश में सबसे ज्याद बेरोजगारी है। पीएचडी करके भी लोगों को नौकरी नहीं मिल रही है। सरकार और बाजार व्यवस्था के बीच देश का भविष्य पिस रहा है। कन्हैया कुमार ने सरकार से सरकारी संस्थानों को बेहतर करने, कोंचिग सेंटरों को कोर्स पूरा करने और सरकारी विभागों में खाली पदों को जल्द भरने की मांग की है।

# हमारा शहर बड़े शहरों का ले रहा है रूप : अरुणा शंकर

### एम बाजार का 190 वां ब्रांच का हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रेडमा स्थित बीएनटी कॉम्प्लेक्स में एम बाजार का उद्घाटन करते हुए कहा कि हमारा शहर तेजी से बड़े शहरों का रूप ले रहा है। जहां हम लोगों को पहले हर अच्छी चीज रांची के बाजार में मिला करती थी।

आज मेरे मेदनीनगर शहर में सुलभ है और यह सब हमारे स्थानीय व्यवसायों एवं ग्रहको की देन है।मैं इस शानदार बाजार को खोले जाने पर इस संस्था के स्थानीय व्यवस्थापक संजीव गुप्ता को बधाई देती हूं। प्रथम महापौर ने कहा कि मेदिनीनगर में खुला एम बाजार



झारखंड का 11 वां और भारत का 190 वा ब्रांच है।

जिसके मालिक संजीव सराफ कोलकता है। इस तरह के बाजार खुलने से मध्यम परिवार के लोग भी अच्छी क्वालिटी के ब्रांडेड कपड़े कम दामों में अपनी इच्छा अनुसार ले पा रहे हैं। इस उद्घाटन के अवसर पर जितेंद्र तिवारी किसान मोर्चा अध्यक्ष भाजपा, अमित तिवारी भाजपा अध्यक्ष, विजयानंद पाठक पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, अभिमन्यु तिवारी, विश्वजीत पाठक, सुनील गुप्ता एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री ने संत सेवालाल महाराज को उनकी जयंती पर नमन किया

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पूज्य संत सेवालाल महाराज को उनकी जयंती पर नमन करते हुए कहा कि उनके सद्विचार एक न्यायप्रिय, सौहार्दपूर्ण और मानवता की सेवा में समर्पित समाज के निर्माण के लिए सदैव मार्गदर्शन देते रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने सेवालाल महाराज की समाधि के दर्शन करते हुए अपनी एक पुरानी तस्वीर एक्स पर साझा करते हुए लिखा, पूज्य संत श्री सेवालाल महाराज जी की जयंती पर उन्हें मेरा शत-शत नमन। उन्होंने अपना पूरा जीवन गरीबों और वंचितों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। अपनी पूरी क्षमता के साथ उन्होंने निरंतर सामाजिक अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी। समानता, सद्भावना, भक्ति और निःस्वार्थ सेवा के मूल्यों के प्रति भी महाराज जी का सदैव समर्पण रहा। उनके संदेशों ने समाज की हर पीढ़ी को संवेदनशील और करुणामयी जीवन के लिए प्रेरित किया है।

## यूएन शांति मिशन में कार्यकाल पूरा कर स्वदेश लौट रहे नेपाली सेना के मेजर जनरल पर लेबनान में जानलेवा हमला

**एजेंसी**

**काठमांडू :** संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में लेबनान में कार्यरत नेपाली सेना के मेजर जनरल चोक बहादुर ढकाल अपना दो वर्षों का कार्यकाल पूरा कर वापस लौट रहे थे, इस दौरान बेरुत के पास उनपर हिजबुल्लाह के आतंकियों ने जानलेवा हमला किया। शुक्रवार मध्य रात्रि संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन से विदाई के बाद विमान स्थल लौटने के क्रम में मेजर जनरल पर यह जानलेवा हमला हुआ है।

इस बारे में शनिवार को नेपाली सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर गौरव केसी ने बताया कि बेरुत विमानस्थल पर पहुंचने से थोड़ी देर पहले ही मेजर कार्ला के काफिले को रोक कर उसमें आगजनी की गई। सैन्य प्रवक्ता केसी के मुताबिक सुरक्षा दस्ते और स्कार्टिंग के साथ विमानस्थल पहुंचने से पहले ही सैकड़ों की संख्या में हिज्बुल्लाह के आतंकियों ने मेजर जनरल ढकाल



की गाड़ी को रोक कर उसमें आगजनी कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि आगजनी के दौरान गाड़ी से सुरक्षित निकले मेजर जनरल को आतंकियों ने पकड़ कर उन पर धारदार हथियारों से हमला किया, जिससे वे बुरी तरह जख्मी हो गए हैं। लेबनान सेना के हस्तक्षेप के बाद नेपाल सेना के मेजर जनरल को आतंकियों के चंगुल से छुड़ाया जा सका और इस समय बेरुत के लेवल श्री अस्पताल में उनका उपचार किया जा रहा है। उनकी सुरक्षा में तैनात संयुक्त राष्ट्र शांति सेना के करीब आधा दर्जन सैनिक भी सामान्य रूप से घायल हुए हैं। नेपाली सेना की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक मेजर जनरल ढकाल 22 दिसंबर 2022 से संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन में लेबनान में कार्यरत थे। अपना दो वर्षों का कार्यकाल पूरा कर लेने के बाद शुक्रवार शाम उनकी औपचारिक विदाई हुई जिसके बाद वे अपने दफ्तर से सुरक्षा दस्ता सहित विमानस्थल जा रहे थे, जहां से उन्हें नेपाल वापस आना था।

## पाकिस्तान में जस्टिस डोगर की ताजा नियुक्ति के खिलाफ जजों और वकीलों ने मोर्चा खोला



**एजेंसी**

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में जजों और वकीलों ने जस्टिस सरदार मोहम्मद सरफराज डोगर की नई नियुक्ति के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने जस्टिस डोगर को कल इस्लामाबाद हाई कोर्ट (आईएचसी) के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। इससे पहले वो लाहौर हाई कोर्ट में जज थे। डान समाचार पत्र के अनुसार, आईएचसी के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश डोगर के शपथ ग्रहण समारोह का साथी जजों ने बहिष्कार किया। यही नहीं संघीय राजधानी के वकीलों के संगठन ने भी शपथ ग्रहण समारोह से दूरी बनाए रखी। वकीलों के संगठन ने कहा कि जस्टिस डोगर की नियुक्ति उन्हें अस्वीकार्य है। शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का निमंत्रण मिलने के बावजूद इस्लामाबाद हाई कोर्ट के पांच जस्टिस नहीं पहुंचे। इनमें जस्टिस मोहसिन अख्तर कयानी, जस्टिस तारिक महमूद जहांगीरी, जस्टिस बाबर सत्तार, जस्टिस सरदार इजाज इशाक खान और जस्टिस समन रफत इम्तियाज शामिल हैं। दिलचस्प यह है कि जस्टिस कयानी ने राष्ट्रपति भवन से कुछ दूरी पर शीर्ष अदालत की इमारत में आयोजित सुप्रीम कोर्ट के नए न्यायाधीशों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उनसे एक पत्रकार ने यहां पूछा कि क्या वह अपने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे, तो उन्होंने जवाब दिया कि ÷मैं यहां सहज हूं। जस्टिस जहांगीरी शपथ ग्रहण समारोह में जाने के बजाय इस्लामाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। जस्टिस कयानी की पदोन्नति न होने पर कुछ जजों ने पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश याह्या अफरीदी को एक पत्र भेजा है। जस्टिस कयानी ने इससे पहले ही नई वरिष्ठता सूची का विरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस अफरीदी और तत्कालीन आईएचसी मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी।

### त्रिपुरा के सीएम ने पीएम को माता त्रिपुरेश्वरी मंदिर परिसर के उद्घाटन के लिए किया आमंत्रित

**नई दिल्ली :** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की और त्रिपुरा में पुनर्विकसित माता त्रिपुरेश्वरी मंदिर परिसर के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री साहा ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी से लोक कल्याण मार्ग, नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर मिलकर बहुत खुशी हुई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को त्रिपुरा के लोगों की ओर से त्रिपुरा में पुनर्विकसित माता त्रिपुरेश्वरी मंदिर परिसर का उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को फ्रांस और अमेरिका की सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही हाल ही में दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के लिए प्रधानमंत्री को बधाई दी।

## भारत और श्रीलंका ने महत्वपूर्ण खनिजों, खोज और खनन क्षेत्र में संबंधों को मजबूत किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केंद्रीय कोयला और खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने आज यहां शास्त्री भवन में श्रीलंका सरकार के उद्योग और उद्यमिता विकास मंत्री सुनील हंडुनेट्टी के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। चर्चा में खनिज अन्वेषण और खनन में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया, विशेष रूप से दोनों देशों के आर्थिक और औद्योगिक विकास के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण खनिजों को सुरक्षित करने पर। श्रीलंका के विशाल ग्रेफाइट और समुद्र तट रेत खनिज संसाधनों पर मुख्य ध्यान दिया गया, जो स्वच्छ ऊर्जा, उन्नत बैटरी प्रौद्योगिकियों और उच्च तकनीक उद्योगों की ओर वैश्विक बदलाव का समर्थन करने की अपार क्षमता रखते हैं। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने श्रीलंका में भारतीय कंपनियों के लिए खनिज अन्वेषण और खनन अवसरों में सहयोग को मजबूत करने के महत्व को स्वीकार किया। दुबे ने इस बात पर




जोर दिया कि भारत के राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन का उद्देश्य देश के महत्वाकांक्षी अक्षय ऊर्जा लक्ष्य को पूरा करने के लिए लिथियम, ग्रेफाइट, निकल, कोबाल्ट और तांबे जैसे आवश्यक कच्चे माल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करना है।

उन्होंने कहा कि भारत महत्वपूर्ण खनिजों के लिए खनन अधिकार देने, अंतरराष्ट्रीय साझेदारी बनाने और भारतीय कंपनियों को वैश्विक स्तर पर खनिज संपत्ति हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। दोनों पक्षों ने इन क्षेत्रों में अन्वेषण के अवसरों, तकनीकी सहयोग और निवेश की संभावनाओं पर गहन चर्चा की। सरकार-से-सरकार (जी टू जी) आधार पर खनिज अन्वेषण की संभावना पर भी चर्चा की गई, जिसमें भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने श्रीलंका में खनिज आकलन करने में अपनी रुचि व्यक्त की।

इसके अतिरिक्त, श्रीलंका ने भारत से भारतीय कंपनियों को अपने समुद्र तट की रेत और ग्रेफाइट संसाधनों के अन्वेषण और विकास में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया। भारत के खान मंत्रालय और श्रीलंका के भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और खान ब्यूरो के बीच ÷भूविज्ञान और खनिज संसाधनों के क्षेत्र में सहयोग÷ पर समझौता ज्ञापन (एमओयू) को अंतिम रूप देने पर भी चर्चा की गई। दुबे ने विश्वास व्यक्त किया कि यह समझौता ज्ञापन एक बार संपन्न होने के बाद क्षमता निर्माण, खनन अन्वेषण और उन्नत खनिज प्रसंस्करण में सहयोग को गहरा करने के लिए एक मजबूत ढांचा प्रदान करेगा। उन्होंने कौशल विकास, ज्ञान के आदान-प्रदान और तकनीकी और वित्तीय सहायता के माध्यम से अपने खनन उद्योग के आधुनिकीकरण में श्रीलंका का समर्थन करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। इस अवसर पर दुबे ने कहा कि भारत और श्रीलंका एक दीर्घकालिक साझेदारी साझा करते हैं और खनन क्षेत्र में हमारा सहयोग हमारे आर्थिक संबंधों को और मजबूत करेगा।